kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-35 | सोमवार, 03 मार्च 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

हम एक ऐसे खतरनाक दौर में जी रहे हैं जहां राष्ट्रीय हित को नजरंदाज कर राष्ट्र विरोधी कथानक बनाये जा रहे हैं। हम ऐसे हालातों का सामना कर रहे हैं, जहां राष्ट्रीय हित को दरकिनार कर दिया जाता है।



जगदीप धनखड़

लॉजिस्टिक लागत में कटौती करना सरकार का लक्ष्यः प्रल्हाद जोशी 11

अत्याधुनिक हथियारों के साथ गैंगस्टर हरदीप गिरफ्तार 12

## संक्षेप

### इकाना पर 28 करोड़ गृह कर बकाया

**लखनऊ।** इकाना स्टेडियम प्रबंधन की ओर से 28 करोड़ रुपये से भी अधिक बकाया गृह कर जमा न करने पर नगर निगम ने खेल मंत्रालय और बीसीसीआई से मदद मांगी है। इस संबंध में दोनों को मेल भेजा है। बकाया गृह कर जमा करने के लिए इकाना स्टेडियम प्रबंधन को निर्देशित करने के लिए दोनों से अनुरोध किया है। नगर निगम ने इकाना स्टेडियम पर 28.42 करोड़ रुपये का गृह कर लगाया था। इस पर स्टेडियम प्रबंधन ने स्टेडियम का हवाला देते हुए गृह कर लगाए जाने का विरोध करते हुए आपत्ति दर्ज कराई थी, जिसे नगर निगम ने खारिज कर दिया। उसके बाद शनिवार को नगर निगम के जोन-4 के जोनल अधिकारी ने स्टेडियम प्रबंधन को गृह कर जमा करने के लिए फाइनल नोटिस भेजा। टैक्स जमा करने को लेकर इकाना स्टेडियम प्रबंधन की ओर से की जा रही हीलाहवाली को देखते हुए अब जोनल अधिकारी ने टैक्स वसूली के लिए सचिव, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली और अध्यक्ष, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को मेल भेज कर मदद मांगी है। पत्र में बकाया टैक्स की राशि का उल्लेख किया गया है। दोनों से अनुरोध किया गया है कि स्टेडियम प्रबंधक या संबंधित अधिकारी को उक्त बकाया राशि जमा करवाने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश जारी करें।

### घर में पहजी जीत दर्ज करने उतरेगी यूपी वारियर्ज

**लखनऊ।** कप्तान दीप्ति शर्मा के नेतृत्व में यूपी वारियर्ज सोमवार को घरेलू मैदान अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में पहली जीत की तलाश में उतरेगी। साथ ही स्थानीय दर्शकों के समर्थन के बीच मेजबान टीम धमाकेदार प्रदर्शन कर गुजरात जायंट्स से मिली हार का हिसाब भी यहां बराबर करने को बेताब होगी। दोनों टीमों के मुकाबले के लिए इकाना स्टेडियम में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। घरेलू मैदान होने कारण यहां दीप्ति पर शानदार प्रदर्शन का दबाव होगा। बीती 16 फरवरी को वडोदरा में गुजरात जायंट्स ने यूपी वारियर्ज को छह विकेट से हराया था। ऐसे में यूपी वारियर्ज के पास हिसाब चुकाने का बेहतरीन मौका है। इकाना स्टेडियम पर यूपी वारियर्ज के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन बेहतर न होने के चलते टीम बड़े स्कोर तक नहीं पहुंच पा रही है। निचले क्रम के बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन से टीम को थोड़ी राहत जरूर मिली है।

### विपक्ष के फैलाए जातीय विद्वेष को दूर करें शिक्षकः धर्मपाल

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि समाज को दिशा देने वाला शिक्षक वर्ग बड़ी संख्या में भाजपा के साथ जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विपक्ष जाति और धर्म की राजनीति कर समाज में भेद और विद्वेष पैदा करने की लगातार कोशिशें कर रहा है।

# भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में लगाई जीत की हैट्रिक

## वरूण का पंजा मैट पर भारी, भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराया

एजेंसी

दुबई। श्रेयस अय्यर (79), हार्दिक पंड्या (45) और अक्षर पटेल (42) की शानदार पारियों के बाद वरूण चक्रवर्ती (पांच विकेट) और अन्य के बेहतरीन स्पिन आक्रमण की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के 12वें मुकाबले में 44 रनों से हराकर अपना विजय क्रम जारी रखा।

अब भारतीय टीम को अपना सेमीफाइनल 4 मार्च को दुबई में ही खेलना है। यह मुकाबला ग्रुप-बी में दूसरे नंबर पर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ होगा। जबकि चैम्पियंस ट्रॉफी का दूसरा सेमीफाइनल 5 मार्च को लाहौर में होगा. इस मैच में न्यूजीलैंड की टक्कर साउथ अफ्रीका से होगी।




250 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 49 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। रचिन रविंद्र (छह) को हार्दिक ने आउट किया। उसके बाद 12वें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने विल यंग (22) को चलता कर दिया। इसके बाद केन विलियमसन और डैरिल मिचेल ने पारी को संभालने का प्रयास किया। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 44 रनों की साझेदारी हुई। 26वें ओवर की पहली गेंद कुलदीप यादव ने डैरिल मिचेल (17) को पगबाधा कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। इसके बाद तो भारतीय स्पिन गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर अपना शिकंजा कस लिया। भारतीय स्पिन आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सका। टॉम लेथम (14), ग्लेन फिलिप्स (12) और माइकल ब्रेसवेल को वरूण चक्रवर्ती ने पगबाधा आउट किया। 41वें ओवर में अक्षर पटेल ने एक छोर थामे रन बटोर कर शतक की ओर बढ़ रहे केन विलियमसन को केएल राहुल के हाथों स्टंप कराकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। केन विलियमसन ने 120 गेंदों में सात चौकों की मदद से (81) रनों की पारी खेली। अपनी टीम को जीत की ओर ले जाने का प्रयास कर रहे कप्तान मिचेल सैंटनर (28) को वरूण ने 45वें ओवर में बोल्ड कर न्यूजीलैंड की जीत की उम्मीद को खत्म कर दिया। इसी ओवर में मैट हेनरी (दो) भी वरूण का शिकार बने। इसके बाद कुलदीप यादव ने विलियम ओरूर्क (एक) को बोल्ड कर न्यूजीलैंड की पारी को 45.3 ओवर में 205 रन पर समेट कर मैच भारत की झोली में डाल दिया।

भारत की ओर से वरूण चक्रवर्ती ने तीन विकेट लिये।कुलदीप यादव को दो विकेट मिले। हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहाँ न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में शुभमन गिल (दो) का विकेट गवां दिया। उन्हें मैट हेनरी ने पगबाधा आउट किया। छठें ओवर में काइल जेमीसन ने कप्तान रोहित शर्मा (15) को विल यंग के हाथों कैच आउट कराकर भारत को दूसरा झटका दिया। इसके बाद मैट हेनरी ने विराट कोहली (11) को फिलिप्स के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। 30 के स्कोर पर तीन विकेट गवां चुकी भारतीय टीम को श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल की जोड़ी ने संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 98 रनों की साझेदारी हुई। 30वें ओवर में रचिन रविंद्र ने अक्षर पटेल को आउट कर न्यूजीलैंड को चौथी सफलता दिलाई। अक्षर पटेल ने 61 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (42) रनों की पारी खेली। अच्छी बल्लेबाजी कर ● शेष पेज 11 पर

# मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**राजनीति**

- भाई आनंद और रामजी गौतम बने नेशनल कोओर्डिनेटर
- ससुर अशोक ने आकाश के राजनीतिक कैरियर को खराब कियाः मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी के राज्य कार्यालय में रविवार को बसपा प्रमुख मायावती ने बैठक में बड़ा फैसला लिया। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया । उनकी जगह पर अपने भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को पार्टी का राष्ट्रीय कोओर्डिनेटर बनाया गया है। इनके जिम्मेदारियों के बारे में भी बताया गया।

मायावती ने अपने बयान में कहा कि आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया गया है। आकाश आनंद को हटाने के पीछे इसकी सारी जिम्मेवारी उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ की है। अशोक ने पार्टी के नुकसान पहुंचाने के साथ ही साथ आकाश के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है। आकाश के स्थान पर उनके छोटे भाई आनंद कुमार ही पार्टी का सभी कार्य करते रहेंगे। आनंद पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ ही साथ राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर भी बनाया गया है। उनका पूरा सहयोग करने के लिए रामजी गौतम को भी नेशनल कोओर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी है। इन दोनों में से आनंद कुमार का प्रमुख कार्य दिल्ली में अधिक रहकर पार्टी का पूरा पेपर वर्क अन्य जरूरी कार्य देखेना होगा। साथ ही पूरे देश में अपना सम्पर्क बनाकर रखेंगे। वहीं रामजी गौतम पूरे देश और हर राज्यों में जाकर पार्टी की प्रगति रिपोर्ट लेंगे। पार्टी के जनाधार को भी बढ़ाने के लिए उनके द्वारा दिए गये निर्देशों का पालन कराएंगे।

पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में पार्टी से जुड़े कई राज्यों के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान मायावती ने पिछले दिनों हुई पार्टी की बैठक में लिए गये निर्णय और कार्यां की प्रगति रिपोर्ट पर समीक्षा की। बसपा प्रमुख ने कहा कि यूपी में खासकर बहुजन समाज के करोड़ो लोगों के समुचित एवं समग्र विकास के बिना यूपी ही नहीं बल्कि देश भी सही से तरक्की नहीं कर सकता है। इसलिए सरकार को राजनीतिक, साम्प्रदायिक द्वेष व पक्षपात आदि से ऊपर उठकर पूरे संवैधानिक दायित्व के साथ जनहित व जनकल्याण के लिए कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और जिन राज्यों में चल रही भाजपा की सरकार की कथनी और करनी में अंतर हैं। महाकुंभ का जिक्र करते हुए कहा कि अगर अव्यवस्था, हादसा व हताहत मुक्त होकर यूपी सरकार के दावे के अनुसार होता ● शेष पेज 11 पर

# वोटर कार्ड के एक जैसे नंबर का मतलब यह नहीं मतदाता फर्जीः निर्वाचन आयोग

एजेंसी

नई दिल्ली। दो अलग-अलग राज्यों में मतदाताओं को एक जैसे मतदाता पहचानपत्र नंबर जारी किए जाने की खबरों के बीच, निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि एक जैसे नंबर का मतलब यह नहीं कि वे फर्जी मतदाता हैं। निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा कि कुछ मतदाताओं के मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबर ''समान हो सकते हैं'', लेकिन जनसांख्यिकीय विवरण, विधानसभा क्षेत्र और मतदान केंद्र सहित अन्य विवरण अलग-अलग हैं।

इसने कहा, ''ईपीआईसी नंबर चाहे जो भी हो, कोई भी मतदाता अपने राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर ही वोट डाल सकता है, जहां वह मतदाता सूची में पंजीकृत है। इसके अलावा वह कहीं और मतदान नहीं कर सकता। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि सभी राज्यों के मतदाता सूची डेटाबेस को




'ईआरओएनईटी' मंच पर डालने से पहले ''विकेन्द्रीकृत और मैन्युअल प्रक्रिया'' का पालन किए जाने के कारण विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुछ मतदाताओं को समान ईपीआईसी संख्या आवंटित की गई थी। निर्वाचन आयोग ने बताया कि इसके परिणामस्वरूप कुछ राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी एक ही ईपीआईसी अक्षरांकीय श्रृंखला का उपयोग कर रहे हैं और विभिन्न राज्यों में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को एक जैसे ईपीआईसी नंबर आवंटित किए जाने की गुंजाइश है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के ● शेष पेज 11 पर

## मादक पदार्थ तस्करों को दंडित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही मोदी सरकार : शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार उन मादक पदार्थ तस्करों को दंडित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है, जो पैसे के लालच में युवाओं को नशे की अंधेरी खाई में धकेल रहे हैं।

शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ''नशा मुक्त भारत'' बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में शाह के हवाले से कहा गया है कि रणनीति के साथ की गई गहन व पूर्ण जांच के परिणामस्वरूप, भारत में 12 विभिन्न मामलों में अदालतों ने 29 मादक पदार्थ तस्करों को दोषी ठहराया है। मोदी सरकार की मादक पदार्थों के खिलाफ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति के तहत, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। विज्ञप्ति में कहा गया है, ये दोषसिद्धियां अदालतों में दायर मामलों में सफल अभियोजन सुनिश्चित करने के लिए एनसीबी के समर्पण का उदाहरण हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि शाह के ● शेष पेज 11 पर

# सेबी की पूर्व प्रमुख माधबी बुच पर एफआईआर के आदेश

## कथित धोखाधड़ी और रेगुलेटरी उल्लंघन का आरोप

एजेंसी

नई दिल्ली। मुंबई की एक अदालत ने एंटी करप्शन ब्यूरो को सेबी की पूर्व प्रमुख माधबी पुरी बुच और पांच अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। अदालत का यह आदेश शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और नियामकीय उल्लंघन के आरोप से जुड़ा है। बता दें कि हाल ही में माधबी पुरी बुच का बतौर सेबी चेयरपर्सन कार्यकाल खत्म हुआ है। अब सेबी की कमान तुहिन कांत पांडे के हाथों में है।

स्पेशल एंटी करप्शन ब्यूरो कोर्ट के न्यायाधीश शशिकांत एकनाथराव बांगर ने शनिवार को पारित आदेश में कहा- प्रथम दृष्टया सेबी की चूक और मिलीभगत के सबूत हैं। इसके लिए निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। कोर्ट ने कहा कि वह जांच की निगरानी करेगी। इसके साथ ही अदालत ने 30 दिनों के भीतर मामले की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट के आदेश में यह भी



कहा गया कि आरोप एक संज्ञेय अपराध का खुलासा करते हैं। कानून प्रवर्तन (एजेंसियों) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा निष्क्रियता के कारण सीआरपीसी (आपराधिक प्रक्रिया संहिता) के प्रावधानों के तहत न्यायिक हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है। बता दें कि शिकायतकर्ता एक मीडियाकर्मी है और इसने प्रस्तावित आरोपियों द्वारा किए गए कथित अपराधों की जांच की मांग की थी।

कोर्ट को दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि सेबी की माधबी बुच समेत अन्य अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी, नियामक उल्लंघन और भ्रष्टाचार किए हैं। शिकायतकर्ता ने एक कंपनी की लिस्टिंग को लेकर सवाल खड़े किए हैं। इसका दावा है कि सेबी अधिकारी अपने वैधानिक कर्तव्य में विफल रहे और बाजार में हेरफ़ेर की सुविधा दी। इन्होंने निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाली कंपनी की शेयर बाजार में लिस्टिंग की अनुमति दी। शिकायतकर्ता का दावा है कि इस मामले में कई बार संबंधित पुलिस स्टेशन और नियामक निकायों से संपर्क करने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट ने मामले पर विचार करने के बाद एसीबी वर्ली, मुंबई क्षेत्र को आईपीसी, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, सेबी अधिनियम और अन्य लागू कानूनों के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत एफआईआर ● शेष पेज 11 पर

# उत्तराखंड में बर्फ का पहाड़ धंसने से कुल आठ मौतें हुईं

- कुल 54 लोग फंसे थे, रविवार को चार शव निकले, शनिवार को चार ने इलाज के दौरान दम तोड़ा था



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। बदरीनाथ धाम से करीब छह किमी की दूरी पर स्थित माणा के पास हिमस्खलन के बाद से लापता सभी श्रमिकों को ढूंढ लिया है। रविवार शाम को हादसे के बाद से लापता अंतिम व्यक्ति का शव बरामद होने के बाद सेना का रेस्क्यू आपरेशन पूरा हो गया है। रविवार को सेना के जवानों ने लापता चारों श्रमिकों के शवों को बरामद कर लिया है। इस हादसे में आठ श्रमिकों की मौत हुई है। इससे पहले शनिवार को ही चार शव बरामद कर लिए गए थे। इस हादसे में बचाव दल ने 46 श्रमिकों की जान बचाई है।

सेना के जन संपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को सुबह ही रेस्क्यू अभियान तेज कर दिया गया था। दोपहर तक तीन शव बरामद हो गए थे। शाम तक अंतिम लापता श्रमिक देहरादूनवासी अरविंद कुमार सिंह का शव भी बरामद कर लिया गया है। इस हिमस्खल की चपेट में आए 54 श्रमिकों में आठ की मौत हुई है ● शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक ली

# एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ करें अस्पताल की व्यवस्था

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित विभागों के मंत्री, शासन स्तर के अधिकारी, सभी मंडलों के मंडलायुक्त, सभी जनपदों के जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर एवं पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटनाओं के वार्षिक आंकड़ों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में 46052 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इसमें 34600 लोग घायल हुए हैं, जबकि 24 हजार से अधिक मौतें हुई हैं, जो कि अत्यंत दुखद है। इसे हर हाल में न्यूनतम करना होगा। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर सामूहिक प्रयासों के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करें। साथ ही प्रदेश के सभी मार्गों



पर ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर उन्हें ठीक कराएं।

मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों के उपचार के विषय में चिंता करते हुए कहा कि सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल की व्यवस्था करें। साथ ही सभी मंडल मुख्यालयों के अस्पतालों में ट्रामा सेंटर, एंबुलेंस एवं ट्रेंड स्टाफ की तैनाती भी सुनिश्चित की जाए। वर्ष 2024 में प्रदेश के 75 जनपदों हुई दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा 20 जनपदों- हरदोई, मथुरा, आगरा, लखनऊ, बुलन्दशहर, कानपुर नगर, प्रयागराज, सीतापुर, उन्नाव, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, बरेली, अलीगढ़, गौतमबुद्धनगर, शाहजहांपुर, गोरखपुर, कुशीनगर, बदायूं, मेरठ और बिजनौर में जनहानि हुई है। प्रदेश में कुल हुई दुर्घटना मृत्यु में 42 प्रतिशत इन जनपदों से है। उन्होंने इसको नियंत्रित करने के लिए दुर्घटना के कारकों को खोजने एवं लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि जनपद स्तर पर प्रत्येक माह एवं मंडल स्तर पर त्रैमासिक मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अनिवार्य रूप से हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश के छह मंडलों अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, आजमगढ़, सहारनपुर एवं आगरा मंडल में पिछले वर्ष सिर्फ एक ही बैठक हुई है, जिसे बढ़ाने की आवश्यकता है। बस्ती, लखनऊ, गोरखपुर और मिर्जापुर में हुई चार बैठकों पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। योगी ने वर्ष 2024 में जिला सड़क सुरक्षा समिति की कम बैठक करने वाले जनपदों बलरामपुर, फिरोजाबाद, गोंडा, चंदौली, व जौनपुर को निर्देशित करते हुए कहा कि इन जनपदों में इसी सप्ताह बैठक हो जानी चाहिए। उन्होंने 10 या उससे अधिक बैठक करने वाले 38 जनपदों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा जारी एसओपी के आधार पर ये जनपद भी जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित करें। उन्होंने कहा कि ओवर स्पीडिंग, ड्रिंक एंड ड्राइव, गलत साइड पर गाड़ी चलाना, जंपिंग रेड लाइट एवं मोबाइल फोन का उपयोग सड़क दुर्घटना घटित होने के मुख्य कारक हैं। इसके लिए लोगों में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग अपने स्कूलों एवं कॉलेजों में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को आयोजित कर जागरूकता फैलाए। साथ ही उन्होंने बेसिक एवं ● शेष पेज 11 पर

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की रिपोर्ट तलब प्रभारी मंत्री डॉ. संजय निषाद ने लिया संज्ञान

## कानपुर देहात के आला अधिकारियों के साथ कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने की वर्चुअल बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। रविवार को निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा दूसरे चरण के दूसरे दिन जनपद झाँसी पहुँची। जहां पार्टी के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद के नेतृत्व में भव्य स्वागत हुआ। निषाद ने सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा की आज सुबह झाँसी के कलेक्ट्रेट एनआईसी से जनपद कानपुर देहात में हुए विगत दिन 01 मार्च को मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में लापरवाही की खबरें सामने आई थी, उस पर संज्ञान लेते हुए कानपुर देहात के आला अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की गई, बैठक में मंत्री राकेश सचान व असीम अरुण भी वर्चुअल बैठक के माध्यम से जुड़े। निषाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है, कानपुर देहात उनका प्रभार जनपद होने के नाते उन्होंने मीडिया के माध्यम से प्राप्त जानकारी का संज्ञान लेते हुए शाम तक उक्त प्रकरण की रिपोर्ट संबंधित विभाग से तलब की गई है। मंत्री असीम अरुण ने जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद को आश्वस्त करते हुए कहा कि कानपुर देहात लापरवाही प्रकरण पर सख़्ती बरती जाएगी और जाँच रिपोर्ट आने के बाद दोषी अधिकारियों को सस्पेंड भी किया जाएगा। वहीं मंत्री राकेश सचान ने बैठक के दौरान कहा कि सरकार की छवि जीरो टॉलरेंस की है और इस प्रकार की लापरवाही क़तई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसमें जो भी दोषी अधिकारी होंगे सबके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## शंकराचार्य शिविर में 51 दिवसीय शिवशक्ति महायज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न

प्रयागराज। सनातन धर्म के पुनरुत्थान, राष्ट्र की समृद्धि एवं विश्व कल्याण के लिए गोवर्धन मठ पुरी के शंकराचार्य शिविर में आयोजित 51 दिवसीय शिवशक्ति महायज्ञ शनिवार को पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। महायज्ञ संपन्न होने के बाद गोवर्धन मठ पुरी के 145वें शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ ने शिष्यों के साथ अवभृत स्नान कर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। इसके बाद शंकराचार्य गोवर्धन मठ के लिए रविवार को प्रस्थान कर गये। इस महायज्ञ में असम राज्यपाल देश के कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों, वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों, उद्योगपतियों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि कुंभनगर के सेक्टर 18 स्थित हर्षवर्धन मार्ग पर गोवर्धन मठ पुरी के शंकराचार्य शिविर में 10 जनवरी को शंकराचार्य अधोक्षजानंद देवतीर्थ के सानिध्य में महायज्ञ की शुरुआत हुई थी। इस दौरान 52 शक्तिपीठों के वैदिक आचार्यों के मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुति डालकर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में असम के महामहिम राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य, मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा, केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्वानंद सोनेवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता सांसद दिलीप सैकिया, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री चौनामीन, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री सांसद बिप्लब कुमार देब, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री हंसराज अहीर, आल इंडिया फुटबाल फ़ेडरेशन के अध्यक्ष एवं ओलंपिक एसोसिएशन के जनरल सेक्रेट्री सह कार्यकारी सीईओ कल्याण चौबे, भारी उद्योग एवं इस्पात राज्यमंत्री श्रीनिवास वर्मा की पत्नी वेंकटेश्वरी देवी, नेपाल सरकार मधेश के वित्त मंत्री सुनील यादव सहित देश के कई राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री, दर्जनों सांसद, विधायक, अभिनेता, उद्योगपति एवं श्रद्धालु शामिल हुए।

# महाकुंभ के अवधि में श्री काशी विश्वनाथ धाम में वर्चुअल रियलिटी से दर्शन का टूटा रिकॉर्ड

एजेंसी

वाराणसी। महाकुंभ की अवधि के दौरान श्री काशी विश्वनाथ धाम में वर्चुअल दर्शन पूजन के भी सभी पुराने रिकॉर्ड टूट गए। धाम में महाकुंभ के समय दर्शन पूजन का नया रिकॉर्ड बना है। काशी विश्वनाथ धाम में जहां लगभग तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाई, वहीं, वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। रविवार को काशी विश्वनाथ धाम में स्थित दुर्लभ दर्शन केंद्र और दिव्य दर्शन केंद्र ने वर्चुअल दर्शन का आंकड़ा जारी किया।

दुर्लभ दर्शन केंद्र के आंकड़ों के अनुसार पूरे जनवरी और फरवरी माह के साथ महाकुंभ के अवधि में कुल 50,993 श्रद्धालुओं ने वर्चुअल रियलिटी(वीआर) के माध्यम से बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। वहीं, दिव्य दर्शन केंद्र के अनुसार कुल 10,566 श्रद्धालुओं ने वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से बाबा विश्वनाथ का दर्शन किया। महाशिवरात्रि पर्व पर काशी विश्वनाथ धाम में विशेष पूजा का आयोजन किया गया। इसमें 20–22 फरवरी तक धाम स्थित प्रधान विग्रहों पर त्रिदिवसीय रुद्राभिषेक किया गया। इस महापर्व में याजक की भूमिका का निर्वहन श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के अफसरों ने



निभाया। 20 फरवरी को प्रातःकाल चंद्रगुप्तेश्वर महादेव, मनोकामेश्वर महादेव, अविमुक्तेश्वर महादेव, तारकेश्वर महादेव, नवग्रह मंडप, बैकुंठेश्वर महादेव और दण्डपाणीश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया गया। 21 फरवरी को अमृतेश्वर महादेव, नीलकंठेश्वर महादेव, बालमुकुंदेश्वर महादेव, मान्धातेश्वर महादेव, और गंगेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक संपन्न किया गया। 22 फरवरी को त्रिसंधेश्वर महादेव और कुबेरेश्वर महादेव का शास्त्रोक्त विधि से रुद्राभिषेक किया गया।

महाशिवरात्रि पर्व पर धाम स्थित अविमुक्तेश्वर महादेव (गुरु बाबा) विग्रह सहित सभी प्रधान विग्रहों पर भी रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया।

धाम में माह जनवरी और फरवरी में पड़ने वाले विशिष्ट पर्वों वसंत पंचमी, श्री राम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव और महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ धाम की सजावट में कुल लगभग 14 हजार मालाओं का उपयोग किया गया। इन पर्वों के दौरान धाम को भव्य रूप से सजाया गया, जिससे श्रद्धालुओं को एक दिव्य अनुभव प्राप्त हुआ। महाशिवरात्रि पर्व पर ही धाम के मुख्य प्रवेश द्वार (द्वार संख्या-04) से नागा सन्यासियों के आगमन पर, उनके स्वागत के लिए लगभग 11 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों का उपयोग किया गया।

पूरे महाकुम्भ पर्व (जनवरी-फरवरी) के दौरान, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से निरंतर सूचनाएं, अच्छे कार्यों से संबंधित पोस्ट, बाबा विश्वनाथ की समस्त आरतियां, धाम में पधारे दर्शनार्थियों के लिए व्यवस्थाओं से संबंधित विचार और अन्य महत्वपूर्ण पोस्ट जारी किए गए।

कुल दो माह (जनवरी-फरवरी) के दौरान लगभग 482 अपडेट्स जारी किए गए, जिनमें 228 वीडियो अपडेट्स शामिल थे। इन 228 वीडियो अपडेट्स में 34 वीडियो दर्शनार्थियों द्वारा प्रशासन के बारे में विचार है। इसमें फ़ेसबुक पेज पर 482 पोस्ट, इंस्टाग्राम पर 480 पोस्ट एवं एक्स पर 474 पोस्ट की गईं।

## 9 वर्षीय आलिया खातून मंसूरी ने रखा रमजान का पहला रोजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। रमजान के पाक महीने की शुरुआत के साथ ही लखनऊ की 9 वर्षीय आलिया खातून मंसूरी ने अपना पहला रोजा रखकर परिवार और समाज के लिए प्रेरणा का काम किया है। आलिया, पसमांदा मुस्लिम समाज के कार्यालय प्रभारी और सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद इलियास मंसूरी की बेटी हैं और अब्राहम पब्लिक कॉलेज, लखनऊ में कक्षा 2 की छात्रा हैं। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने आलिया मंसूरी को दुआएं दी हैं। नन्ही आलिया के पहले रोजे को लेकर परिवार में खास खुशी का माहौल है। उनके परिजनों ने बताया कि आलिया पिछले साल से ही रोजा रखने की इच्छा जता रही थी, और इस बार उसने पूरी तैयारी और हिम्मत के साथ पहला रोजा रखा। पूरे दिन बिना कुछ खाए-पिए उसने इबादत की और परिवार के साथ रोजा खोला। परिजनों और शुभचिंतकों ने आलिया के इस जज्बे को सराहा और अल्लाह से दुआ की कि वह उसे रमजान के मुकम्मल रोजे रखने की तौफीक अता फरमाए। आलिया के इस कदम ने यह साबित कर दिया कि बच्चों में भी इबादत और धर्म के प्रति गहरी आस्था होती है।

## राष्ट्रीय एक्यूपंक्चर दिवस पर निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय एक्यूपंक्चर दिवस पर एपेक्स एक्यूपंक्चर सेंटर एण्ड पेन क्लीनिक, सेक्टर ८ विकास नगर में विशाल निःशुल्क एक्यूपंक्चर परामर्श एवं चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ। शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने भगवान धनवंतरी तथा भारत में एक्यूपंक्चर के प्रवर्तक डॉ बिजॉय कुमार बसु जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।अपने संबोधन में ओ पी श्रीवास्तव ने कहा कि एक्यूपंक्चर चिकित्सा पद्धति जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार ने स्वतंत्र चिकित्सा पद्धति के रूप में मान्यता प्रदान किया है जैसे कि एलोपैथी, आयुर्वेद या होम्योपैथी हैं।कई प्रकार के बीमारियों में एक्यूपंक्चर चिकित्सा पद्धति बहुत ही कारगर हैं।सभी चिकित्सा पद्धति को इंटीग्रेटेड होकर रोगियों




के हित में कार्य करना चाहिए।श्री श्रीवास्तव एक्यूपंक्चर हॉस्पिटल में वार्डो में जाकर चिकित्सा ले रहे मरीजों से मिलकर उनके कुशल क्षेम पूंछा। एपेक्स एक्यूपंक्चर सेंटर के निदेशक डॉ जी पार्थ प्रतिम ने बताया कि शिविर में पंजीकृत मरीजों को परामर्श देने के बाद उन्हें एक्यूपंक्चर, इलेक्ट्रो एक्यूपंक्चर, मोक्शबस्शन, हिज़ामा, बी सी एम आदि से उनका इलाज किया गया। पंजीकृत मरीजों को अगले तीन दिन तक निःशुल्क एक्यूपंक्चर चिकित्सा प्रदान किया जाएगा।साथ ही सभी मरीजों को निःशुल्क शुगर जांच भी मेडिकेयर डायग्नोस्टिक्स सेंटर के सौजन्य से किया गया।डॉ पार्थ ने बताया कि ५७ मरीजों ने पंजीकरण कराया और चिकित्सा लाभ लिया। शिविर में डॉ आर सी उप्रेती, डॉ देवज्योति, डॉ राजेश पाल, डॉ बी पी सिंह, डॉ जहांनारा खान, डॉ नीरज पांडे, डॉ एन एन मेहरोत्रा, नजमा, कृष्ण कुमार,कु नीलम, कु अंजलि, अब्दुल कादिर, सुश्री लक्ष्मी आदि ने शिरकत किया।

## रवीन्द्रालय चारबाग में लखनऊ पुस्तक मेले का दूसरा दिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। रवीन्द्रालय चारबाग लान में कल से नौ मार्च तक चलने वाले लखनऊ पुस्तक मेले में पुस्तक प्रेमियों के संग ही अभिभावकों के संग आये बच्चों की खूब भीड़ ने मेले की बाल साहित्य की थीम को सार्थक कर दिया। बाल साहित्य की थीम पर आधारित इस पुस्तक मेले के सबसे करीने से सजे चिल्ड्रन बुक ट्रस्ट के स्टॉल पर लखनऊ बुक फ़ेयर में 10 पुस्तकें एकदम नयी हैं। इनमें किकी और पिकलू की लुकाछिपी, कितना लम्बा होता है एक मिनट, छोटू देखा नहीं देखा, तैनजिन के याक, दो का दम, यह खटोला किसका है, राजा की दावत, रोना बुरा नहीं और लाल बस जैसी किताबें शामिल हैं। अंग्रेज़ी में भी बहुत सी चित्रों वाली और कहानियों की किताबें हैं। ट्रस्ट की योजना देश के प्रमुख शहरों में बच्चों के लिए फन ज़ोन्स के तौर पर खोलने जा रहा है। स्टाल पर बच्चों के लिए निःशुल्क पोस्टकार्ड रंग भरो प्रतियोगिता भी चल रही है। इस प्रतियोगिता में छह से 16 साल तक के बच्चे प्रतिभागिता कर सकते हैं। स्टाल संख्या 44 में गीता प्रेस गोरखपुर की बच्चों के लिये बहुत सी प्रेरक पुस्तकें हैं। मेले में शुभी पब्लिकेशंस, हिन्द युग्म, जैको पब्लिशिंग, निखिल पब्लिशर्स जैसे कई स्टालों पर बाल उपयोगी साहित्य उपलब्ध है। इसके अलावा रोचक पजल और खिलौनों के स्टाल भी मेले में हैं। निखिल प्रकाशन की ओर से मेले के साहित्यिक मंच पर आज डा.रुचि श्रीवास्तव के बाल कहानी संग्रह खुला पिटारा सुनो कहानी और हास्य व्यंग्य संग्रह मुट्ठी भर मुस्कान वरिष्ठ रंगकर्मी गोपाल सिन्हा की अध्यक्षता में हुए समारोह में किया गया।

# मार्च की हलचल, त्योहारों की रंगत और प्रशासन की कसरत

❑ नए सत्र की तैयारी! मार्च अधिकारियों के लिए उथल-पुथल भरा महीना

मीरजापुर (एजेंसी)। मार्च का महीना आ गया है। हिंदी कैलेंडर के अनुसार यह न केवल पुराने सत्र के समापन का समय है, बल्कि नए सत्र की तैयारियों का भी महत्वपूर्ण दौर है। सरकारी हो या निजी संस्थान, हर जगह अधिकारियों और कर्मचारियों की व्यस्तता चरम पर है। दिन-रात फाइलों की उठापटक, बजट समीक्षा, वार्षिक रिपोर्टों की तैयारी और नई योजनाओं को अंतिम रूप देने की दौड़ लगी है। इस बार चुनौती सिर्फ ऑफिस वर्क तक ही सीमित नहीं है। होली और ईद-उल-फितर जैसे बड़े त्योहार भी इसी दौरान पड़ रहे हैं। एक ओर जहां लोग रंगों में सराबोर होने और स्वादिष्ट पकवानों का लुत्फ उठाने की तैयारी कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अधिकारी यह सुनिश्चित करने में लगे हैं कि सारा काम समय पर पूरा हो जाए। वैसे मार्च का महीना अधिकारियों के लिए अत्यधिक व्यस्त और चुनौतियों से भरा होता है। वित्तीय वर्ष के समापन के साथ ही नई योजनाओं और लक्ष्यों की रूपरेखा तैयार करने का दबाव बढ़ जाता है। सरकारी और निजी संस्थानों में बजट की समीक्षा, वार्षिक रिपोर्ट तैयार करने और वित्तीय संतुलन स्थापित करने की जिम्मेदारी अधिकारियों पर होती है। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थानों में भी मार्च का महीना महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियां जोरों पर रहती हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की व्यस्तता बढ़ जाती है। मार्च की यह हलचल हिंदी नववर्ष के साथ नए अवसरों और योजनाओं की नींव रखेगी, जिससे आने वाले समय में आर्थिक और सामाजिक प्रगति की नई राहें खुलेंगी। काम भी, त्योहार भी! वित्तीय वर्ष की कशमकश : इस बार मार्च का महीना व्यस्तता और उमंग से भरा हुआ है।

### मुरादाबाद में अप्रैल में शुरू होगा स्मार्ट पार्किंग का संचालन

**मुरादाबाद ।** मुरादाबाद महानगर में नगर निगम सीमा क्षेत्र में पांच स्थानों पर बनाई गई स्मार्ट पार्किंग की सुविधा का लाभ शहर के लोगों को अप्रैल के पहले हफ्ते में मिलने लगेगा। नगर आयुक्त के अनुसार स्मार्ट पार्किंग को प्राइवेट लोगों को संचालन के लिए सौंपने की सभी प्रक्रिया 30 मार्च तक पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद अप्रैल के पहले सप्ताह से स्मार्ट पार्किंग का संचालन शुरू हो जाएगा। स्मार्ट सिटी योजना के तहत शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए शहर के पांच स्थानों पीलीकोठी के पास, दिल्ली रोड पर पार्श्वनाथ प्लाजा के पास, रजिस्ट्री ऑफिस के पास, कंपनी बाग स्थित सेंट मेरी स्कूल के पास, एमडीए कॉलोनी के पास स्मार्ट पार्किंग का निर्माण कराया है। स्मार्ट सिटी द्वारा पार्किंग के संचालन के लिए टेंडर निकाला जा चुका है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद पार्किंग शुरू हो जाएंगी। मुरादाबाद स्मार्ट सिटी योजना के सीएओ व नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने रविवार को बताया कि इस संबंध में आमंत्रित टेंडर के अभिलेख निरीक्षण का काम चल रहा है। स्मार्ट सिटी इसे प्राइवेट लोगों को संचालन के लिए सौंपने की सभी प्रक्रिया 30 मार्च तक पूरी कर लेगी। अप्रैल के पहले सप्ताह से पार्किंग का संचालन शुरू हो जाएगा।

### संविधान की रक्षा के लिए पानी में खड़े होकर सपा ने किया प्रदर्शन

मीरजापुर। जमालपुर क्षेत्र के महादेवपुर गांव में रविवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संविधान को बचाने के लिए एक अनूठा विरोध-प्रदर्शन किया। सपा के चुनार विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ गांव स्थित अमृत सरोवर के जल में खड़े होकर जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने जल में खड़े होकर डॉ. भीमराव आंबेडकर और सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की तस्वीरें हाथों में लेकर सरकार के खिलाफ अपना विरोध जताया। विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की नीतियों से हर वर्ग परेशान है। महंगाई और बेरोजगारी ने आम आदमी की जिंदगी मुश्किल बना दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता इस सरकार को सबक सिखाएगी। प्रदर्शन में ब्लऑक अध्यक्ष दिनेश यादव, सूर्यकांत सिंह पटेल, रमेश सिंह, रामजन सिंह, विजय बियार, उमाशंकर यादव, रफीक अहमद, सद्दाम हुसैन समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# देशभर में हो रही अमेठी के लघु अश्वमेध की चर्चा

एजेंसी



अमेठी। रविवार को यज्ञ स्थल देव यज्ञ नगर दुर्गापुर रोड अमेठी पर गायत्री परिवार की उप जोन स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें अमेठी, सुलतानपुर, प्रतापगढ़ व रायबरेली के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस बैठक में 18 से 22 मार्च 2025 की तिथियों में अमेठी में आयोजित होने वाले राष्ट्र जागरण 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियों की चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ0 आर0पी0 सिंह के द्वारा देव पूजन के साथ हुई। जिला समन्वयक डॉ0 त्रिवेणी सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अमेठी के लघु अश्वमेध की चर्चा पूरे देश में हो रही है। यह कार्यक्रम एक मिसाल बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव ने कहा था कि यज्ञ उत्पादक होने चाहिए। इस यज्ञ के क्रम में हमें गाँव-गाँव, घर-घर गुरुदेव के विचारों को पहुंचाने की आवश्यकता है। अमेठी के लिए ये सौभाग्य के साथ साथ एक बड़ा अवसर भी है। मिशन के प्रत्येक कार्यकर्ता को नियमित समयदान करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आवाहन करते हुए कहा कि कार्यकर्ता अपनी टोली बनाकर प्रतिदिन प्रभात फ़ेरी निकालें। समयदान ही युग धर्म है, कहीं इससे हम चूक न जायें। लघु अश्वमेध यज्ञ के प्रयाज के क्रम में चलाये जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए सभी ब्लॉक समन्वयकों ने अपने -अपने क्षेत्रों में चलाये जा रहे मेरा गाँव देव गाँव अभियान, मेरी माटी मेरा कुण्ड, मेरा परिवार देव परिवार, व्यसन मुक्ति अभियान, वृक्षारोपण, दीपयज्ञ, यज्ञ, व्यसन मुक्ति अभियान, वृक्षारोपण, मण्डल गठन, धर्म घट स्थापना की प्रगति से अवगत कराया। आज की बैठक में पूर्व में गठित समितियों की समीक्षा करते हुए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा हुई तथा नये कार्यकर्ताओं को समितियों से जोड़ते हुए जिम्मेदारी दी गई । युवा समन्वयक डॉ0 प्रवीण सिंह दीपक ने अपने संबोधन में बताया कि प्रातःकाल बड़ी संख्या में स्थानीय लोग श्रम दान कर रहे हैं, दिन के समय भी गाँव-गाँव से आकर लोग श्रमदान कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम से जुड़कर लोग गर्व का अनुभव कर रहे हैं। कार्यक्रम को गायत्री परिवार सुलतानपुर के राकेश प्रताप सिंह, गुड्डू सिंह ने भी संबोधित किया।

## निजीकरण के लिए कंसल्टेंट की बीड खोले जाने के विरोध में आज होगा जोरदार विरोध प्रदर्शन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने कहा है कि निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने हेतु 03 मार्च को खोली जा रही बीड के विरोध में प्रान्त भर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। विरोध प्रदर्शन हेतु संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने आज अवकाश के दिन कर्मचारियों के बीच में व्यापक जनसंपर्क किया। संघर्ष समिति ने पुनः मांग की है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का फैसला निरस्त किया जाए और 05 अप्रैल 2018 तथा 06 अक्टूबर 2020 के समझौतों का सम्मान करते हुए कर्मचारियों को विश्वास में लेकर विद्युत वितरण की मौजूदा व्यवस्था में ही सुधार कार्यक्रम चलाया जाए। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण का निर्णय माननीय वित्त मंत्री सुरेश खन्ना जी एवं तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्री श्रीकान्त शर्मा जी के साथ हुए उक्त समझौतों का उल्लंघन तो है ही साथ ही निजीकरण की प्रक्रिया भी पूरी तरह गैर कानूनी है। संघर्ष समिति ने कहा कि इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 की धारा 131 के अनुसार सरकारी क्षेत्र की बिजली कंपनी को किसी निजी कंपनी को देने के पहले उसका रेवेन्यू पोटेंशियल और उसकी परिसंपत्तियों की फ़ेयर वैल्यू का मूल्यांकन किया जाना जरूरी है। 42 जनपदों की लाखों करोड़ रुपए की परिसंपत्तियों का कोई मूल्यांकन नहीं किया गया है और इन दोनों विद्युत वितरण निगमों के रेवेन्यू पोटेंशियल का भी आकलन नहीं किया गया है। ऐसे में निजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह से संदेह के घेरे में है और गैर कानूनी है। संघर्ष समिति ने कहा कि ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति हेतु बिडिंग के अंतिम दिन तक मात्र दो कंपनियों की बीड आई हैं। पावर कारपोरेशन को इन दोनों कंपनियों का नाम सार्वजनिक करना चाहिए और यह बताना चाहिए कि कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट के दायरे में यह कंपनियां आती है या नहीं।

# उत्कृष्ट चिकित्सकीय सेवा से रोगियों को मिलेगी नई रोशनी : कुलपति

एजेंसी

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूटऑफ मेडिकल साइंसेज द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय में किया गया। शिविर में 228 मरीजों की जांच की गई। शिविर का उद्घाटन महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एपी त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह ने कहा कि समाज में गरीब और जरूरतमंद वर्ग के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का महत्व अत्यधिक है। इस शिविर का प्रमुख उद्देश्य लोगों के बीच नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और मोतियाबिंद जैसी गंभीर आंखों की बीमारी का समय रहते इलाज करना है। उन्होंने कहा कि पूर्ण विश्वास है इस शिविर में आए



नेत्र रोगियों को उत्कृष्ट चिकित्सकीय सेवा से नई रोशनी मिलेगी। कुलपति ने कहा कि मोतियाबिंद से आंखों की लेंस धुंधली हो जाती है और व्यक्ति की दृष्टि धुंधली या पूरी तरह से खराब हो सकती है। यह बीमारी विशेषकर बुजुर्गों में अधिक देखी जाती है, लेकिन समय पर इलाज से इससे बचा जा सकता है। शिविर में आए मरीजों के नेत्र परीक्षण के बाद मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई। अन्य को मुफ्त दवाएं और जरूरत के अनुसार चश्मे दिए गए। शिविर के दौरान, मरीजों को यह समझाया गया कि आंखों की देखभाल में नियमित रूप से जांच कराना और उचित आहार लेना कितना महत्वपूर्ण है। डॉक्टरों ने यह भी बताया कि उम्र बढ़ने के साथ आंखों की समस्याओं का बढ़ना स्वाभाविक है, लेकिन नियमित जांच और इलाज से इन्हें नियंत्रित किया जा सकता है। शिविर में नेत्र टेक्नीशियन आकांक्षा शुक्ला, ओटी टेक्नीशियन शुभ पांडेय एवं लैब टेक्नीशियन तथा संबंधित स्टाफ ने कुल 228 मरीजों का नेत्र परीक्षण कर निःशुल्क दवाओं का वितरण किया।

## चार दशक से उपेक्षा का शिकार है इंगोहटा का रेलवे स्टेशन

एजेंसी

हमीरपुर। कानपुर-बांदा रेल मार्ग पर स्थित इंगोहटा रेलवे स्टेशन घोर उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। इसे बदनसीब रेलवे स्टेशन कहा जाय तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस स्टेशन पर न तो प्लेटफार्म है, न स्टेशन का भवन बना है और न ही रोशनी और पानी की समुचित व्यवस्था। यहां तक कि टिकट काउंटर तक नहीं है।

जिससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पानी के लिए केवल यहां केवल एक हैंडपंप लगा हुआ है, जो यात्रियों की जरूरतों के लिए अपर्याप्त साबित हो रहा है। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार करीब चार दशक पहले इस स्टेशन पर एक मर्डर की घटना होने के बाद रेलवे विभाग ने इसे ठेके पर देना शुरू कर दिया था। तब से लेकर अब तक सुविधाओं के नाम पर इसकी स्थिति दिनोंदिन खराब होती चली गई। पहले यहां स्टेशन मास्टर, कर्मचारी और उनके आवास हुआ करते थे। लेकिन अब स्टेशन पर कोई बुनियादी सुविधा तक नहीं बची है। स्टेशन के पुराने जर्जर भवन को रेलवे के दोहरीकरण कार्य के दौरान गिरा दिया गया था। लेकिन नया भवन अब तक नहीं बनाया गया। इससे यात्री बारिश, सर्दी और गर्मी में खुले आसमान के नीचे ट्रेन का इंतजार करने को मजबूर हैं। शाम ढलते ही पूरा स्टेशन अंधेरे में डूब जाता है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी होती है। बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए ट्रेन में चढ़ना और उतरना और भी मुश्किल हो जाता है। स्टेशन के ठेकेदार को प्रतिदिन 10 किलोमीटर दूर रागौल से टिकट लाकर यात्रियों को उपलब्ध कराना पड़ता है। दिलचस्प बात यह है कि इस स्टेशन से लगभग 20 गांवों के ढाई सौ से अधिक लोग प्रतिदिन सफर करते हैं। जिनमें इंगोहटा, बिदोखर, बंडा, मवईजार, कल्ला, धनपुरा, खडेहीजार, अतरार, छानी, बजेहटा आदि गांव शामिल हैं। लेकिन इन यात्रियों के लिए सिर्फ सुबह और शाम को ही ट्रेन पकड़ने की सुविधा उपलब्ध है।

# भदेंवा साबिक़मोहल्ले में नाली का पानी बहता है सड़कों पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम के स्वच्छता के दावे भवानीगंज वार्ड में फ़ेल होते नज़र आ रहे हैं। यहाँ भदेंवा साबिक़मोहल्ले में सड़क गंदे पानी से भरी पड़ी है। स्थानीय लोग इसी गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर हैं। महिलाएं छोटे-छोटे बच्चों को लेकर रोड छोड़कर नाली के ऊपर ढके गए पत्थरों पर से गुजर कर यहाँ का सफर तय करती है। यहाँ के निवासी गिरजा शंकर मौर्या का कहना है की नाला चोक होने की वजह से यहाँ की दिक्कतें बढ़ गयी हैं लोगों ने यहां नाले के ऊपर अवैध रूप से मकान बनाकर कब्जा भी कर लिया है जिस कारण नाला सफाई में और दिक्कतें पेश आती है उनका कहना है की नगर निगम इसका स्थाई हल नहीं निकाल रहा है। वह कहते हैं की इस मोहल्ले में अब तक सीवर लाईन तक नहीं डाली गयी है जिस कारण नाली के गंदे पानी की निकासी भी नहीं हो पा रही है और इसी भरे हुए गंदे पानी के कारण बच्चे गिर-गिर कर घायल हो जाते हैं। गिरिजा शंकर मौर्य कहते हैं की नवरात्र, माहे रमजान, होली जैसे त्योहारों के समय पर लोग इस गंदगी के बीच अपने त्यौहार कैसे मनाएंगे लोग पूजा पाठ करने के लिए मंदिर और मस्जिदों में इस गंदे पानी से होकर कैसे जाएंगे। वही इसी मोहल्ले के निवासी दानिश कहते हैं कि कुछ दिन पहले हम लोगों ने सफाईकर्मी को 800 रुपया देकर सफाई करवाई द्धथद्ध वरना यहां पर खड़े होने की भी जगह नहीं थी। वह कहते हैं की नगर निगम में हम लोग कई बार शिकायत कर चुके हैं फिर भी कोई सुनवाई नहीं होती है वह स्थानीय पार्षद पर भी आरोप लगाते हैं कि यदि पार्षद के पास शिकायत लेकर जाओ तो उनका कहना होता है कि इस मोहल्ले से मुझे वोट नहीं दिया गया है इसलिए मैं यहां का कार्य नहीं करूँगा जिसको लेकर स्थानीय लोगों में रोष है।

## आदर्श व्यापारी एसोसिएशन ने गुडम्बा कुर्सी रोड इकाई का किया गठन, अध्यक्ष बने असलम खान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आदर्श व्यापारी एसोसिएशन के द्वारा लखनऊ महानगर की गुडम्बा कुर्सी रोड इकाई का गठन किया गया। जिसमें असलम खान को अध्यक्ष, प्रदीप सिंह को उपाध्यक्ष, राजू सिंह को महासचिव, अनिल सिंह को उपसचिव, नूर आलम एवं अतीक अहमद को सचिव, गुड्डू को कोषाध्यक्ष, जितेन्द्र पाल को प्रचार मंत्री एवं कमलेश वर्मा को संरक्षक पद पर मनोनीत किया गया। इस मौके पर सभी को ऑनलाइन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के विरोध की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर राज कुमार रावत, वेद राजवंशी, निशान्त दुबे, शीलू जायसवाल, अविनाश जायसवाल, विकास जायसवाल व आकाश अग्रवाल मौजूद रहे।

## बुजुर्ग के शव का ठाकुरगंज पुलिस ने किया अंतिम संस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राजधानी लखनऊ के थाना ठाकुरगंज क्षेत्र के अंतर्गत 2 मार्च 2025 को प्रार्थी सुमित गुप्ता पुत्र अरुण गुप्ता निवासी फरीदीपुर थाना ठाकुरगंज लखनऊ व आसपास के लोगों द्वारा प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि फरिदीपुर मोड पर गोलू गुप्ता की दुकान के सामने फुटपाथ पर रहने वाले एक बुजुर्ग नाम पता अज्ञात जिनकी उम्र लगभग 80 वर्ष थी कि अचानक वृद्धावस्था व अज्ञात बीमारी के कारण निधन हो गया है आसपास के लोगों द्वारा प्रार्थना की गई कि उक्त बुजुर्ग व्यक्ति का अंतिम संस्कार ठाकुरगंज पुलिस द्वारा कराया जाए इसके बाद प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के नेतृत्व में कार्य कर रही ठाकुरगंज पुलिस द्वारा गुलाला घाट पर बुजुर्ग व्यक्ति का अंतिम संस्कार पुरे विधि विधान से कराया गया ।

## लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय गोसाईगंज को एनसीसी की मान्यता मिली

### महाविद्यालय गोसाईगंज लखनऊ में एल्युमिनी मीट 2025 पूर्व छात्र सम्मेलन का कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । गोसाईगंज ब्लॉक में स्थित लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय गोसाईगंज को गएए की मान्यता मिली जिसके उपलक्ष्य में महाविद्यालय गोसाईगंज लखनऊ में एल्युमिनी मीट 2025 पूर्व छात्र सम्मेलन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में कर्नल रत्नाकर त्रिवेदी कमांडिंग ऑफिसर 20 यूपी बटालियन लखनऊ तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोध एमध वर्मा के साथ सूबेदार मेजर ओमप्रकाश राव,कंपनी हवालदार,मेजर दीपक सिंह,हवलदार तोड़ो नामदयाल,राम मुनि वर्मा,डॉ मुकेश कुमार (असिस्टेंट ग्ट्टक यूजी/पीजी मूल्यांकन विभाग लखनऊ) एवं रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी तथा डॉक्टर उषा वर्मा महिला महाविद्यालय लखनऊ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिमा पर मालार्पण एवं दीप प्रचलन के साथ हुआ कार्यक्रम शुरू कर महाविद्यालय के संस्थापक डॉक्टर गणेश प्रसाद वर्मा के चित्र पर माला पहना कर ,महाविद्यालय के वर्तमान सत्र में एनसीसी की शुरुआत की घोषणा के साथ भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय को द्वारा औपचारिक पत्र कर्नल द्विवेदी द्वारा महाविद्यालय के प्रबंधक अंबिका प्रसाद वर्मा को प्रदान किया गयामहाविद्यालय में एनसीसी अधिकारी के रूप में श्रीमती विनीता वर्मा को नियुक्त किया गया कार्यक्रम में पूर्व छात्रों एवं नियमित छात्रों के मध्य अंताक्षरी करवाई गई तथा पूर्व छात्रों का रैम पर वॉक भी कराया गया कार्यक्रम में 13,14 फरवरी 2025 को कॉलेज में आयोजित खेल स्पर्धा के विजेता प्रतिभागियों को करनाल द्विवेदी के द्वारा पुरस्कार में प्रमाण पत्र वितरित किए गए पूर्व छात्र नैंसी सिंह चौहान को गेस्ट ऑफ ऑनर दिया गया। नीमच छात्राओं ने पूर्व छात्रों को सम्मान में अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये कार्यक्रम में प्रबंधक अंबिका प्रसाद वर्मा डॉ नीरज, रघुवंशी समेत समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने किया वाकथन का आयोजन, 400 लोगो ने की सहभागिता



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण भारत का एक प्रमुख वैज्ञानिक संगठन है, जो देश के खनिज संसाधनों की खोज, भूगर्भीय संरचनाओं के अध्ययन और प्राकृतिक आपदाओं के मूल्यांकन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। इसकी स्थापना वर्ष 1851 में हुई थी। इस अवसर पर रविवार को वाकथन का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के आवासीय परिसर, सेक्टर-क्यू, अलीगंज से प्रारंभ होकर श्याम स्वाद, केंद्रीय विद्यालय अलीगंज, यू.पी.पी.सी.एल कार्यालय सीतापुर रोड, राम राम बैंक चौराहा से होते हुए पुनः भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के आवासीय परिसर पर समाप्त हुआ। इसमें शिक्षक व छात्रगण को मिलाकर लगभग 400 लोगों ने सहभागिता की। इस मौके पर के. सी. जोशी, सेवानिवृत निदेशक ने बताया कि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, विश्व के प्राचीनतम विभागों में से एक होते हुए 4 मार्च को अपना 175वाँ स्थापना दिवस मना रहा है।

## विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को हो रहा ग्राम चौपालों का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। मौर्य ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में नये मानकों के अनुरूप नये पात्र लाभार्थियों के चयन में ग्राम चौपालो की अहम भूमिका रहेगी, इन चौपालों में सम्बन्धित ग्राम सभाओं के पात्रों के चयन/सर्वे में पारदर्शिता का विधिवत आंकलन भी हो सकेगा।

## महाराज अग्रसेन पार्क से निकाली गयी श्री श्याम सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा

लखनऊ। लखनऊ के ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में श्री श्याम ज्योत मंडल की ओर से आयोजित 42 वें श्री श्याम निशानोत्सव कार्यक्रम के तृतीय दिवस पर धूमधाम से श्री श्याम सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सबसे आगे हाथी और फिर ऊंटों पर सैनिक, घोड़ों पर भगवान शिव शंकर, महाराणा प्रताप, लक्ष्मीबाई एवं महान सपूतों के विविध रूपों से सजे हुए युवक-युवतियों ने प्रतिभाग किया। लाल रंग विशाल ध्वजा संकट मोचन हनुमान एवं पीताम्बर रंग ध्वजा कलयुग के अवतारी बाबा श्याम के नाम से लगाया गया।

## दलित और पिछड़े वर्ग के अभियंताओं ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन पर बोला करारा हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन की प्रांतीय कार्य समिति की आज एक आवश्यक बैठक फील्ड हॉस्टल कार्यालय में संपन्न हुई जिसमें बिजली कंपनियों के 17 निर्देशकों के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु मनमाने तरीके से 6 मार्च को होने वाले साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्र भेजने पर दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन पर बोला करारा हमला कहां ऐसे लोगों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है जो पहले रिजेक्ट हो चुके हैं और एक बार गुपचुप तरीके से चयनित होने के बाद निर्देशक बनने वाले थे मामले का खुलासा होने के बाद जब मुख्यमंत्री जी ने हस्तक्षेप किया अंतत उन्हें निदेशक नहीं बनाया गया उन्हें भी साक्षात्कार हेतु बुलाया जा रहा है इसी प्रकार से दलित वर्ग के जो भी अभियंता पूरी तरह अपनी योग्यता निदेशक के पद के लिए योग्यता रखते थे उन्हें मनमाने तरीके से बाहर कर दिया गया। इसी प्रकार से पिछले वर्ग के अभियंताओं के साथ भी अन्याय किया गया है पावर ऑफिसर एसोसिएशन ने कहा निदेशक पदों की पूरी चयन प्रक्रिया का खुलासा किया जाए और किसको किस आधार पर रिजेक्ट किया गया किसको किस आधार पर सलेक्ट किया गया साक्षात्कार के लिए उनका पूरा ब्यूरो वेबसाइट पर सार्वजनिक किया जाए। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा उपाध्यक्ष पीएम प्रभाकर नेकीराम महासचिव अनिल कुमार अतिरिक्त महासचिव अजय कुमार संगठन सचिव बिंदा प्रसाद लेसा अध्यक्ष प्रभाकर सिंह मीडिया रमेश कुमार झबू राम दीपक कुमार ने कहा एक तरफ प्रदेश के माननीय ऊर्जा मंत्री जी विधानसभा में कहते हैं कि निजीकरण पर भी आरक्षण सुरक्षित है जबकि वह केंद्र का अधिकार है वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निर्देशकों के पद पर आरक्षण देने की बात तो दूर उन्हें साक्षात्कार के लिए भी नहीं बुला रहा है एक सोची समझी चाल के तहत दलित व पिछड़े वर्ग को उच्च पदों पर न बैठने के लिए पूरा खड्यंत्र किया जा रहा है इस पूरे मामले पर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी अनुसूचित जाति जनजाति आयोग व उच्च स्तर पर शिकायत की जाएगी कि किस प्रकार से पावर कारपोरेशन प्रबंधन दलित व पिछड़े वर्ग क्या अभियंताओं के साथ नाइंसाफी कर रहा है ।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाके में शनिवार की रात तिलक समारोह से घर लौट रहे बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के भटगांव निवासी पप्पू पाल पेशे से मजदूर हैं। बताया गया कि शनिवार को उनके गांव में ही अभिषेक पाल का तिलक था। आयोजन लतीफ नगर और हरौनी के मध्य एक लान में था। पप्पू का अट्ठारह वर्षीय पुत्र विपिन भी तिलक समारोह में शामिल होने गया था। रात करीब ग्यारह बजे वह बाइक से वापस घर लौट रहा था इसी बीच लतीफ नगर तिराहे के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारी दी। हादसे में विपिन गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से विपिन को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विपिन अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। उसकी चार बहनें हैं। उसकी मौत से हर कोई दुखी हैं।

## महाकुम्भ में 66.33 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी लगाकर इतिहास बना दिया : दयाशंकर सिंह

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर आयोजित हुए आस्था के जन समागम महाकुम्भ में यूपीएसआरटीसी श्रद्धालुओं के लिए सारथी साबित हुई। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ - 2025 के प्रथम स्नान पर्व मकर संक्रांति से अंतिम स्नान पर्व महा शिवरात्रि तक निगम बसों और शटल बस सेवा ने आगंतुकों को महाकुम्भ लाने और वापस उनके गंतव्य तक पहुंचाने में बढ़ चढ़कर योगदान दिया। उन्होने बताया कि महाकुम्भ में 66.33 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी मे पुण्य की डुबकी लगा कर इतिहास बना दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिवहन निगम कर्मियों की सहभागिता को सराहा और आर्थिक सुरक्षा देने का ऐलान किया।

## धौरहरा गांव में नाला निर्माण कार्य में डाली जा रही बाधा

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत धौरहरा में एक सरकारी नाला निर्माण कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। क्षेत्र पंचायत की निविदा सूचना के तहत सहादत अली का पुरवा में डामर रोड से हरिश्चंद्र के घर तक नाला निर्माण का काम स्वीकृत किया गया था। इस कार्य में केशन यादव और उनके चार पुत्रों आशीष, मनीष, अनीश और रोमन यादव द्वारा इस कार्य में बाधा डाली जा रही है। इन्हीं लोगों ने सफाई कर्मियों को पुरानी नाली की सफाई करने से रोकने के अतिरिक्त, नए नाले के निर्माण में भी बाधा डाली है ।आरोप है कि इन लोगों ने ठेकेदार और मजदूरों के साथ गाली-गलौज करने के साथ ही उन्हें धमकियां दीं और काम से भगा दिया। इस मामले में शिकायतकर्ता राम विलास कश्यप के घर के सामने गंदा पानी जमा हो रहा है। पहले भी जल भराव के कारण उसकी 23 फुट की दीवार गिर चुकी है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि समय रहते नाले का निर्माण नहीं कराया गया तो उनका पूरा घर गिर जाने का डर बना रहेगा।उस स्थान पर जमा होने वाले गंदे पानी से बीमारियों का खतरा भी बना रहता है।

## यूपी में होली और ईद पर रखी जाए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था: पुलिस महानिदेशक

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने रविवार को रमजान, होली और ईद उल फितर (ईद) के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग कर मातहतों को कड़े निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने कहा कि आज से रमजान शुरू हो गया है। 25 मार्च को होलिका दहन और 26 मार्च दिन शुक्रवार को रंग खेला जाएगा। होली शुक्रवार को पड़ने के मद्देनजर अपने-अपने क्षेत्र में पीस कमेटी, धर्म गुरुओं के साथ वरिष्ठ अधिकारी बैठक कर त्योहार से संबंधित समस्त समस्याओं का समाधान समय से करा लिया जाए। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस प्रबंध कर सतर्क दृष्टि रखी जाए। सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता को चेक कर ले। नये स्ट्रेटिजिक प्वाइंटों पर स्थापित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। संवेदनशील और अति संवेदनशील, मिश्रित आबादी वाले इलाको में आयोजन स्थल, जुलुस मार्गो पर ड्रोन कैमरे से नजर रखे। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर चौबीस घंटे निगरानी रखे। मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया टीम से समन्वय रखते हुए आपत्तिजनक, भ्रामक पोस्ट का तुरंत संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाए।

## बिना स्त्रियों के संभव नहीं, विकसित भारत की संकल्पना का विमर्श : मालिनी अवस्थी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ,। श्रीराम परिषद कार्यक्रम में द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में मातृशक्ति से राष्ट्रशक्ति विषय पर लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने कहा कि आधुनिक और विकसित भारत की संकल्पना का विमर्श बिना स्त्रियों के संभव नहीं है।

श्री गुरु वरिष्ठ न्यास द्वारा आयोजित श्रीराम परिषद कार्यक्रम में मालिनी अवस्थी ने कहा कि जब हमने होश संभाला था, तबका स्त्री विमर्श बेड़ियों वाला था। गार्गी, अहिल्या और कपाला किताबी बातें रही हैं। स्त्रियों के हिस्से बेड़ियां और शोषण आया है। आज बदलाव का दौर है, स्त्रियां समाज के हर पायदान में अपना मुकाम हासिल कर रही हैं। भारत में स्त्रियों का विमर्श बिना मां की कहानियों के संभव नहीं है।

प्रसिद्ध लेखिका एवं शिक्षिका दीपाली पाटवड़कर ने कहा कि हमारी पहली गुरु मेरी माता है। मेरे बच्चों की भी पहली गुरु मेरी ही मां है। जब हम अहिल्या देवी की बात करते हैं तो उनकी सास गौतमा बाई होलकर ने ही उन्हें सिखाया, क्योंकि उनकी उम्र आठ वर्ष ही थी। रानी दुर्गावती को तो उनकी मां और पिता ने सारे युद्ध कौशल सिखाए। पितृसत्तात्मक व्यवस्था तो यूरोप की देन है। भारत में तो माँ ही परिवार और संस्कार की व्यवस्था देने वाली संस्था है। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती ने तो अपने राज्य गढ़मंडल के गांवों का निरीक्षण करते हुए तालाब बनवाये, रास्ते बनवाये, अन्न क्षेत्र की शुरूआत करायी। रानी अहिल्याबाई ने देश में मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। गांव के बच्चों के लिए तत्कालीन विद्यालय बनवायें। रानी दुर्गावती की शासन व्यवस्था तो अनुकरणीय हैं। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता शेफाली वैद्य ने कहा कि महाराष्ट्र में राम-कृष्ण की कहानियों के साथ शिवाजी और खासकर उनकी मां जीजाबाई का उल्लेख जरूर होता है। शिवाजी को मां जीजाबाई ने इस लायक़ बनाया, शिवाजी ने निज़ामशाही से निकलकर हिंदवी स्वराज्य की स्थापना कर डाली।

## अहिंसा दल द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में एक-दूसरे के हुए ग्यारह जोड़े



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा।अहिंसा दल द्वारा पटेल चौराहा मवई पड़ियाना नारायणपुर रोड में आयोजित सर्वधर्म एवं सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह में 11 जोड़ों ने सात फ़ेरे लिए। हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न इस विवाह समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। आयोजन का मुख्य उद्देश्य दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता फैलाना और जातिवाद जैसी कुरीतियों को समाप्त करना था। अहिंसा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार राजपूत ने कहा कि यह पहल 2013 से जारी है और आगे भी समाज में समानता व सौहार्द बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन होते रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजन की पूरी जिम्मेदारी राकेश कुमार सिंह, प्रबंधक, बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मवई पड़ियाना द्वारा निभाई गई। विवाह समारोह में नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के साथ आवश्यक उपहार भी प्रदान किए गए। आयोजकों ने इस प्रकार के आयोजन को आगे भी लगातार करते रहने की बात कही है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत 351 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

❑ सात फ़ेरे और वैदिक मंत्रों की गूंज, एक आयोजन ने बदल दी कई ज़िंदगियां! जरूरतमंदों के लिए बड़ा सहारा

❑ गोला विधायक व कुंभी ब्लाक प्रमुख की अगुवाई में भव्य कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोल गोकर्णनाथ-खीरी। गोला के लखीमपुर रोड स्थित राजेन्द्र गिरि स्टेडियम में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में गोला बाकेगंज व बिजुआ ब्लाक के अन्तर्गत आने वाले गांव के बैवाहिक जोड़ो की कराई गई शादी। इस अवसर पर कुम्भी खंड विकास अधिकारी व एडीओ पंचायत कुम्भी अवनीश त्रिपाठी ने बताया कि लगभग तीन सौ इक्यावन जोड़ों को परिणय सूत्र कार्यक्रम के दौरान बांधा गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से समाज कल्याण विभाग लखीमपुर खीरी व खंड विकास कार्यालय गोला की देख रेख में भव्य कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ, वहीं खंड विकास अधिकारी गोला हनुमान प्रसाद मिश्र ने बताया जो वैवाहिक जोड़े हैं उनको मुख्यमंत्री की तरफ से अपना जीवन यापन करने व दाम्पत्य बंधन सुचारू रूप से चलाने के लिये पांच प्रकार के बर्तन, अटैची, चुनरी धोती ब्लाउज, पायल अंगूठी व अन्य शश्रृंगार का सामान व उनके खाते में मुख्यमंत्री राहत कोष से पैंतीस हजार की नगदी पहुंचाने का भी प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्रीय भाजपा विधायक अमन गिरी ने बताया कि हमारी उत्तर प्रदेश सरकार गरीबों के कल्याण के लिए सदैव में तत्पर रहती है और गरीबों के बच्चों की पढ़ाई शादी आदि का खर्चा भी उठाने के लिए कटिबद्ध है। जिसके चलते आज राजेंद्र गिरी स्टेडियम के प्रांगण में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाया गया। इस दौरान नवदंपतियों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दहेज आदि का सामान एवं उनके व उनके परिजनों के भोजन की व्यवस्था भी मुख्यमंत्री के द्वारा की गई है। वहीं कुभ्भी ब्लाक प्रमुख विमल वर्मा ने इस सफल कार्यक्रम को संचालित करने के लिये गोला खंड विकास अधिकारी हनुमान प्रसाद मिश्र व सहायक खंड विकास अधिकारी अवनीश त्रिपाठी की भूरि भूरि प्रशंसा की वहीं भारी भीड़ भाड़ के चलते गोला कोतवाली के अपराध निरीक्षक रविन्द्र कुमार पांडे भी अपने भारी पुलिस फोर्स के साथ मुस्तैदी से जुटे रहे। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख बिजुआ तमाम ग्राम प्रधान ग्राम विकास अधिकारी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बिलहरी मेन बाजार में बने सामुदायिक शौचालय में पसरी गंदगी, खुले में जाने को लोग मजबूर

❑ बीमारियों को दावत, सार्वजनिक शौचालय में गंदगी का अंबार

❑ दुर्गन्ध के चलते लोग बाहर टॉयलेट जाने को मजबूर, जिम्मेदार बेखबर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोला गोकर्णनाथ-खीरी। स्वच्छ भारत मिशन को लेकर जिम्मेदारों की कोई संदीजगी दिखाई नहीं दे रही विकास खण्ड कुंभी गोला क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिलहरी में मेन रोड से सटे बाज़ार में जिला पंचायत से बने सार्वजनिक शौचालय का हाल बेहाल है यहां गन्दगी का अम्बार लगा हुआ है, मेन रोड से सटे बाजार में बने हुए शौचालय के दोनों तरफ मार्केट है मार्केट के लोगों का आरोप है जब से यह शौचालय बना है शायद ही एक आध बार सफाई हुई हो आस पास के दुकानदारों का कहना है कि दुर्गंध के चलते दुकान में बैठना भी दूभर है,जबकि इसकी देखरेख में एक व्यक्ति की नियुक्ति की गई है। लोगों का कहना है दुर्गन्ध के चलते हम लोग बाहर टॉयलेट जाने को मजबूर हैं। हम लोगों को दुकान छोड़कर काफी दूर टॉयलेट जाना पड़ता है। इसके अलावा यहां गुजरने वाले राहगीरों तथा ग्रामीणों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि करीब दो साल पहले जिला पंचायत द्वारा बिलहरी मेन बाज़ार में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया था, जिससे ग्रामीणों तथा बाहर के आने जाने वाले राहगीरों को इसका लाभ मिल सके पर नियमित देख रेख न होने के चलते लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि शौचालय की सफाई व्यवस्था के लिए जन प्रतिनिधियों को मौखिक रूप से कई बार अवगत कराया गया उसके बावजूद भी साफ सफाई नहीं कराई गई, जिससे ग्रामीणों में जनप्रतिनिधियों के प्रति काफी रोष है।

# आज हिचकियों ने लिखे, यादों के नवगीत

मुरादाबाद (एजेंसी)। साहित्यिक संस्था हिन्दी साहित्य संगम के तत्वावधान में मिलन विहार मुरादाबाद स्थित मिलन धर्मशाला में रविवार को काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। युवा कवि जितेंद्र कुमार जौली ने सुनाया कल तक जो ना कहा, वो आज मुख से बसन्ती बोली, आओ गब्बर मिलकर खेलें होली। काव्य गोष्ठी का शुभारम्भ ज्ञान की देवी माँ शारदे के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उसके पश्चात श्री राजीव प्रखर ने माँ शारदे की वन्दना प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष रामदेव द्विवेदी ने की, मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ गजलकार ओंकार सिंह ओंकार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कवि रघुराज सिंह निश्चल उपस्थित रहे। संचालन संस्था के महासचिव जितेन्द्र कुमार जौली द्वारा किया गया। काव्य पाठ करते हुए राजीव प्रखर ने कहा कि देख शरारत से भरी, बच्चों की मुस्कान। बूढ़े दद्दू भी हुए, थोड़े से शैतान, सूना-सूना जब लगा, बिन बिटिया घर द्वार, चीं चीं चिड़िया को लिया, बाबुल ने पुचकार। नवगीतकार योगेन्द्र वर्मा व्योम ने दोहे प्रस्तुत किए। आपस के अपनत्व का, जीकर सुखद अतीत। आज हिचकियों ने लिखे, यादों के नवगीत, धन-पद-बल की हो अगर, भीतर कुछ तासीर, जीकर देखो एक दिन वृद्धाश्रम की पीर। रघुराज सिंह निश्चल ने सुनाया नेकी कर दरिया में डालो, जीवन का सिद्धान्त बना लो। शायर राशिद मुरादाबादी ने कहा-गुरबत की आबरू यूँ ढक लिया करो, उठाकर दुपट्टा सीने पर रख लिया करो। गजलकार ओंकार सिंह ओंकार ने कहा लोग आजकल कर रहे, निरुद्देश्य ही शोर। किसी लक्ष्य को भेदते, दिखते नहीं सवाल, वाणी में विष घोलकर, बहस करे दिन-रात। हृदय तराजू में मगर, चलते नहीं सवाल। वरिष्ठ कवि रामदत्त द्विवेदी ने कहा-अरे भगवान तू उसको उठा ले दशा जिसकी न देखी जा रही है।

# दबंगों ने किया युवती से अश्लील हरकतें, परिजनों की गई पिटाई

❑ आखिर किसके दबाव में नही लिखी गई एफ आई आर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पहला सीतापुर। महमूदाबाद कोतवाली इलाके के एक गांव में दबंग घर में घुसकर युवती से अश्लील हरकत करना शुरू किया। युवती के शोर मचाने पर बचाने पहुंची युवती की बहन व मां ।दबंग ने अपने परिवार के साथ मिलकर पीड़ित युवती ,युवती की बहन व माँ जमकर धुनाई कर दी। पीड़ित युवती ने मौके से डायल 112 पर तत्काल घटना की सूचना दी।मौके पर पहुंची डायल 112 ने युवती को कोतवाली भेजवाया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही करने की गुहार लगाई।महमूदाबाद इलाके के एक गांव की पीड़ित युवती ने बताया की वह अपनी बहन व मां के साथ शुक्रवार की दोपहर करीब 2:00 बजे घर में थी तभी गांव का दीपक यादव पुत्र बलवंत घर में घुस आया और उसकी बहन से अश्लील हरकतें करने लगा। जिससे वह अपने बचाव में शोर मचाने लगी। पीड़िता ने बताया कि शोर सुनकर मेरी बहन व मां बचाव के लिए दौड़ कर आ गई। तो दीपक वहां से भाग गया और घर से अपने परिजनों को बुलाकर दोबारा घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़िता की मां और बहन की जमकर पिटाई कर दी पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की लेकिन घटना शुक्रवार की बताई जा रही हैं ।लेकिन खबर लिखे जाने तक 3 दिन बीत चुके। फिर भी एफ 0आई0 आर0 लिखना कोतवाली महमूदाबाद के द्वारा मुनासिफ नही समझा गया। अब सवाल यह उठ रहे है कि क्या योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में यही नारी शक्ति मिशन अभियान के तहत सम्मान किया जा रहा है? आखिर किस कारण से अभी तक एफ आई आर नहीं लिखी गई? क्या पीड़िता की आवाज को महकमें के अधिकारी मिलकर दबाने की कोशिश तो नही कर रहे है?कही ऐसा तो नही कि छोट भैया नेताओं की मिलीभगत के चलते मोटी कमाई कर ली गई हो? जिससे कार्यवाही करने में हिला हवाली की जा रही है।

### क्या बोले कोतवाली प्रभारी

उपरोक्त प्रकरण में जब कोतवाली प्रभारी से घटना की जानकारी की गई तो बताया की तहरीर प्राप्त हुई है कार्यवाही के लिए जांच चल रही हैं।

# आनंद मार्ग प्रचारक संघ जिला इकाई के पदाधिकारियों ने किया नामांकन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। आनंद मार्ग प्रचारक संघ जिला इकाई की एक बैठक नेशनल हाईवे कसया स्थित प्रोग्रेसिव कंप्यूटर सेंटर के सभागार में संपन्न हुई। जिसमें नई जिला कमेटी के चुनाव को लेकर दावेदारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। रविवार को आनंद मार्ग प्रचारक संघ जिला इकाई की बैठक में पर्यवेक्षक गोरखपुर कालेज के प्रवक्ता अशोक सिंह, संयोजक गोरखपुर के डीएस आचार्य दिवाकरानंद अवधूत और एडवोकेट जयश्री सिंह की देखरेख में जिला इकाई के पदाधिकारियों के विभिन्न पदों को लेकर संस्था के दावेदारों ने अपना नामांकन किया। इस दौरान सुशांत कुमार, राव, शकुंतला त्रिपाठी, बलराम सिंह, कृष्ण बिहारी सिंह, प्रभु निषाद, रविन्द्र तिवारी, कृपा सिंधु सिंह, श्रीमती मीरा देवी, सुदामा, रामचंद्र आदि मौजूद रहे।

## महाकुंभ में श्रद्धालुओं से उरई रोडवेज और ट्रेन को 7 करोड़ 83 लाख की आय

जालौन (एजेंसी)। महाकुंभ का समापन हो चुका है और इसके बाद उरई रोडवेज व रेलवे की आय बढ़ा दी है। 10 जनवरी से 28 फरवरी तक रोडवेज और रेलवे को करीब साढ़े सात करोड़ की आय हुई। परिवहन निगम के उरई डिपो ने अपने बेड़े की 90 बसों में 65 बसें कुंभ मेले के लिए लगा दी थी। बता दें कि, 11 जनवरी से 28 फरवरी तक कुंभ के दौरान रोडवेज को छह करोड़, 65 लाख, 54280 रुपये की आय हुई। इसी तरह रेलवे को भी 10 जनवरी से 28 फरवरी तक एक करोड़ 17 लाख 35 हजार 330 रुपये की आय हुई। इस दौरान रेलवे ने रिले रेल सेवा के अलावा करीब 35 ट्रेनों का संचालन झांसी कानपुर रेलखंड से प्रयागराज के लिए किया। रेलवे स्टेशन पर रोजाना हजारों की संख्या में यात्रियों की भीड़ उमड़ी। रेलवे ने कुंभ स्पेशल सेवा का संचालन कर सिर्फ 65 रुपये में श्रद्धालुओं को कुंभ तक पहुंचाने का काम किया।रोडवेज की आय बढ़ने पर एआरएम कमल किशोर आर्य ने स्टाफ की सराहना भी की। स्टेशन अधीक्षक एसके खरे का कहना है कि भीड़ को देखकर अधिकारियों को अवगत कराकर अतिरिक्त ट्रेनों का स्टापेज उरई में कराया गया।

# नशामुक्ति केंद्र में युवक की पीट पीटकर हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार



मीरजापुर (एजेंसी)। कोतवाली कटरा पुलिस ने नशामुक्ति केंद्र लोहदी में युवक की हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से हत्या में प्रयुक्त लोहे की पाइप और बांस का बेंत बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओपी सिंह के अनुसार मृतक तौसीफ अंसारी को 14 फरवरी को उसके परिजनों ने नशामुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। वहां उसने भागने की कोशिश की थी, जिसके चलते केंद्र के कर्मचारियों ने उसे पकड़कर पीटा। मारपीट के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना को लेकर तौसीफ अंसारी के पिता अकालून ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देश पर गठित टीम ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी शिवम तिवारी (निवासी नैनी, प्रयागराज) और बुल्ली उर्फ रमाशंकर प्रजापति (निवासी वासलीगंज) इलाके में मौजूद हैं। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि तौसीफ को नशामुक्ति केंद्र में निगरानी में रखा गया था। उसने पहले भी भागने की कोशिश की थी। घटना के दिन जब उसने दोबारा भागने का प्रयास किया और गाली-गलौज की, तो गुस्से में आकर उन्होंने उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर ली है।

# सुप्रसिद्ध कलाकार राम श्याम बंधु ने सुन्दर भजनों का बांधा समां

## बाबा के भजनों में रात भर झूमे श्रद्धालु, खेली गयी फूलों की होली, हुआ गजरा उत्सव

❑ पूरे पण्डाल में मौजूद श्याम भक्तों को किया सम्मोहित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जहांगीराबाद (सीतापुर)। श्री श्याम सत्संग भवन पुरानीगंज में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार को शाम 7बजे से श्री श्याम सतरंगी फागुनी अमृत महोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरी रात सभी श्रद्धालु भक्त खाटू श्याम के सुन्दर भजनों में डुबकी लगाते रहे। इसके अलावा हवन कुंड की अग्नि से अखंड श्याम ज्योति का प्रज्ज्वलन किया गया। श्री खाटू श्याम जी का फूलों द्वारा विशेष अलौकिक श्रंगार कर उन्हें छप्पन भोग लगाया गया।

इस अवसर पर बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ फूलों की होली खेल कर गजरा उत्सव भी मनाया गया। भक्तों ने हवन पूजन किया तथा आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में बरेली से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायक भ्राता राम श्याम ने अपने भजनों से समां बांध दी। उनके भजनों को सुनकर पूरा पंडाल झूम उठा। जैसे ही राम श्याम बंधु ने गाया ''बाबा आयेगा....... बाबा आयेगा....?। सच्चे दिल से श्याम पुकारो,वो रुक नहीं पायेगा।'' पूरा पंडाल इस भजन पर झूम उठा। उनके सुन्दर भजनों से श्रद्धालु इतना सम्मोहित हो गये कि भोर पहर तक उठने का नाम ही नहीं लिया।

भजन गायक अम्बर श्रीवास्तव ने''गणेश वंदना'' तथा ''जलती रहे ज्योति श्याम बाबा जलती रहे'' भजन गाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस मौके पर भजन गायक मयूर वर्मा ने अपने सुन्दर भजनों ''मच गया शोर सारी नगरी में..'' तथा ''आज बिरज में होली रे रसिया.'' गाकर जोश भर दिया। बहराइच से पधारी भजन गायिका तनुश्री के भजन ''न धन दौलत न कोई उपहार मांगा है, ऐ कमली वाले तेरा प्यार मांगा है.....'' को सुनकर सभी झूम उठे। भजन गायक सानू सोनी फतेहपुर ने अपने भजन ''छोड़ेंगे न हम बाबा साथ मरते दम तक..'' बहुत सराहा गया।

कार्यक्रम में भक्तों को श्याम खजाना भी दिया गया। इस दौरान विधायक निर्मल वर्मा, कवि एवं साहित्यकार संदीप सरस, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक सुरेंद्र जी,विशाल गुप्ता, अश्विनी त्रिपाठी, व आयोजक सांवरा सेठ एवं संयोजक श्री श्याम परिवार के शिव प्रसाद सिंघल, बसंत खेतान, विजय कुमार अग्रवाल, अमित सिंघल, पंकज खेतान, रवि प्रकाश बंसल, राज कुमार अग्रवाल, अमन श्रीवास्तव, नितिन मंगल, प्रदीप जायसवाल, मनीष व विकास सहित पुरैनी गंज व आसपास क्षेत्र के सैकड़ों महिला, पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

आयोजकों द्वारा कलाकारों सहित गणमान्य लोगों का श्रीश्याम चुनर डालकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत व सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम भोर पहर तक चलता रहा।

# खाटू श्याम के जयकारों के साथ निकली श्री श्याम सतरंगी निशान भव्य शोभायात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जहांगीराबाद (सीतापुर)। श्री श्याम सत्संग भवन पुरैनी गंज से रविवार पूर्वाह्न ग्यारह बजे श्री खाटू श्याम बाबा के जयकारों के साथ श्री श्याम सतरंगी निशान भव्य शोभायात्रा बड़ी ही धूमधाम से निकली गयी। यात्रा की शोभा देखते ही बन रही थी।इस यात्रा में पैदल, दुपहिया व चौपहिया वाहनों के साथ रथ, घोड़े और ऊंट भी शामिल थे। सभी लोग श्री श्याम निशान हाथों में लेकर जयकारे लगाते और अबीर गुलाल लुटाते बड़ी श्रद्धा और विश्वास के साथ यात्रा में शामिल थे। महिलाएं, बच्चे, बूढ़े और जवान सभी बड़े ही उल्लास के साथ यात्रा में चल रहे थे। यह निशान यात्रा श्री श्याम सत्संग भवन पुरैनी गंज से शुरू होकर सेठगंज,मंगरहिया बाजार होते दोपहर बाद बिसवां बड़ा चौराहा पहुंची जहां से नगर में स्थित श्रीनृसिंहधाम मंदिर पर पहुंची वहां भक्तों ने विश्राम किया।इस बीच जगह जगह कई स्थानों पर निशान यात्रा का भव्य स्वागत भी किया गया। यात्रा में भारी संख्या में बाबा के भक्त महिला,पुरुष व बच्चे शामिल रहे। निशान यात्रा पुनः श्री श्याम सत्संग भवन पुरानीगंज पहुंची जहां श्री श्याम परिवार के लोगों ने सभी का स्वागत किया।

# शहीदों की आत्म शांति एवं विश्व कल्याण के लिए अखंड भारत सेनानी महायज्ञ का आयोजन

❑ 11111 कुंडों में आहुति के साथ संपन्न होगा, श्री राम नाम महायज्ञ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



छतरपुर। जिले के बोड़ा ग्राम पंचायत स्थित अखंड ब्रह्मांड नायक पृथ्वी सम्राट करधइयन सरकार मंदिर में पंच दिगंबर अनी अखाड़ा महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री दीनबंधु दास महाराज जी की तपोभूमि में भारत के इतिहास में पहली बार शहीदों की आत्मा शांति एवं विश्व कल्याण के लिए यज्ञों का महाकुंभ आयोजित होने जा रहा है जिसके लिए क्षेत्र के सैकड़ों गांव के हजारों धर्म प्रेमी, गणमान्य एवं प्रबुद्ध जनों के बीच यज्ञ के आयोजन हेतु एक सुझाव बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

इस भव्य आयोजन का कार्याध्यक्ष एव मार्गदर्शन महामंडलेश्वर श्री दीनबंधु दास महाराज के सान्निध्य में किया जाएगा। अखंड भारत सेनानी महायज्ञ को शहीदों की आत्म शांति एवं विश्व कल्याण, विश्व शांति, राष्ट्र उत्थान एवं सर्वसिद्धि हेतु एक दिव्य और भव्य यज्ञ के रूप में संपन्न किया जाएगा, जिसमें 11111 कुंडों की स्थापना की जाएगी। इतना ही नहीं, इसमें 121 आचार्य एवं 11 हजार विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा इस महायज्ञ को संपन्न कराया जाएगा। महामंडलेश्वर श्री दीनबंधु दास महाराज जी ने कहा कि जल्द ही ध्वज स्थापना के साथ महायज्ञ की तिथि एवं कार्यक्रमों का निर्धारण होगा। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों ने यज्ञ की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया तथा इसके सफल संचालन हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि देश-विदेश से कई बड़ी हस्तियां इस आयोजन के सहभागी बनेंगे। उम्मीद ये भी जताई जा रही है कि इस आयोजन में करोड़ों लोग हिस्सा ले सकते हैं।

## इबादत और जरुरतमंदों की मदद का महीना है रमजान

अमेठी। इस्लाम में रमजान का महीना बहुत पवित्र माना गया है इस माह में नेक काम का शबाब कई गुना मिलता है लोग रोजे रखकर अपने परवरदिगार की इबादत करते है तो कमजोर और जरुरतमंदो की मदद कर शबाब लूटते है। रमजान का पवित्र माह इंसान को आत्म नियंत्रण की सीख देता है यह पवित्र महीना अदब और अकीदत का महीना होता है ।यह महीना इंसान को कई मायने में बेहतर बनाने और उसमें खामियों को कम करके खूबियां बढ़ाने का एक बड़ा जरिया है ।इस पवित्र माह में रोजेदार बुराइयों से बचने की कोशिश करता है और कमजोर लोगो की बेहतरी की कोशिश करता है ।इस माह में हर रोजेदार पांचों वक्त की नमाज भी अदा करने का पूरा प्रयास करता है सुबह शहरी के बाद फजर व शाम को अफ्तारी के बाद मगरिब के साथ ही रात्रि में ईशा(तराबी) भी पढ़ता है ।इस माह में रोजा इफ्तार के जरिये भाईचारे को बढ़ावा दिया जाता है तो जकात के जरिये लोग जरुरतमंदो की मदद करते है ।रमजान के माह में लोग अच्छाई की ओर बढ़ने और बुराई से दूर भागने की कोशिश करते है यही कोशिश उन्हें बतौर इंसान बेहतर बनाती है। आमतौर पर इस माह में ईद से पहले लोग जकात व फितरा भी निकालते है इससे जरुरतमंदो को मदद मिलती है यह हर शख्स की कोशिश रहती है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों की मदद की जाये।

ता. पेशी-11-3-2025
मु.-नं.T202410640307939
एम0 सी0 जे0 फार्म नं0 33 भाग 7
**हेतु संदर्शित करने के सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी न्यायिक महोदय लहरपुर सीतापुर
वादा सं0 सन 200 ई0 वादी
गायत्री देवी बनाम लक्षिमन
प्रतिवादी लक्षिमन पुत्र सरजू नि. ग्राम दुधरिया मजरा लक्षमनपुर पर. तम्बौर त. लहरपुर जिला सीतापुर को चूँकि उपरिनामांकित में इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सन्दर्शित करने के लिए 2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं सम्पर्क रूपेण अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा आधारित किया जायेगा)
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज 2025 के दिवस के दिवस को निकाली गई।
आज्ञा से,
न्यायाधीश
न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी (न्यायिक) तहसील-लहरपुर।

# बोर्ड परीक्षा में हुआ बड़ा गड़बड़झाला, अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज में बोर्ड का रिजर्व पेपर हुआ लीक

## केन्द्र व्यवस्थापक की बडी लापरवाही, हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा रिजर्व पेपर से कराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। जनपद के फाजिलनगर विकास खण्ड क्षेत्र के नकटहा मिश्र स्थित अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज मे शनिवार को यूपी वोर्ड की परीक्षा में शुचिता को तार तार करते हुए वोर्ड के अतिरिक्त (रिजर्व) प्रश्नपत्रो से दोनो पालियों का परीक्षा कराये जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जबकि पेपर लीक होने की दशा मे वोर्ड के सचिव से अनुमति लेने के बाद चौथी आलमारी में रखे गये रिजर्व पेपर से परीक्षा कराये जाने का प्राविधान है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब सामान्य प्रश्नपत्र लीक नही हुआ तो फिर किसके आदेश पर दोनो पालियों की परीक्षा रिजर्व मे रखे गये पश्नपत्रो से करायी गयी है ? वोर्ड परीक्षा नियमावली के अनुसार यह कृत जघन्य अपराध के श्रेणी में आता है। इसके लिए केन्द व्यवस्थापक, परीक्षा इंचार्ज, विद्यालय के प्रबंधक व डीआईओएस को जिम्मेदार ठहराया जाता है। चर्चा है कि मामला उजागर होने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर प्रबन्धक ने केन्द्र व्यवस्थापक को निलंबित कर दिया है। काबिलेगौर है कि जिले में 24 फरवरी से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू हुई है। निष्पक्ष व नकलविहीन परीक्षा कराने और परीक्षा की शुचिता को बरकरार रखने के लिए जनपद में कुल 152 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। शनिवार एक मार्च को प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित व दुसरी पाली मे इण्टरमीडिएट की नागरिक शास्त्र विषय की थी। बताया जाता है कि जनपद के फाजिलनगर व्लाक के अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज नकटहा मिश्र केन्द्र पर प्रथम पाली मे हाईस्कूल व द्वितीय पाली इंटरमीडिएट की निर्धारित गणित व नागरिक शास्त्र विषय के प्रश्नपत्रों से परीक्षा कराने के बजाय चौथे आलमारी मे रखे गये रिजर्व (अतिरिक्त) प्रश्नपत्र परीक्षार्थियों में वितरित कर परीक्षा कराया गया है जबकि परीक्षा केन्द्रों के चौथे आलमारी में रखे गये अतिरिक्त प्रश्नपत्रो का उपयोग उस दशा में की जाती है जब निर्धारित सामान्य पेपर लीक हो जाती है।

जानकार बताते है कि सामान निर्धारित पेपर किसी कारणवश आउट होने पर बोर्ड परीक्षा के सचिव से अनुमति लेने के बाद चौथी आलमारी में सुरक्षित रखे गये रिजर्व (अतिरिक्त) प्रश्नपत्रो से परीक्षा कराने का नियम है। किन्तु अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज में केन्द्राध्यक्ष व प्रधानाचार्य द्वारा निर्धारित प्रश्नपत्रो के लीक हुए बिना प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित व दुसरी पाली मे इण्टरमीडिएट नागरिक शास्त्र की परीक्षा रिजर्व प्रश्नपत्रो से कराया गया है जो माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के नियमावली में जघन्य अपराध के श्रेणी आता है।

इसके लिए लिए केन्द्र व्यवस्थापक / प्रधानाचार्य, प्रबंधक व डीआईओएस को जिम्मेदार ठहराने का नियम है। यहा बताना जरूरी है कि प्रत्येक केंद्रों में चार-चार अलमारियां रखी गयी हैं। पहली अलमारी में पहली पाली हाईस्कूल का और दूसरी अलमारी में इंटरमीडिएट दूसरी पाली के प्रश्नपत्रों को रखा गया है जबकि तीसरी अलमारी खाली रहती, जिसमें परीक्षा के बाद बचे हुए प्रश्नपत्रों व बाइंडिंग स्लिप और चौथी अलमारी में अतिरिक्त प्रश्न पत्र रखने का गाइडलाइन बोर्ड की ओर से निर्धारित किया गया हैं। यह अलमारियां तीन लेयर की सुरक्षा घेरे में है पहले लेयर में अलमारी को दो तालों से लॉक किया जाएगा। दूसरे लेयर की निगरानी के लिए 24 घंटे तैनात पुलिस कर्मी करेगें व तीसरे लेयर में सीसीटीवी से अलमारियों की निगरानी की जानी है।

### डीआईओएस पहुंचे थे रात में केन्द्र पर

सूत्र बताते है कि जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्ता जिलाधिकारी से अनुमति लेकर रात मे इलाहाबाद जा रहे थे तभी अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज नकटहा मिश्र मे रिजर्व में रखे गये प्रश्नपत्रो से परीक्षा कराने का सनसनीखेज मामला उनके संज्ञान में आया। इसके बाद डीआईओएस आधे रास्ते से वापस कुशीनगर लौट आये और रात मे ही विभागीय कर्मचारियों के साथ सीधे अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज नकटहा मिश्र पहुचे। सूत्र बताते है कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने रात मे ही स्ट्रांग रुम खुलवाकर सभी अलमारियो को चेक किया। जबकि जानकारों का कहना है कि रात में जिलाधिकारी के अनुमति के बगैरह किसी भी सूरत में किसी भी व्यक्ति द्वारा स्ट्रांग रूम नही खोला जा सकता है। जिला विद्यालय निरीक्षक रात मे पहुकर स्ट्रांग रूम खुलवाये थे या नही इसकी सत्यता वहा लगे सीसीटीवी कैमरा खगालने के बाद स्पष्ट होगा।

### डीआईओएस बोले

जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्ता का कहना है कि मामले की जांज करायी जा रही है चौथी आलमारी खुली होगी और मामले सत्यता पायी जाती है तो दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। इधर विभागीय सूत्रो ने बताया कि डीआईओएस के निर्देश पर विद्यालय के प्रधानाचार्य /केन्दाध्यक्ष को प्रबंधक ने निलंबित कर दिया है और डीआईओएस ने वहा दुसरे केन्द्र व्यवस्थापक को तैनात कर दिया है।

# किसानों को बेल्जियम और भारत की व्यापार में साझेदारी का लाभ मिलेगा : सुरेश खन्ना

❑ बिजनौर में फ्रेंच फ्राइज की नई यूनिट के भूमि पूजन में पहुंची बेल्जियम की राजकुमारी

एजेंसी




बिजनौर। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा मुझे इस बात की खुशी है कि आलू आधारित फ्रेंच फ्राइज यूनिट के लगने से क्षेत्र में जहां रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, वहीं किसानों को भी बेल्जियम और भारत की व्यापार में साझेदारी का लाभ मिलेगा। किसानों को अपने उत्पाद का दोगुना लाभ होगा, जिससे आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। यह बात उन्होंने रविवार को जिले में महमूदपुर गांव के पास फ्रेंच फ्राइज की नई यूनिट के शिलान्यास के मौके पर रही। यूनिट का शिलान्यास बेल्जियम की राजकुमारी ऐस्ट्रिड ने किया। राजकुमारी के साथ 70 विदेशी मेहमान भी थे। यह यूनिट बेल्जियम के सहयोग से लगाई जा रही है।

इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि एग्रिस्टो मासा 750 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है, जिससे फैक्ट्री की क्षमता 7500 मिट्रिक टन से क्षमता बढ़ाकर 75000 मीट्रिक टन हो जाएगी। 2500 से ज्यादा किसानों की आय बढ़ेगी।

किसान कंपनी के लिए अनुबंध पर आलू की खेती करेंगे, जिससे उनकी आय बढ़ेगी। पश्चिम उत्तर प्रदेश में इकाई से लोकल रोजगार मिलेंगे। यूपी में जो भी इन्वेस्टर आते हैं, वह कहते हैं कि उत्तर प्रदेश इंडस्ट्री के लिए सेफ है। सरकार का भी यही प्रयास है कि किसी इन्वेस्टर को किसी तरह की कोई दिक्कत ना हो। इस मौके पर वित्त मंत्री ने बेल्जियम की राजकुमारी और यूपी में आने वाले सभी इन्वेस्टर का सरकार की तरफ से आभार व्यक्त किया।

वेव ग्रुप कम्पनी के चैयरमेन मनप्रीत सिंह चड्ढा ने कहा कि इसके जरिये क्षेत्रीय कृषि में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। बेल्जियम की इस कंपनी ने भारतीय कंपनी मासा ग्लोबल फूड प्राइवेट लिमिटेड (वेव ग्रुप) और एग्रिस्टो एनवी के साथ मिलकर दूसरी नई फ्रेंच फ्राइज यूनिट लगा रही है। इससे पहले वर्ष 2022 में एक यूनिट यहां लगाई थी। उन्होंने बताया कि कंपनी में आलू से बनाए जाने वाले फ्रेंच फ्राई, मैश पोटैटो, पोटैटो पाउडर और आलू चिप्स की कई देशों में सप्लाई होती है। भारत की इस फैक्ट्री से फ्रांस, इंग्लैंड, जर्मनी, इटली आदि देशों को एक्सपोर्ट किया जाता है। बेल्जियम भारत बिजनेस मिशन के तहत 750 करोड़ की लागत से बिजनौर में तीन यूनिट स्थापित करेगी। जिसमें पोटैटो (आलू) प्रोसेसिंग, वेजिटेबल प्रोसेसिंग, आलू से जिन, व्हिस्की, वोदका मैन्युफैक्चरिंग होगा। गौरतलब है कि बिजनौर में लगाई जा रही एग्रिस्टो मासा कंपनी की नई यूनिट में वेव ग्रुप का भी इन्वेस्टमेंट है। सरकार के साथ-साथ अब कारपोरेट जगत भी किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए कदम आगे बढ़ा चुका है। उत्तर प्रदेश में अब कई कॉरपोरेट घराने किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए नए संसाधन अपना रहे हैं।

# सोशल साइट्स के अफवाहों से रहें सावधान : थानाध्यक्ष

❑ तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र के लाला गुरुवालिया में में पीस कमेटी की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। छोटी सी गलती होली के रंग को बदरंग कर सकती है। जरूरत है किन्ही अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए तथा सभी गिले शिकवे भूल कर परंपरागत होली एवं रमजान त्योहार को मनाया जाए क्योंकि आपसी सौहार्द के बिना त्यौहारों के रंग फीके पड़ जाते हैं। यह बातें थानाध्यक्ष तुर्कपट्टी संजय कुमार ने कही। वे गुरुवालिया बाजार में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान, बीडीसी सहित गाँव क्षेत्र के सम्भ्रांत लोगों को आगे आने की जरूरत है। क्योंकि कई बार त्यौहारों के दौरान छोटी छोटी बातें वैचारिक मतभेद के कारण बन जाते हैं। गाँव में सभी के साथ बैठक कर होली एवं रमजान के पाक महीना की महत्ता बताई जाए ताकि हमेशा अच्छाई की जीत हो। शराब, फूहड़ गीत और जबरन रंग गुलाल लगाने से परहेज किया जाए। अक्सर ये विवाद के कारण बनते हैं।

सम्मत जलाने के स्थल को लेकर कोई नई परंपरा न डाली जाए। शांति व्यवस्था को लेकर परेशानी पैदा करने वालों पर पुलिस कड़ी नजर रखी जा रही है। चौकी इंचार्ज मधुरिया जितेंद्र कुमार ने कहा कि होली और रमजान जैसे त्यौहार आपसी रिश्तों को मजबूत करने के माध्यम है।इस माध्यम को आगे बढ़ा जाय ताकि समाज को एक बेहतर संदेश मिले।इस दौरान महासोन, रुदवलिया, झनकौल में भी बैठक कर लोगों से संवाद स्थापित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सुनील त्रिपाठी ने किया। इस दौरान इंचार्ज जितेंद्र कुमार, पूर्व चेयरमैन रामेश्वर प्रसाद ग्रामप्रधान आदित्य पांडेय, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, असलम अली, रविन्द्र सिंह, मुर्तुजा अली डॉ सदीक अली, सुरेंद्र कुशवाहा, मोहन श्रीवास्तव, नीतीश कुशवाहा, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आम लोग मौजूद रहे।

# पदयात्री थाई 40 बौद्ध भिक्षुओं को थाई मॉनेस्ट्री ने किया भोजनदान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। बुद्ध स्थली कुशीनगर तीर्थाटन पर पदयात्री थाई 40 बौद्ध भिक्षुओं को थाई मॉनेस्ट्री में थाई परम्परा के अनुसार भोजन दान दिया गया। शनिवार को थाई मॉनेस्ट्री के प्रमुख भंते डॉ पी सोम पोंग के निर्देशन में भंते सोन क्रान और भंते अचान, भंते पी पविन, भंते डॉ कितिफ़ान, भंते पी नालोंग, मिस एडी, मेम ललिदा आदि ने भिक्षुओं के पिंड पात्र में फल, खाद्य आदि दान किया। इससे पूर्व कुशीनगर तीर्थाटन पर आए भिक्षुओं ने आज सुबह मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर में धम्म पाठ के साथ तथागत बुद्ध का पूजन, अर्चन किया और चीवर चढ़ाया। थाई भिक्षु फ्रा अचान चमलात के नेतृत्व में 40 बौद्ध भिक्षुओं का दल पैदल गया, राजगीर, नालंदा, वैशाली, केसरिया होते हुए कुशीनगर एक सप्ताह पूर्व आया था। आज लुंबिनी के लिए निकल गए। इस दौरान थाई मंदिर में अंबिकेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड, सूरज यादव, गौतम शर्मा आदि सहयोगी मौजूद रहे।

# होली पर कोई किसी प्रकार की गड़बड़ी करता पाया गया तो होगी कार्रवाई : दिनेश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना, कुशीनगर। होली पर्व पर उत्पात करने वालों से निपटने के लिए जिला प्रशासन की तरफ से पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। रविवार को कोतवाली पडरौना थाने परिसर में शांति कमेटी की बैठक में अपर पुलिस कप्तान रितेश कुमार सिंह ने कहा कि होली पर कोई किसी प्रकार की गड़बड़ी करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी। सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेज ने भी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के संबंध में अपने अपने सुझाव दिए। इसके बाद अपर पुलिस कप्तान रितेश कुमार सिंह ने कहा कि होली के मौके पर विद्युत एवं जलापूर्ति अनवरत जारी रहेगी। संबंधित अधिकारी इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं। बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए नगरपालिका को निर्देश दिया कि नाले,नालियों से निकाले गए मलबों को अविलंब हटा दिया जाए। उन्होने कहा की चिकित्सीय व्यवस्था बेहतर रखने के लिए वास्थ्य से जुड़े अधिकारी कर्मचारी अपने तैनाती स्थल पर मौजूद रहेगे। कहा की जनपद मे होली पर्व के अवसर पर शराब की दुकानें पूर्णतया बंद रहेंगी, कंट्रोल रूम निरंतर क्रियाशील रहेगा, असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि संवेदनशील एवं अति संवेदनशील गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जाएगी। चंदा वसूली पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसके अलावा जिले के सभी थानावार शांति समिति की बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए और सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा बैठक में शामिल लोगों से किसी भी प्रकार की व्हाट्सएप फ़ेसबुक ट्विटर इंस्टाग्राम पर धार्मिक भड़काऊ पोस्ट किए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया । पीस कमेटी बैठक की अध्यक्षता कोतवाल पडरौना रबि कुमार राय ने की । इस अवसर पर पीस कमेटी की बैठक मे वरिष्ठ उपनिरीक्षक रवि भूषण राय, अपराध निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह,नगर पालिका परिषद पडरौना अधिशासी अधिकारी संतराम सरोज, सदर तहसीलदार समेत व्यापार मंडल गांव के ग्राम प्रधान ग्राम प्रतिनिधि सहित व्यापार मंडल से जुड़े पदाधिकारी आदि लोग मौजूद रहे।

# 120 वर्ष प्राचीन शिवमंदिर परिसर के यज्ञशाला के लिए हुआ भूमिपूजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत राजापाकड़ के गोपलापट्टी में 120 वर्ष पूर्व स्थापित परिसर में वर्ष 1965 से लगने वाले महाशिवरात्रि मेला के निमित्त गत 16 फरवरी से 26 फरवरी तक 120 वर्ष पूर्व स्थापित आयोजित 11 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ के निमित्त रविवार को भंडारा व यज्ञशाला के लिए भूमिपूजन संपन्न हुआ। रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यज्ञाचार्य पं. प्रद्युम्न शुक्ल के मंत्रोच्चार के बीच मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता जितेंद्र यादव, आयोजन समिति के अध्यक्ष राजू यादव, सत्यनारायन यादव, मृत्युंजय सिंह मोनू, राजनारायण मिश्र उर्फ चुन्नु, मुकेश यादव, जोखू यादव, रवींद्र यादव, नित्यानंद पांडेय, शैलेंद्र तिवारी, राजकुमार गिरी आदि ने जनसहयोग से बनने वाले यज्ञशाला के लिए अभिमंत्रित 21 नींव की ईंटें रखी। इसके पश्चात संतजन तत्पश्चात आमजन का भंडारा संपन्न हुआ। इस दौरान छोटे ठाकुर, रामपति कुशवाहा, प्रेमचंद यादव, विजय श्रीवास्तव, भोलू, आनंद, हरेंद्र, धर्मराज, अशोक, अनूप, सिकंदर आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय कुशवाहा शाक्य सैनी मौर्य महासभा के जिला अध्यक्ष बने केदारनाथ कुशवाहा

❑ बैठक में महासभा की ओर से कुशवाहा समाज ने 25 मार्च को सम्राट अशोक को जयंती को भव्य रूप से मनाने का लिया निर्णय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पडरौना, कुशीनगर। राष्ट्रीय कुशवाहा शाक्य सैनी मौर्य महासभा की तरफ से पडरौना शहर के बेलवा चुंगी स्थित भारतीय इंटरमीडिएट कॉलेज में एक आवश्यक बैठक महासभा से जुड़े पदाधिकारी की संपन्न हुई। इसमें आगामी 25 मार्च को प्रियदर्शी सम्राट अशोक महान जयंती समारोह को भव्य रुप से मनाए जाने को लेकर तैयारी बैठक में अलग-अलग पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में सर्व संपत्ति से कुशवाहा महासभा से जुड़े पदाधिकारी ने केदारनाथ कुशवाहा को महासभा का नए रुप मे जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके बाद नवनियुक्त राष्ट्रीय कुशवाहा शाक्य सैनी मौर्य महाभारत के जिला अध्यक्ष हुए केदारनाथ कुशवाहा ने महासभा का कार्यभार ग्रहण करते हुए तीन दिन के भीतर जिला स्तरीय कमेटी घोषित करने का निर्णय लिया । इसके बाद आगामी 25 मार्च को सम्राट अशोक महान जयंती को सफल बनाने के लिए जनपद भर में दौरा कर समाज से जुड़े लोगों को एकत्रित करने की अपील की। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता जिला महासचिव पारसनाथ कुशवाहा ने की तथा संचालन डॉ मनोज कुशवाहा ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से कुशवाहा सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के नेता नथुनी प्रसाद कुशवाहा,प्रदेश अध्यक्ष परशुराम कुशवाहा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुनील मौर्य, जिला कोषाध्यक्ष घनश्याम कुशवाहा आदि ने नव नियुक्त महासभा से जुड़े जिला अध्यक्ष श्री केदारनाथ कुशवाहा को माला पहनकर स्वागत कर इन्हें बधाई दी। इस अवसर पर शैलेश कुशवाहा, रामाशीष कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, कैलाश कुशवाहा, रामेश्वर कुशवाहा, शंभू कुशवाहा, नंदलाल कुशवाहा, श्यामबदन कुशवाहा, विजय कुशवाहा, कृष्णा कुशवाहा, अमित कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

# फिरोजाबाद: सड़क हादसों में वृद्धा सहित दो की मौत

एजेंसी

फिरोजाबाद। जनपद में रविवार को अलग-अलग थाना क्षेत्र अन्तर्गत हुए सड़क हादसों में वृद्धा सहित दो की मौत हो गई। पुलिस मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाई है। थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के गांव दाखिनारा निवासी अमर कुमार उर्फ सोनू (30) पुत्र विक्रम सिंह रविवार को अपनी मोटरसाइकिल से एटा चौराहा की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसे गैस के टैंकर ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद टैंकर चालक टैंकर छोड़कर भाग गया। हादसा होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन भी रोते बिलखते हुए मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। वहीं दूसरी घटना में थाना मटसेना क्षेत्र के गांव फुलायची निवासी राम प्यारी (70) रविवार को खेत पर जा रही थी।

जैसे ही वह गांव के बाहर पहुंची तभी अचानक एक तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो ने वृद्धा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वृद्धा की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाई है। वृद्धा की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। दोनों ही घटनाओं में पुलिस का कहना है तहरीर प्राप्त कर कार्यवाही की जाएगी।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष पद के लिए 57 लोगों ने किया आवेदन

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष के लिए रविवार को आवेदन पत्र लिए गए। सहादतगंज पार्टी कार्यालय में महानगर अध्यक्ष पद के लिए सांगठनिक चुनाव अधिकारी नीलिमा कटियार ने सभी से आवेदन पत्र लिए। सायं चार बजे से 6 बजे तक आवेदन पत्र जमा करने की प्रक्रिया चली। इस दौरान महानगर अध्यक्ष पद के लिए 57 लोगों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। महानगर अध्यक्ष पद के प्रमुख दावेदारों में पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, राकेश मणि त्रिपाठी, तिलक राम मौर्या , अरविन्द सिंह, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, संजय शुक्ला, कमलाकांत सुन्दरम्, मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह, विशाल मिश्र, डा. अवधेश वर्मा, अभय सिंह, रणधीर सिंह डब्लू, प्रतीक श्रीवास्तव, हरीश कुमार श्रीवास्तव, आकाश मणि त्रिपाठी, सुशील मिश्र बब्लू, आलोक द्विवेदी, रामप्रीत वर्मा, हरभजन गौड़, सूरज सोनकर, आलोक द्विवेदी, ने अपने आवेदन पत्र दिए।

# केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के संसदीय क्षेत्र में मनरेगा चढ़ रही भ्रष्टाचार की भेंट

- पड़री कृपाल विकास खण्ड क्षेत्र में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही मनरेगा योजना
- जिम्मेदारों की मेहरबानी से बिना काम कराए फर्जी तरीके से अपलोड की जा रही हाजिरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा। देश की सबसे बड़ी रोजगार योजना मनरेगा अब पूरे तरीके से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है.भ्रष्टाचारियों ने इस अतिमहत्वाकांक्षी योजना में भी सेंधमारी करके पूरी योजना पर पानी फ़ेर दिया है सरकार की महत्वपूर्ण इस योजना का मकसद था कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरी ब परिवारों को रोजगार मिल सके ताकि वे रोजगार के लि ए बाहरी प्रदेशों में ना जाएं.मगर मनरेगा के जिम्मेदारों ने ही इस योजना में इस कदर लूट मचाई कि केंद्र और राज्य सरकार की पूरी मंशा धराशाई होकर रह गई है।

## पड़री कृपाल ब्लॉक क्षेत्र में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी योजना

जिले के पंडरी कृपाल विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मला री और तेंदुआ भगत में इस योजना ने भ्रष्टाचार एवं अनिय मितता के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और सारे नियमों को ताक पर रखकर विभागीय अधिकारियों से लेकर पंचायती राज के प्रतिनिधि तक मनरेगा की योजनाओं में गड़बड़ी कर रहे हैं मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी एवं हो रही हैं।

भ्रष्टाचार का ताजा मामला विकास खण्ड पड़री कृ पाल में आए दिन प्रकाश में आ रहा है।वही डीसी मनरेगा के दूषित नीतियों के कारण पंडरी कृपाल के मनरेगा में फ र्जी वाड़े में और बढ़ावा मिल रहा है।जहां मनरेगा के तहत विगत के दिनों से कराए जा रहे कार्यों में एक चौथाई मज दूरों को कार्यस्थल पर लगा घर बैठे मजदूरों की हाजिरी ल गा क़र लाखों का गोलमाल किया जा रहा है।हिन्दी दैनिक कैनविज टाइम्स की टीम ने ब्लाक अंतर्गत विभिन्न ग्राम पं चायतो में हो रहे मनरेगा कार्यों की पड़ताल की तो चौंकाने वाला सच सामने आया।

## कागजों में दिखा कार्य, धरातल पर शून्य

हिंदी दैनिक कैनविज टाइम्स की टीम ने पड़ताल में पाया कि ग्राम मलारी में एक मार्च को दो कार्य बारह मस्टर रोल जारी किये गए हैं जिसमे 83 श्रमिकों को कार्य करते हुए दिखा या गया है। अनंत राम के चक से परसिया बॉर्डर तक भूमि विकास कार्य कराया जाना दिखाया जा रहा है लेकि न कार्य स्थल पर कोई कार्य नहीं दिखा न ही श्रमिक,सूत्रों के हवाले से पता चला है कि इस पर कई दिनों पहले कार्य हुआ,लेकिन अभी नहीं।जबकि साइट पर दिखाया जा रहा है प्रतिदिन बारह मस्टरोल में प्रतिदिन 83 श्रमिकों की हा जिरी लगाई गई है।कुल दिनों में लगभग हजारों से अधिक श्रमिकों की हाजिरी लगी है।तो सवाल यह उठना लाजिमी है कि आखिरकार पूर्व में किए कार्यों को आज के दिन में बिना काम कराए ही श्रमिकों की हाजिरी कैसे अपलोड की गई....? घर बैठे सैकड़ो श्रमिकों की फर्जी तरीके से ऑनलाइन हाजिरी लगाक़र लाखों का गोलमाल किए जा ने का मामला अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद भी मस्टररोल लगातार जारी है।वही सवाल या उठता है कि

दोषियों पर विभागीय कार्यवाही भी होगी या फिर डीसी मनरेगा के दूषित नीतिओं को आगे भ्रष्टाचार पर बढ़ावा मिलता रहेगा,वही सवाल यह उठता है कि क्या केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के संस दीय क्षेत्र में ही उनके जीरो टॉलरेंस नीति को जीरो करने पर आमादा है,मनरेगा योजना के जिम्मेदार।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 418 विवाह संपन्न

**एजेंसी**



प्रतापगढ़। जनपद मुख्यालय पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत एटीएल ग्राउण्ड में रविवार को 418 जोड़ों का विवाह भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में 412 हिन्दू जोड़े एवं 06 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। सभी शादियां अपने रीति रिवाज के अनुसार हुई, हिंदू धर्म की शादी वेद मंत्रों के उच्चारण के माध्यम से व मुस्लिम शादियां निकाह के माध्यम से संपन्न की गई।

इस दौरान प्रत्येक जोड़ों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का प्रमाण पत्र व एक-एक फलदार वृक्ष भी दिया गया। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में हर वर्ग के जोड़े सम्मिलित है, विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोग भी इस आयोजन का लाभ उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री बिना किसी भेदभाव के सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सभी जोड़ों को बधाई देते हुये समाज कल्याण विभाग द्वारा किये गये भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवार की बेटियों को परिणय सूत्र में बांधने का कार्य कर रही है। यह योजना गरीब, असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों के पुत्रियों के जीवन में खुशहाली लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और मुख्यमंत्री उनकी सोच को आगे बढ़ाते हुये मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के माध्यम से गरीब बेटियों को एक परिणय सूत्र में बांधने का कार्य किया जा रहा है। हमारे देश में पत्नियों को धर्मपत्नी कहा जाता है, पति और पत्नी ये दुनिया का बहुत ही बेहतरीन रिश्ता होता है और एक दूसरे के लिये महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत सभी जोड़ों को विवाह पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नव दांपत्य जोड़े एक नये चरण में प्रवेश कर रहे हैं, सभी जोड़े खुशहाली के साथ रहें। उन्होंने सभी नव दांपत्य जोड़ों को बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत एक जोड़े पर सरकार द्वारा 51000 रूपये की धनराशि खर्च की जाती है जिसमें 35 हजार रूपये लड़की के खाते में, 10 हजार रूपये की उपहार सामग्री व 6 हजार रुपए की धनराशि से विवाह कार्यक्रम के आयोजन पर व्यय किए जाते हैं। एटीएल ग्राउण्ड में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड सदर के 15, सण्ड़वा चन्द्रिका के 21, मानधाता के 33, लक्ष्मणपुर के 43, लालगंज के 18, कालाकांकर के 37 जोड़ों व समस्त नगर पंचायत के 15 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ शादी सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के उपरान्त सभी जोड़ों व उनके परिवार लोगों ने भोजन ग्रहण किया ।

# रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडरों के खिलाफ चला अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा। रेलवे द्वारा अधिकृत वेंडरों द्वारा गाडियों तथा रेलवे स्टेशन पर गुणवत्तायुक्त खानपान सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।रेलवे प्रशासन स्टेशनों एवं गाडियों में यात्रियों को उपलब्ध कराई गई खानपान की गुणवत्ता को बरकरार र खने तथा उसमें लगातार सुधार के लिए प्रतिबद्ध है।वही रेल प्रशासन को अवैध वेंडिंग की शिकायत भी समय-स मय पर मिलती है।इसी संदर्भ में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य के निर्देश पर गोंडा रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडिंग की रोकथाम हेतु चेकिंग अभियान चलाया गया,इस दौरान गोण्डा रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली सभी गाडियों तथा रेलवे स्टेशन पर वाणिज्य विभाग के अधिकारियों, प्लेटफॉर्म निरीक्षक ने नियोजित तरीके से अलग-अलग गाडियों तथा रेलवे स्टेश न में नामित कर इस अभियान के तहत अवैध वेंडरों के खिलाफ कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है।इस अभि यान के तहत गोंडा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म इंस्पेक्टर के के.एल.यादव नेतृत्व में गोंडा रेलवे स्टेशन पर जांच अभि यान चलाया गया। जिसमें गोण्डा रेलवे स्टेशन पर बारह अवैध वेंडर पकडे गये जिन पर रेलवे नियमानुसार कार्रवा ई की गई और पकड़े गए अनाधिकृत वेंडर्स से 4800,वसू लकर रेलवे राजस्व में जमा कराया गया तथा वेंडरों द्वारा उपयोग किए जाने वाले बारदानों को एलपीओ में जमा कराया गया।साथ ही सभी केटरिंग संचालकों को बिना प्लेटफार्म परमिट के किसी भी वेंडर को प्लेटफार्म एवं गाडियों में खाद्य सामग्री नहीं बेचे जाने बावत सख्त हिदायत दी गई है।

# आरपीएफ इंस्पेक्टर पंद्रह हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा। जिले में एक बार फिर से सीबीआई की एंटी करप्शन टीम ने भ्रष्टाचार को लेकर के बड़ी कार्रवाई की है।मनकापु र रेलवे स्टेशन आरपीएफ पोस्ट पर तैनात आरपीएफ इंस्पे क्टर श्यामराज को सीबीआई की एंटी करप्शन पंद्रह हजा र रुपए लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।गिरफ्तार करके सीबीआई एंटी करप्शन की टीम ने श्यामराज से कड़ाई से पूछताछ की और कड़ाई से पूछताछ करने के बाद अपने साथ लेकर के लखनऊ के लिए रवाना हो गई है।

दरअसल तीन माह पहले वजीरगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले प्रेमी यु गल ने ट्रेन से कूद कर जान देने का प्रयास किया था। जि समें प्रेमी की मौत हो गई थी और इस क्लेम को पाने के लिए लगातार मृतक के परिजन आरपीएफ इंस्पेक्टर मन कापुर का चक्कर लगा रहे थे। क्लेम देने के नाम पर आर पीएफ इंस्पेक्टर श्यामराज की और से बार-बार रिश्वत की मांग की जा रही थी।जिसको लेकर पीड़ित के परिजनों ने लखनऊ पहुंचकर के सीबीआई की एंटी करप्शन की टीम से पूरे मामले की शिकायत की थी।सीबीआई एंटी करप्शन की टीम ने शनिवार को पीड़ित परिजनों से पंद्रह हजार का क्लेम दिलाने के नाम पर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्ता र किया है।वहीं जब पूरे मामले को लेकर के गोंडा आरपी एफ पोस्ट कमांडर नरेंद्र पाल सिंह से बात की गई तो उन्हों ने बताया कि सूचना मिली है हम भी मौके पर पहुंच रहे हैं पूरे मामले की जानकारी होने के बाद ही जानकारी दे पा एंगे।

## पेंशन कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है: प्रिया सरोज

**जौनपुर।** मछलीशहर की सांसद प्रिया सरोज ने पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। रविवार को जौनपुर के अटेवा पेंशन बचाओ मंच के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद से मुलाकात कर अपनी मांग को लेकर पत्रक सौंपा। सांसद सरोज ने कहा कि पेंशन कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है। यह बुढ़ापे में सम्मानपूर्वक जीवन जीने का आधार है। उन्होंने आंदोलन के समर्थन में कई कदम उठाने का वादा किया। सरोज ने आश्वासन दिया कि वह इस मुद्दे को संसद में उठाएंगी। साथ ही प्रधानमंत्री को पत्र लिखेंगी। वित्त मंत्री से व्यक्तिगत रूप से मिलकर पेंशन बहाली आंदोलन में सहयोग करेंगी। उन्होंने तत्काल प्रधानमंत्री को पत्र भी लिख दिया।प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व मंडल उपाध्यक्ष रमेश चंद्र यादव ने किया। इस मौके पर जिला संयोजक चंदन सिंह, जिला महामंत्री इंदु प्रकाश यादव और जिला कोषाध्यक्ष नंद लाल, अरविंद यादव समेत कई अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# कारखास की नई नियुक्ति से जिले में बना चर्चा का विषय

- कारखास' को मिली है खास, विशेष व्यक्ति, मुख्य व्यक्ति, महत्वपूर्ण व्यक्ति और 'करिन्दा' की उपाधि

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल ने जब जनपद गोण्डा की बागडोर संभाली तो ऐसा लगा कि अब पुलिस विभाग में अब बहुत कुछ सुधर जाएगा।कुछ दिन तक वि भाग में उनकी 'खौफ' या 'हनक' कायम भी रही।लेकिन स मयान्तराल के बाद ही ''ढाक के तीन पात'' वाली कहावत चरितार्थ हो गई।एक समय था कि जनपद में थानाध्यक्ष या थाना प्रभारी 'कारखास' बनाने से घबराते थे।वहीं अब था नाध्यक्ष या थाना प्रभारी कारखासों की नियुक्ति कर अपनी जेब गरम करने में मशगूल हैं।उल्लेखनीय है कि पुलिस वि भाग का बहु प्रचलित शब्द 'कारखास' है।'कारखास' को खास व्यक्ति,विशेष व्यक्ति,मुख्य व्यक्ति,महत्वपूर्ण व्यक्ति अर्थात 'करिंदे' की उपाधि से भी जाना जाता है।सिपाही या आरक्षी थाना प्रभारी का विश्वासपात्र या करीबी होता है।उसे थाने में 'विशेष' या 'विशिष्ट' की श्रेणी में रखा जाता है।क्योंकि उसका कार्य थाने के अंदर व बाहर दोनों तरफ अपना नियंत्रण रखना होता है।

वह किसी प्रकार के विवाद पर तत्काल 'मैनेज' करने का काम भी करता है।विभागीय सूत्र बताते हैं कि 'कारखास' का जनप्रतिनिधियों से लेकर अपराधियों तक 'विशेष जुड़ाव' होता है।अर्थात बाहर या भीतर दोनों प्रकार के सुविधा शुल्क संबंधी नियंत्रण भी उ सके हाथ में रहते हैं।यहां तक की थानाध्यक्ष के व्यक्तिगत कार्यों का लेखा-जोखा भी रखता है।वह व्यक्ति अक्सर बि ना वर्दी के रहता है।यदि विभागीय अधिकारी आते हैं तो उसे वर्दी में देखकर स्थानीय लोग 'कानाफूसी' भी करते हैं।'सुविधा शुल्क' या 'काले कारनामे' में भी उसे महारथ हासिल होती है।थाने में यदि 'कारखास' नहीं रहता है तो काम नहीं चल पाता है।दिलचस्प पहलू यह है कि अन्य सि पाही या आरक्षी उसका विरोध भी नहीं कर पाते हैं क्योंकि थानाध्यक्ष से उसका विशेष लगाव होता है। जुआ, सट्टा, न शा विक्रेता, खनन माफिया व अन्य अवैध कारोबारी से उस की गहरी साठ-गांठ होती है।यहां तक की साहब के उठने बैठने तक की पूरी निगरानी 'कारखास' में सन्निहित है।य ही कारण है कि 'कारखास' की नई नियुक्ति को लेकर जन पद गोण्डा इन दिनों सुर्खियों में है।यह कहना अतिश्योक्ति नही है कि 'कारखास' की नई नियुक्ति से जनपद में चर्चा का विषय बन गया है।

## फैमिली आईडी बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया जारी : जिला पूर्ति अधिकारी

मुरादाबाद। मुरादाबाद जनपद में 23,187 परिवारों की फैमिली आईडी बन गई है। यह आईडी जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद बनीं।

इसके अलावा 645 नए राशन कार्ड भी बनाए गए हैं। जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने रविवार को बताया कि फैमिली आईडी बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया जारी है। जिला पूर्ति अधिकारी ने आगे बताया कि मुरादाबाद में 29,824 परिवारों ने आवेदन किया था, जिसमें जांच के बाद 23,187 परिवारों की फैमिली आईडी बन गई। अब राशन कार्ड से वंचित आयकर दाता और संपन्न परिवारों की पहचान फैमिली आईडी कार्ड से होगी।

इसी आईडी से उनको शासन की योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। 12 अंकों के इस कार्ड में पूरे परिवार का ब्योरा होगा। इसी कार्ड से केंद्र और राज्य सरकार की 76 योजनाओं का लाभ मिलेगा। जिन परिवारों के पास के राशनकार्ड मौजूद हैं, उनका राशन कार्ड नंबर ही उनकी फैमिली आईडी के रूप में प्रयोग किया जाएगा।

# करनैलगंज नगरपालिका की जनता बारूद के ढेर पर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा। क रनैलगंज नगर पालिका की घनी आबादी के बीच मनोकामना इंडियन गैस एजेंसी के संचालक नियमों को दरकिनार करके गैस एजेंसी के गोदाम पर गैस से भरे सि लेंडरों को गोदाम में न उतरवा कर खुले आम सड़क के कि नारे ट्रक में भरे सिलेंडर को जैसे कबाड़ की तरह एक सि लेंडर को दूसरे सिलेंडर पर फेंका जा रहा है।यहां सुरक्षा मा नको की अनदेखी की जा रही है।साथ ही घनी आबादी के बीच में एलपीजी गैस से भरी गाड़ी कई सैकड़ा सिलेंडर सड़क किनारे रखा गया है,जो चिंता का विषय है क़रनैलगं ज नगरपालिका क्षेत्र में मनोकामना इंडियन गैस एजेंसी को जब गोदाम में गैस से भरी गाड़ी को उतरवाने का पर मिशन है तो घनी आबादी के बीच सड़क के किनारे क्यो डंप किया जाता है...? वही क्या जिम्मेदार अधिकारी कि सी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं..? वही मनोकामना इंडियन गैस गोदाम रेलवे क्रॉसिंग से बाहर बना हुआ है तो वहाँ पर क्यो नहीं उतरा जाता है।लेकिन मनोकामना इंडि यन गैस एजेंसी के संचालक नियम कानून को दरकिनार करके सड़क के किनारे घनी आबादी के बीच में खुले आम जिस रास्ते से हजारों लोगों का आना-जाना रहता है।दूसरी तरफ बड़ी-बड़ी बिल्डिंग बनी हुई है,जिसमें कई परिवार नि वासरत हैं।कर्नलगंज कटरा रोड के किनारे जिसमें हजारों की संख्या में लोग निवास कर रहे हैं।वही सूत्रों के द्वारा ब ताया जा रहा है अगर अवैध तरीके से उतारे जा रहे इस ज गह पर यदि सिलेंडर में विस्फोट होता है तो कई सैकड़ा लोगों की मौत हो सकती है।इसलिए इसको यहां से हटाया जाए।जिस जगह पर सिलेंडर उतरा जाता है वहाँ मेंस्टिंग फ्लोरिंग होनी चाहिए,ताकि सिलेंडर ट्रक से उतरते समय चिंगारी न निकले।इस जगह पर यह देखने को नहीं मिला।सिलेंडर ट्रक से नीचे फेंका जाता है,गैस सिलेंडर में गैस हो ने से सिलेंडर पटकने के दौरान सिलेंडर के भीतर गैस में तेज हलचल होती है। हलचल की वजह से वहां के तापमान के संपर्क में आने से सिलेंडर कभी फट सकता है।इस कार ण बड़ी जनहानि की संभावना बनी हुई है।जिम्मेदार अधि कारी अपनी जिम्मेदारी भूल गए,अधिकारियों को जानका री होने के बाद भी अनदेखी की जा रही है,जो लोगों की जान ले सकती है।लेकिन जिम्मेदार अधिकारी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक हुई सम्पन्न योगेश कुमार पाण्डेय बने तरबगंज तहसील अध्यक्ष

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा। तरबगंज ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की तहसील स्तरीय बैठक संगठन के संरक्षक मोहम्मद फारूक, जिला प्रभारी ए आर उस्मानी व जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी की अध्यक्षता में ब्लॉक मुख्यालय तरबगंज के सभागार में संपन्न हुई।संगठन की तहसील इकाई को मजबूत बनाने के लिए योगेश कुमार पाण्डेय को सर्वसम्मति से तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया साथ ही तहसील के कार्य कारणी के विस्तार की जिम्मेदारी सौंपी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के संरक्षक और वरिष्ठ पत्रकार ए.आर उस्मानी ने पत्रकारिता के बारे में जानकारी देते हुए इसे एक संवेदनशील और जिम्मेदारी पूर्ण सामाजिक कार्य बताया।वहीं जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने पत्रकारों को संग ठित होकर एक जुटता से कार्य करने की बात कही।कार्य क्रम को संबोधित करते हुए पत्रकार रघुवर दयाल तिवारी, भोलानाथ मिश्रा, खुशबू कन्नौजिया, ने अपने विचार रखे, वहीं नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष ने अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी से करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन पत्रकार अखिलेश त्रिपाठी ने कि या।कार्यक्रम के दौरान कोषाध्यक्ष मुन्नालाल पांडे वरिष्ठ पत्रकार भोलानाथ, मिश्रा, जयदीप शुक्ला, रघुवर दयाल तिवारी, संजीव पांडेय, अमित पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, दीपक कौशल, राम कुमार कौशल, शिव कुमार पाण्डेय गुरूजी,शिवराम पाण्डेय, अनमोल मिश्रा, रमेश मिश्रा, बलबीर पाण्डेय,विनय मिश्रा, बिंद प्रकाश त्रिपाठी, योगेन्द्र दुबे, धन्नजय तिवारी, विवेक तिवारी, व गौरव यादव मौजूद रहे।

# महाकुंभ से लेकर जालौन तक चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी**



जालौन। प्रयागराज महाकुम्भ के ब्रह्मकुमारी आश्रम से हुई चोरी का जालौन पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी बेनी प्रसाद कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 26 जनवरी की रात को कदौरा स्थित आश्रम से 5 लाख रुपए और चांदी के बर्तन चुराए थे। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने बताया कि ब्रह्म कुमारी शिवी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

मामले में कदौरा थाना प्रभारी प्रभात सिंह के नेतृत्व में एसओजी और सर्विलांस टीम को लगाया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शहादतपुर रोगी गांव के पास से आरोपित को पकड़ा गया है। पूछताछ में आरोपित ने चोरी की वारदात को कबूल किया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 2,75,500 रुपए और चांदी के गिलास, कटोरी, चम्मच, पायल बरामद किए हैं। इसके अलावा कानपुर देहात से चोरी किया गया एक ट्रैक्टर और टीवीएस मोपेड भी बरामद हुआ है।

एसपी ने बताया कि आरोपी ने चोरी के पैसों से कुंभ मेले में हेलिकॉप्टर की सवारी की। इतना ही नहीं उसके द्वारा कानपुर देहात में एक ट्रैक्टर चोरी किया गया साथ ही कुंभ मेला जाकर उसने एक मोपेड भी चोरी की। जिसको भी बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल उसे जेल भेज दिया गया है।एसपी दुर्गेश कुमार ने बताया कि इस टीम का खुलासा करने वाली कदौरा थाना पुलिस टीम को 10000 रुपए का इनाम दिया जा रहा है। साथ ही आरोपी के खिलाफ अन्य आपराधिक मामलों के बारे में जानकारी ली जा रही है।

# प्रदेश में पुलिस बेलगाम होकर कर रही है अत्याचार : अजय राय



**एजेंसी**

कानपुर। प्रदेश सरकार अपनी नाकामियों और कमियों को छुपा रही है, क्योंकि वह अपने सभी मुद्दों पर फ़ेल रही है। जनता को मुद्दों से भटकाने के लिए धर्म की राजनीति की जा रही है। प्रदेश की पुलिस बेलगाम होकर अत्याचार कर रही है। राजधानी दिल्ली में कंग्रेस तेजी से आगे बढ़ रही है। यह बातें रविवार को कानपुर पहुंचे कंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कही। कंग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करने पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दलित समाज के लोगों को आज भी उनका अधिकार नहीं मिल रहा है। सरकार केवल धर्म की राजनीति कर प्रदेश की जनता को बहकाने का काम करती है। कानपुर के व्यापारी सरकार की इन नीतियों से काफी परेशान है। वही वृंदावन में मुस्लिम समुदाय के लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने की बात पर कहा कि इस देश में रहने वाला हर एक व्यक्ति हिंदुस्तानी है फिर चाहे वह किसी भी धर्म का हो। आगे उन्होंने महाकुंभ को लेकर कहा कि देश में जहां-जहां पर अमृत वर्षा हुई है। वहां पर कुंभ स्नान किया जाता है लेकिन सरकार ने इसे अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया है। इसीलिए यह कार्यक्रम पूरी तरह से फ़ेल साबित हुआ है।

# गोमती मित्रों की मेहनत से भव्य दिखने लगा सीता कुंड धाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। लगभग 12 वर्ष पहले जनपद छोड़कर अन्यत्र व्यवस्थित हो चुके एक सज्जन जब तीन दिन पहले अचानक सीताकुंड पहुंचे तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि वह उसी स्थान पर खड़े हैं जो कभी उजड़ा, वीरान, गंदगी से पटा और असुरक्षित दिखता था। जब धाम पर मौजूद एक शख्स ने उन्हें बताया कि यह सब कुछ स्थानीय संगठन गोमती मित्र मंडल द्वारा किया गया है तो उन्होंने प्रतीक रूप में धरती को स्पर्श करके गोमती मित्रों को वहीं से प्रणाम किया और शाम को खोजते हुए प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन से सीता उपवन में मुलाकात कर उन्हें श्री रामचरितमानस की प्रति समर्पित करते हुए रविवार शाम होने वाली आरती में पहुंचने का विश्वास दिलाया। यह है गोमती मित्रों की मेहनत,संकल्प,और सीता कुंड धाम को स्वच्छ सुरक्षित रखने का अटल इरादा,हर रविवार प्रातः होने वाला साप्ताहिक श्रमदान और सायंकाल होने वाली गोमती आरती इस बात का प्रमाण है कि गोमती मित्र ना थके हैं ना थकेंगे। रविवार 2 मार्च का श्रमदान भी गोमती मित्रों ने पूरे उत्साह के साथ प्रातः 6:00 बजे से 9:30 बजे तक सब कुछ चाक चौबंद करने के बाद संपन्न किया। मुख्य रूप से नदी के किनारे और नदी में प्रवाहित कलश, कपड़े, मूर्तियां निकालने का कार्य किया गया। श्रमदान में मुख्य रूप से संरक्षक रतन कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, संत कुमार प्रधान, डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, मुन्ना पाठक, दाऊ जी कैलाशी, मुन्ना सोनी, अजीत शर्मा, सुजीत कसौधन, राकेश मिश्रा, राकेश सिंह दद्दू,अमितपं डा,राम कुमार मौर्य,श्याम मौर्या, राम क्विंचल मौर्या,अजय वर्मा, अरुण गुप्ता,सुनील वर्मा,विकास शर्मा, अनुज प्रताप सिंह,सोनू सिंह आदि उपस्थित रहे।

# इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी की कमेटी गठित कल्पना गुप्ता बनी अध्यक्ष, सभी ने मिलकर मनाया होली का त्यौहार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी द्वारा होली उत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया है।कार्यक्रम का आयोजक सचिव रिंकी गुप्ता,पूर्व अध्यक्ष अंजू मिश्रा जी,क्लब सदस्य निधि वर्मा तथा कीर्ति मल्होत्रा द्वारा किया गया जिसका शुभारंभ राधाकृष्ण जी को गुलाल लगाकर तथा उनके समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके बाद सबने एक दूसरे को गुलाल का टीका लगाकर होली की बधाई दी।नई टीम 2025 व 26 का भी गठन किया गया।जिसमें कल्पना गुप्ता अध्यक्ष,रुचि खन्ना सचिव,प्रगति गुप्ता कोषाध्यक्ष तथा राजविंदर कौर आईएसओ चुनी गई पूर्व अध्यक्ष अंजू मिश्रा द्वारा सभी सदस्यों को उनके व्यक्तित्व के अनुसार सुंदर शीर्षक दिए गए यह कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा।फन गेम्स से सभी का मनोरंजन किया गया साथ ही होली लोकगीतों पर सभी सदस्य थिरके।पंक्चुअलिटी सलोनी गुप्ता ,गेम में पूनम गुप्ता और कल्पना गुप्ता जीती।कार्यक्रम में वर्तमान अध्यक्ष पूनम गुप्ता,चार्टर अध्यक्ष सलोनी गुप्ता, कोषाध्यक्ष कल्पना गुप्ता, संपादिका रुचि खन्ना,पूर्व अध्यक्ष मोनिका होरा ,पूर्व अध्यक्ष सीमा गुप्ता,पूर्व अध्यक्ष संगीता गुप्ता ,मिताली गुप्ता शिप्रा गुप्ता, शशि खंडेलवाल,प्रगति गुप्ता, खुशबू गुप्ता,प्रीति अग्रवाल,पवन गुप्ता,मीना रस्तोगी ,राजविंदर कौर आदि सदस्य उपस्थित रहे हैं।

# 70 ई रिक्शा और 90 बाइट-कार चालकों का कटा चालान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार ने पुलिस यातायात विभाग के साथ मिलकर रविवार को अभियान चलाया। शहर के बस स्टेशन, डाकघर चौराहा, बाघमंडी चौराहा, चौक घंटाघर, सब्जी मंडी रोड समेत प्रमुख स्थानों पर वाहनों और चालकों की जांच पड़ताल की गई। नाबालिक ई रिक्शा चालकों के खिलाफ चला अभियान। एआरटीओ नंदकुमार और ट्रैफिक इंस्पेक्टर के संयुक्त अभियान से मचा रहा हड़कंप। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सड़क पर उतरे अधिकारी। इस दौरान लाइसेंस में कमी के चलते 70 ई रिक्शा के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई ।। वहीं कार और मोटरसाइकिल सवार चालकों को सुरक्षा नियम की लापरवाही पर 90 लोगों के खिलाफ चालान किया गया है।

# प्राथमिक विद्यालय में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम प्रधान राम बेटी द्वारा मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए की गई। इसके पश्चात स्कूली छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान प्रस्तुत किया गया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने शारदा संगोष्ठी के अंतर्गत आउट ऑफ स्कूल बच्चों के संबंध में व्यापक चर्चा की और संगोष्ठी में उपस्थित सभी अभिभावकों और संरक्षकों को आउट ऑफ स्कूल बच्चों की परिभाषा,चिन्हांकन एवं नामांकन आदि के संबंध में जानकारी दी गई। संगोष्ठी में आउट ऑफ स्कूल बच्चों के संबंध में अध्यापकों द्वारा किए जाने वाले प्रयासों के बारे में भी चर्चा की गई। साथ ही शिक्षा के महत्व को समझाते हुए सभी अभिभावकों व संरक्षकों को 6 से 14 वर्ष आयु के स्कूल न जाने वाले बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाए जाने तथा उनकी पढ़ाई निरंतर जारी रखने हेतु प्रेरित किया गया। शारदा कार्यक्रम से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं के संबंध में भी उपस्थित अभिभावकों एवं संरक्षकों को जानकारी प्रदान की गई। साथ ही विद्यालय के भौतिक एवं शैक्षणिक परिवेश से संबंधित विभिन्न बिंदुओं से उपस्थित अभिभावकों और संरक्षकों को अवगत कराया गया। विद्यालय के वार्षिकोत्सव के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।कक्षा 5 के छात्रों प्रकाश,राजन,विपिन,आयुष तथा अंकुश आदि द्वारा नाचे डिंग डिंग गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कक्षा 4 की छात्राओं जशोदा, झलक,प्रांशी,पल्लवी, साधना,सोनाक्षी आदि ने राधा ढूंढ रही गीत पर नृत्य प्रस्तुत करते हुए सभी को भाव विभोर कर दिया।इसके पश्चात कृष्णा,अतुल,ऋषभ, पल्लव, दीपक नितेश,शिवा और अमन ने ओ देश मेरे गीत पर प्रस्तुति देखकर सभी को देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत कर दिया। कक्षा 3 की छात्राओं आस्था,सोनी, गुंजन,हेमलता, वर्षा,सुहानी और रेनू ने बाबा में तेरी मल्लिका गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी जिसे देखकर सभी की आँखें भर आईं। कक्षा 5 की छात्राओं ने पहाड़ी नृत्य प्रस्तुत करते हुए समां बांध दिया। कक्षा चार एवं पांच के विद्यार्थियों ने पढ़ाई के महत्व पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत करते हुए अभिभावकों और संरक्षकों को सभी बच्चों को शिक्षा दिलाने और उनकी पढ़ाई निरंतर जारी रखने का संदेश दिया। होली गीत ''तेरी मेरी कट्टी हो जाएगी'' पर नृत्य प्रस्तुत करते हुए कक्षा 5 की छात्राओं ने वातावरण होलीमय कर दिया। इस प्रस्तुति को विशेष सराहना मिली और इसके लिए विद्यार्थियों को मीरा देवी द्वारा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों हेतु आयोजित 50 मीटर एवं 100 मीटर दौड़ के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया जिसमें 50 मीटर दौड़ के बालिका वर्ग में रजनी प्रथम,मीनाक्षी वर्मा द्वितीय और प्रंचित तृतीय रहीं जबकि बालक वर्ग में अतुल कुमार प्रथम,दीपक मौर्य द्वितीय और राजन तृतीय रहे।इसी प्रकार 100 मीटर दौड़ के बालिका वर्ग में मीनाक्षी वर्मा प्रथम, खुशबू द्वितीय और झलक वर्मा तृतीय रहीं जबकि बालक वर्ग में कृष्णा प्रथम, विपिन द्वितीय और ऋषभ तृतीय रहे। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में विजयी रहने पर मीनाक्षी वर्मा,रजनी, दीपमाला,अश्विनी देवी, रोशनी,झलक वर्मा,पल्लवी, प्रांशी,जशोदा और सोनी को तथा पोस्टर प्रतियोगिता में विजयी रहने पर मीनाक्षी वर्मा,अश्विनी देवी,रजनी, कृष्णा,पल्लव,झलक वर्मा और अमन कुमार को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर व्यक्तिगत स्वच्छता,नियमित उपस्थिति तथा अनुशासन आदि के लिए विभिन्न विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले सभी विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधान अध्यापक डॉ विभव सक्सेना की ओर से ग्राम प्रधान,विद्यालय प्रबंध समिति के विभिन्न सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए हैं। साथ ही विद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं भोजन माताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ममता देवी,अंजना शुक्ला,प्रगति धामी और प्राज्ञी अग्रवाल

# इबादत और जरुरतमंदो की मदद का महीना है रमजान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । इस्लाम में रमजान का महीना बहुत पवित्र माना गया है इस माह में नेक काम का शबाब कई गुना मिलता है लोग रोजे रखकर अपने परवरदिगार की इबादत करते है तो कमजोर और जरुरतमंदो की मदद कर शबाब लूटते है। रमजान का पवित्र माह इंसान को आत्म नियंत्रण की सीख देता है यह पवित्र महीना अदब और अकीदत का महीना होता है।यह महीना इंसान को कई मायने में बेहतर बनाने और उसमें खामियों को कम करके खूबियां बढ़ाने का एक बड़ा जरिया है।इस पवित्र माह में रोजेदार बुराइयों से बचने की कोशिश करता है और कमजोर लोगो की बेहतरी की कोशिश करता है।इस माह में हर रोजेदार पांचों वक्त की नमाज भी अदा करने का पूरा प्रयास करता है सुबह शहरी के बाद फजर व शाम को अफ्तारी के बाद मगरिब के साथ ही रात्रि में ईशा(तराबी) भी पढ़ता है।इस माह में रोजा इफ्तार के जरिये भाईचारे को बढ़ावा दिया जाता है तो जकात के जरिये लोग जरुरतमंदो की मदद करते है।रमजान के माह में लोग अच्छाई की ओर बढ़ने और बुराई से दूर भागने की कोशिश करते है यही कोशिश उन्हें बतौर इंसान बेहतर बनाती है।आमतौर पर इस माह में ईद से पहले लोग जकात व फितरा भी निकालते है इससे जरुरतमंदो को मदद मिलती है यह हर शख्स की कोशिश रहती है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों की मदद की जाये।इस माह में किये गये नेक कामो में शबाब का दायरा भी कई गुना होता है जो शख्स आमदिनों में इबादतों से दूर रहता है वह भी इस माह में इबादत गुजार बन जाता है इतना ही नही इसे लोग सब्र का महीना भी कहते है सब्र का बदला जन्नत है रोजेदार को इफ्तार कराने वाले के गुनाह भी माफ़ हो जाते है।रमजान महीना के चलते क्षेत्र के लगभग सभी गांवों में स्थित मस्जिदों में रात्रि को तराबी की नमाज भी पढ़ाई जाती है। रमजान के प्रथम दिन रविवार को क्षेत्र की मस्जिदों पर काफी संख्या में रोजेदारों ने पहुंचकर अफ्तारी किया।

# दिल्ली में सम्मानित हुई शिक्षिका अनीता तिवारी

**शिक्षा के क्षेत्र में स्थापित किए कई आयाम पूर्व में भी कई बार हो चुकी हैं। सम्मानित**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। देश की राजधानी दिल्ली के एक होटल में आयोजित एक इंटर्नेशनल अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें डिजिटल कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी से शिक्षा के क्षेत्र में अनीता तिवारी सहायक अध्यापक कंपोजिट स्कूल बिलगंवा व प्रीति सिंह प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय सैदपुर को मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है।यह सम्मान उन्हें दिल्ली में पदमश्री से सम्मानितश्री जितेंद्र सिंह सेंटी,मरियम रॉबर्ट,ललित कुमार सागर,डॉ अलेक्सि,डॉ एआर नटराज,सोनम बन्थे द्वारा दिया गया है। शिक्षा के अलावा चिकित्सा, सूचना प्रौद्योगिकी,साइबर सुरक्षा,लेखन,विज्ञान समाज सेवा आदि क्षेत्रों में देश विदेश से आए विद्वानों को मानद उपाधि प्रदान की गयी है।

## रमजान का पहला रोजा रखा दो सगी बहनों ने दोनों नगर के एक स्कूल की हैं छात्राएं



पूरनपुर। रमजान के मुबारक महीने में मस्जिदों में नूर बरस रहा है।रोजदार मस्जिद से होकर घर तक खुदा की इबादत में जुटे हैं।शाम होते ही मस्जिदों से लेकर मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में चहल पहल बढ़ जाती है। वहीं इफ्तार के दौरान बाजार में भी एक तरफ से सन्नाटा पसर जाता है। इफ्तार खत्म करने के बाद घर की महिलाएं।सहरी की तैयारी में जुट जाती हैं। बड़े बुजुर्ग बच्चे अन्य कार्यों में व्यस्त हो जाते हैं। रमजान में अपने माता-पिता सहित परिवार के अन्य लोगों को रोजा रखना देख नन्हे मुन्ने बच्चों में भी रोजा रखने की ललक दिखाई देती है। मोहल्ला बमनपुरी निवासी नदीम खान की पुत्री मिश्कत फात्मा उम्र 7 साल बरकत फातिमा उम्र 9 साल ने भी रमजान के पहले महीने का रोजा रखा है। दोनों सगी बहनें नगर में स्थित सेंट जोसफ स्कूल की छात्राएं हैं। प्रतिदिन स्कूल जाने के बाद भी दोनों सगी बहनें ने रमजान का पहला रोजा रखा है।

## विदेश भेजने और फर्जी दस्तावेज बनाकर ठगी करने वाला भाजपा नेता पुलिस पकड़ से दूर

पूरनपुर। पुलिस अधीक्षक ने थाने में कैंप लगाकर पीड़ितों की शिकायतें सुन कर गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसमें भाजपा नेता जगजीवन सिंह बाजवा के खिलाफ भी धारा 316 व 318 सहित पत्नी रूपिंदर कौर के खिलाफ लगभग आधा दर्जन दंपति के खिलाफ मुकदमे दर्ज हुए काफी समय हो गया लेकिन पुलिस भाजपा नेता को गिरफ्तार नहीं कर पाई पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए कई लोगों को जेल भेज दिया गया लेकिन अभी तक भाजपा नेता पुलिस पकड़ से दूर है। भाजपा नेता की गिरफ्तारी न होने से लोगों में रोष दिखाई दे रहा है। इन आइलेट्स संचालकों ने बेरोजगारों से काफी रुपए एकत्र कर लिए थे। विदेश भेजने के नाम पर फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र और दस्तावेजों को बनाकर लाखों रूपयों की ठगी करने वाले आइलेट्स संचालकों व धोखधड़ी कर के सम्पत्ति बेचने वालों के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना पूरनपुर में कैम्प आयोजित कर प्राप्त शिकायतों पर विभिन्न थानों में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।जिसके आधार पर अवैध आइलेट्स संचालकों के जगजीवन सहित अन्य लोगों पर लगभग 40 से अधिक मुकदमे पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद पुलिस द्वारा फर्जी आइलेट्स व फर्जी तरीके से जमीन की खरीद फरोख्त करने वालों के विरूद्ध सतत अभियान चलाकर अलग अलग गठित पुलिस टीमों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। गठित पुलिस टीमों द्वारा अवैध फंडिग शोमनी की जांच की जा रही है।जो लोग इसमें शामिल है।सभी के विरूद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।तहसील क्षेत्र में विदेश भेजने के नाम पर लोगों से ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और सबसे ज्यादा मामले पूरनपुर क्षेत्र के है।जिसमें कैंडिड अकेडमी की संचालक रूपेंद्र कौर पर सात और उनके पति भाजपा नेता जगजीवन सिंह बाजवा के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज किए गए है। लेकिन अभी तक गिरफ्तारी न होना चर्चा का विषय बना हुआ है।

## दिल्ली में आयोजित होने वाली दो दिवसीय कार्यशाला सम्मेलन में प्रतिभाग करेगी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा

पीलीभीत। पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने हेतु चार एवं पांच मार्च को महिला पंचायत प्रतिनिधियों की विज्ञान भवन नई दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला कराए जाने का आदेश निदेशक पंचायती राज उत्तर प्रदेश लखनऊ ने जारी किया है। जिसके अंतर्गत 15 फरवरी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने हेतु चार एवं पांच मार्च में महिला पंचायत प्रतिनिधियों की विज्ञान भवन नई दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यालय एवं सम्मलेन होगा जिसमें मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता शामिल होगी।उक्त जानकारी डीपीआरओ रोहित भारती ने दी है।

## तेज रफ्तार पिकअप ने अधेड़ को कुचला, मौके पर मौत

सुल्तानपुर। जिले के धनपतगंज थाना क्षेत्र के कुट्टा चौराहा पर रविवार सुबह तेज रफ्तार पिकअप ने एक अधेड़ व्यक्ति को कुचल दिया,जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान भरसड़ा के पूरे गुनी निवासी उमाकांत पांडेय (52) के रूप में हुई है।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची धनपतगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस पिकअप वाहन और उसके चालक की तलाश में जुट गई है।कोतवाल राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सीनियर वूमेन कबड्डी चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेने नेहा दक्ष ईरान रवाना

बिजनौर।भारत सरकार लगातार महिलाओं को खेलों में आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है।छठी सीनियर वूमेन एशिया कबड्डी चैम्पियनशिप जिसका आयोजन दिनांक 04 मार्च 2025 से 09 मार्च 2025 तक तेहरान ईरान में होने जा रहा है।

# संविदा कर्मचारियों का काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन, 3 अप्रैल को महापंचायत का ऐलान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। संविदा कर्मचारी एकता संघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर सुल्तानपुर डिपो में संविदा कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर निगम प्रबंधन की दोषपूर्ण नीतियों के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन संविदा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर किया गया। संविदा कर्मचारियों ने मांग उठाई कि 50% से कम आय प्राप्त होने पर प्रोत्साहन की कटौती बंद होनी चाहिए और संविदा मृतक आश्रितों की भर्ती पर लगी रोक को तत्काल हटाया जाए। कर्मचारियों ने ऐलान किया कि 3 अप्रैल 2025 को निगम मुख्यालय पर महापंचायत आयोजित कर सरकार और मुख्यमंत्री का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकर्षित किया जाएगा। सुल्तानपुर डिपो में हुए इस प्रदर्शन का नेतृत्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश रोडवेज संविदा कर्मचारि एकता संघ अयोध्या क्षेत्र के राजेश यादव मबाबाय एवं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पवन शुक्ला और अनिल सिंह शाखा अध्यक्ष सुल्तानपुर की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। सैकड़ों संविदा कर्मचारियों ने एकजुट होकर अपने हक की आवाज बुलंद की और शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर अपनी मांगों को सामने रखा। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पवन शुक्ला जी क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजेश बाबा विमलेश तिवारी जयप्रकाश तिवारी पंकज सिंह रमजान आदित्य दर्शन चालक परिचालक उपस्थित रहे।

## अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत,दो घायल

सुल्तानपुर। क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना बल्दीराय थाना क्षेत्र के हलियापुर-सुल्तानपुर रोड पर चकारी भीट मोड़ के पास हुई। बता दे कि राम करन जायसवाल (45) पुत्र राजाराम,निवासी ड़ड़वा मजरे सादुल्लापुर अपने बेटों के साथ धूनी मेला देखने जा रहे थे, विपरीत दिशा से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में राम करन जायसवाल की मौके पर मौत हो गई,जबकि उनके दोनों बच्चे बाल-बाल बच गए। टक्कर मारने वाली बाइक पर सवार दो युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए,जिनका इलाज सीएचसी बल्दीराय में चल रहा है। दूसरी दुर्घटना हलियापुर थाना क्षेत्र में हुई,जहां बल्दीराय के इसौली गांव निवासी विजय कुमार (26) पुत्र सीताराम को तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। इसी वाहन ने साइकिल से जा रहे उमाशंकर मिश्र (68) पुत्र गंगाराम मिश्र को भी रौंद दिया। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

## ग्राम पंचायत के खाते से दो लाख नब्बे हजार रुपया निकालने में नाकामयाब हुये जालसाज

शुकुल बाजार अमेठी,विकास क्षेत्र शुकुल बाजार की ग्राम पंचायत तेंदुआ में ग्राम सभा के खाते से एक बार फिर जालसाजों द्वारा दो लाख नब्बे हजार रुपया निकालने का प्रयास किया गया लेकिन ग्राम सभा का खाता सीज होने के कारण जालसाजों के अरमानों का कत्ल हो गया। इसके पूर्व में भी हुई जालसाजी की जांच आला अधिकारियों द्वारा कच्छप गति से की जा रही है जिससे जालसाजों के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्र की ग्राम पंचायत तेंदुआ के पूर्व सचिव जितेंद्र सिंह के मोबाइल पर बीती अठाइस फरवरी को खाते से पैसा काटने का मैसेज मिला जिसकी सूचना सचिव द्वारा ग्राम प्रधान दान बहादुर को दी गई। ग्राम प्रधान दान बहादुर द्वारा बैंक ऑफ़ बड़ौदा पहुंचकर खाते का मिनी स्टेटमेंट निकलवाया गया जिसमें यह जानकारी सामने आई कि जालसाजों द्वारा खाते की रकम को ट्रांसफर करने का प्रयास किया गया परंतु खाता सीज होने के कारण पैसा ट्रांसफर नही हो सका और खाते में पैसा सुरक्षित है।

# खाद का संकट

देश के कई राज्यों में रासायनिक खादों की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि ने नीति-नियंताओं को चौंकाया है। विशेषकर हरियाणा में यूरिया और डाई-अमोनियम फॉस्फ़ेट यानी डीएपी की खपत में तीव्र वृद्धि ने उर्वरक मंत्रालय की चिंताएं बढ़ा दी हैं। यह तथ्य चौंकाने वाला है कि इस रबी के सीजन में हरियाणा में यूरिया खाद का उपयोग अट्ठारह फीसदी तक बढ़ गया है। जबकि कुछ जिलों में डीएपी की खपत में 184 फीसदी का उछाल देखा गया है। दरअसल, रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग और सब्सिडी वाले उर्वरकों की जरूरत से ज्यादा खपत, असामान्य स्थिति का संकेत दे रही है। जिसके चलते अधिकारियों को शंका है कि सब्सिडी वाले नीम कोटेड यूरिया को बड़ी मात्रा में खरीदकर प्लाइवुड, राल व खनन विस्फोटक जैसे उद्योगों के लिये ले जाया जा रहा है। जिनके लिये तकनीकी-ग्रेड वाला यूरिया खासा महंगा पड़ता है। आशंका जतायी जा रही है कि इन व्यवसाय में लगे कुछ लोग इस मूल्य अंतर का लाभ उठाकर बड़े पैमाने पर सब्सिडी वाली खाद की हेराफ़ेरी कर रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार ये असामाजिक तत्व करीब दस लाख टन यूरिया का दुरुपयोग कर रहे हैं, जिसकी कीमत छह हजार करोड़ रुपये बतायी जा रही है। इसकी पड़ताल के लिये केंद्र सरकार ने राज्य के अधिकारियों के साथ संयुक्त अभियान आरंभ किया है। साथ ही दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इतना ही नहीं, केंद्रीय उर्वरक विभाग आपूर्ति श्रृंखलाओं की निगरानी और रासायनिक खादों के रिसाव पर अंकुश लगाने के लिये विभिन्न मंत्रालयों के साथ समन्वय कर रहा है। कोशिश है कि किसानों को सब्सिडी पर मिलने वाली खाद के दुरुपयोग पर अंकुश लगाया जा सके। आशंका जतायी जा रही है ऐसी कोशिश पर यदि समय पर अंकुश नहीं लगाया गया तो कालांतर किसानों के लिये खाद की आपूर्ति बाधित हो सकती है। जिसके सामाजिक व राजनीतिक निहितार्थों को समझते हुए केंद्र सरकार के संबंधित विभाग सतर्क प्रतिक्रिया दे रहे हैं। यह तथ्य निर्विवाद है कि खेती में अत्यधिक उर्वरकों का उपयोग एक जटिल समस्या बनता जा रहा है। दरअसल, आम किसानों को ठोस जानकारी नहीं मिल पाती कि इसका कितना उपयोग अधिक फसल लेने व भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिये काफी है। आम किसान पैदावार बढ़ाने के लिये बड़ी मात्रा में यूरिया का उपयोग करते हैं। खासकर नई उच्च नाइट्रोजन वाली गेहूं की किस्मों के लिये। वहीं एनपीके यानी सोडियम, फॉस्फोरस व पोटेशियम उर्वरक की खपत में वृद्धि ने यूरिया पर निर्भरता को और अधिक बढ़ा दिया है। जिससे मिट्टी का क्षरण, कीट जोखिम बढ़ने के साथ ही भूजल प्रदूषण में तेजी से वृद्धि हो रही है। निर्विवाद रूप से रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध उपयोग न केवल मिट्टी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है बल्कि कृषि भूमि की दीर्घकालीन उपादेयता को भी कम कर रहा है। उर्वरकों की खपत में तेजी से वृद्धि देश की आर्थिकी पर प्रतिकूल असर डाल रही है। उर्वरकों के आयात पर देश की बढ़ती निर्भरता वित्तीय संकट को भी बढ़ावा दे रही है। देश वार्षिक रूप से करीब 75 लाख टन यूरिया का आयात करता है। यूरिया की बढ़ती वैश्विक कीमतों ने उर्वरक सब्सिडी को 1.75 ट्रिलियन रुपये से अधिक कर दिया है। यदि इस स्थिति पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो बढ़ती उर्वरक मांग अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव डालेगी। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि सरकार उर्वरक की बिक्री की निगरानी को सशक्त बनाए । सब्सिडी वाली रासायनिक खाद का दुरुपयोग करने वालों के लिये सख्त दंड की व्यवस्था लागू करने की जरूरत है। इसके अलावा किसानों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि खेती में खाद का उपयोग कैसे संतुलित ढंग से किया जाना चाहिए। रासायानिक खाद की बिक्री को अनियंत्रित छोड़ देने से न केवल संकट का असर करदाताओं पर बोझ बढ़ाएगा वरन अर्थव्यवस्था पर भी दबाव बढ़ने की आशंका है। साथ ही बड़ा संकट इस बात का भी कि खेती में अत्यधिक रासायनिक खाद के उपयोग से हमारे पर्यावरण पर भी घातक प्रभाव होगा। जो कालांतर कृषि की स्थिरता को भी संकट में डाल सकता है।

# जीवन के लिये प्रकृति-वन्यजीवों का संरक्षण जरूरी

## विश्व वन्यजीव दिवस पर विशेष

**वन्यजीव प्रजातियों, उनके आवासों, पारिस्थितिकी तंत्रों का निरंतर नुकसान एवं वनों का दोहन पृथ्वी पर मनुष्यों सहित सभी जीवन को खतरे में डाल रहा है। दुनिया भर के लोग अपने जीवन के लिए प्रकृति पर निर्भर हैं। भारत एवं दुनिया में कई वन्य जीव लुप्त होने के कगार पर हैं। शेर, चीता, बाघ, सफ़ेद तेंदुआ, गैंडा, जंगली भैंसा, गंगीय डॉल्फ़िन, लाल पांडा, नीलगिरि लंगूर, कस्तूरी हिरन, संगाई हिरन, बारहसिंघा, कश्मीरी हिरन, जंगली गधा, एक सींग वाला गैंडा, तेंदुआ, अजगर, सियार, जरख, जंगली बिल्ली, भेड़िया, नेवला, सेंड ग्राउज झाऊ चूहा एवं गौरया आदि अनेक वन्यजीव प्रजातियां लुप्त हो रही है। कम मांस खाने और लुप्तप्राय जानवरों, जैसे हाथीदांत से निर्मित वस्तुओं से परहेज आदि वन्यजीवों को बचाने की मुहिम में कारगर है। यह दिवस महत्वपूर्ण रूप से लुप्तप्राय वन्य जीव प्रजातियों के भविष्य को संरक्षित करने, उनकी आदतों और पारिस्थितिकी तंत्र के पुनर्वास में सहायता करने और मानव जाति द्वारा इन जानवरों के सतत उपयोग को प्रोत्साहित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करेगा। आज चिन्तन का विषय न तो रूस-यूक्रेन युद्ध है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार लुप्त होती वन्य जीव प्रजातियां, विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्रोत, विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बड़े खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व वन्यजीव दिवस का ध्येय है।**

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई प्रजाति के जीव-जंतु, प्राकृतिक स्रोत एवं वनस्पति विलुप्त हो रहे हैं, जिससे पृथ्वी असंतुलित हो रही है। विलुप्त होते जीव-जंतु और वनस्पति की रक्षा के लिये विश्व-समुदाय को जागरूक करने के लिये ही विश्व वन्यजीव दिवस को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य दुनिया के लुप्त होते वन्य जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। जिसकी शुरुआत थाईलैंड द्वारा दुनिया के जंगली जीवों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मनाने के लिए प्रस्तावित किया गया था।। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वन्यजीवों के पारिस्थितिकी, आनुवांशिक, वैज्ञानिक, सौंदर्य सहित विभिन्न प्रकार से अध्ययन अध्यापन को बढ़ावा देने को प्रेरित किया। विभिन्न जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियों के अस्तित्व की रक्षा भी इसका उद्देश्य कहा जा सकता है। साल 2025 की थीम है, ॢवन्यजीव संरक्षण वित्तः लोगों और ग्रह में निवेशॣ, यह थीम वन्यजीव संरक्षण के लिए नए वित्तीय समाधानों की खोज और उनका आदान-प्रदान करने के लिए बनाई गई है। वन्यजीव प्रजातियों, उनके आवासों, पारिस्थितिकी तंत्रों का निरंतर नुकसान एवं वनों का दोहन पृथ्वी पर मनुष्यों सहित सभी जीवन को खतरे में डाल रहा है। दुनिया भर के लोग अपने जीवन के लिए प्रकृति पर निर्भर हैं। भारत एवं दुनिया में कई वन्य जीव लुप्त होने के कगार पर हैं। शेर, चीता, बाघ, सफ़ेद तेंदुआ, गैंडा, जंगली भैंसा, गंगीय डॉल्फ़िन, लाल पांडा, नीलगिरि लंगूर, कस्तूरी हिरन, संगाई हिरन, बारहसिंघा, कश्मीरी हिरन, जंगली गधा, एक सींग वाला गैंडा, तेंदुआ, अजगर, सियार, जरख, जंगली बिल्ली, भेड़िया, नेवला, सेंड ग्राउज़ झाऊ चूहा एवं गौरया आदि अनेक वन्यजीव प्रजातियां लुप्त हो रही है। कम मांस खाने और लुप्तप्राय जानवरों, जैसे हाथीदांत से निर्मित वस्तुओं से परहेज आदि वन्यजीवों को बचाने की मुहिम में कारगर है। यह दिवस महत्वपूर्ण रूप से लुप्तप्राय वन्य जीव प्रजातियों के भविष्य को संरक्षित करने, उनकी आदतों और पारिस्थितिकी तंत्र के पुनर्वास में सहायता करने और मानव जाति द्वारा इन जानवरों के सतत उपयोग को प्रोत्साहित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करेगा। आज चिन्तन का विषय न तो रूस-यूक्रेन युद्ध है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार लुप्त होती वन्य जीव प्रजातियां, विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्रोत, विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बड़े खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व वन्यजीव दिवस का ध्येय है। हमारा सुविधावादी नजरिया एवं जीवनशैली पृथ्वी, उसके पर्यावरण, प्रकृति और वन्य जीवों के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा हैं। लुप्तप्राय जंगली जानवरों और पौधों के संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। सूखे, नए रेगिस्तान, आग और बाढ़ की रोकथाम के लिए वन्यजीवों का संरक्षण आवश्यक है। जंगली जानवरों और पौधों का यह संरक्षण सुनिश्चित करता है कि मनुष्यों और वन्यजीवों की आने वाली पीढ़ियाँ प्रकृति से घिरी रहेंगी, तभी पृथ्वी का जीवन संभव होगा। जरूरत है हम वन्यजीवों एवं प्रकृति से प्यार करें और वन्यजीवों के महत्व को समझें। भविष्य की आशा मानवीय कब्जे एवं दोहनके प्रभाव को रोकने में है - इसके लिए पहले ही बहुत देर हो चुकी है, बल्कि उस प्रभाव की सीमा के बारे में बेहतर समझ बनाने और उसके शासन के लिए एक नई नैतिकता बनाने में है। तभी मानव जीवन एवं वन्य जीवों की अन्योन्याश्रयता को देख पाएंगे, तभी प्रकृति को क्षमाशील, उदार और लचीला पाएंगे। तभी हम प्रकृति दोहन को मात दे सकेंगे तथा उसकी मिठास का स्वाद लेने और उसकी वरिष्ठता का सम्मान करने की पात्रता प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिये यह दिवस वन्यजीवों और वनस्पतियों के विविध रूपों का जश्न मनाने और उनके संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाने का दिन है। यह वन्यजीव अपराधों के खिलाफ़ लड़ाई को तेज करने का आह्वान करता है। पृथ्वी पर प्रजातियों का विलुप्त होना स्वाभाविक रूप से होता है, लेकिन मनुष्यों की भागीदारी विलुप्त होने की दर को तेज करती है। विलुप्त होने के कुछ कारणों में निवास स्थान का नुकसान, जलवायु परिवर्तन, आक्रामक प्रजातियाँ, अत्यधिक मछली पकड़ना और शिकार शामिल हैं। वन्यजीव संरक्षण पर्यावरण में पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में मदद करता है और प्रजातियों को और अधिक विलुप्त होने से भी रोकता है, जो हमें हरित समृद्धि से समृद्ध जीवन बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। वन्य जीव एवं पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं पृथ्वी के संरक्षण के लिये जागरूक अभियान जरूरी है। वन्य जीवों के प्रति उपेक्षा एवं लापरवाही ने न केवल इंसानों के जीवन को खतरे में डाला है बल्कि पृथ्वी, प्रकृति एवं पर्यावरण पर भी घातक असर डाला है। दुनिया में पृथ्वी के विनाश, प्रकृति प्रदूषण एवं जैविक संकट को लेकर काफी चर्चा हो रही है। मनुष्य प्रकृति एवं वन्यजीवों के साथ अनेक वर्षों से छेड़छाड़ कर रहा हैं, इसे देखने के लिए हमें ज्यादा दूर जाने की जरूरत नहीं है। धरती पर बढ़ रही बंजर भूमि, फैलते रेगिस्तान, जंगलों का विनाश, लुप्त होते पेड़-पौधे और जीव जंतु, दूषित होता पानी, शहरों में प्रदूषित हवा और हर साल बढ़ते बाढ़ एवं सूखा, ग्लोबल वार्मिंग, वैश्विक तापमान वृद्धि, ग्लेशियर पिघलना, ओजोन का क्षतिग्रस्त होना आदि इस बात का सबूत हैं कि, हम वन्यजीवों, धरती और पर्यावरण की सही तरीकें से देखभाल नहीं कर रहें हैं। जिससे ग्लोबल वार्मिग एवं जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं आज हमारे सामने हैं। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा। जिस पृथ्वी को हम माँ का दर्ज़ा देते हैं उसे हम खुद अपने ही हाथों दूषित एवं प्रताड़ित करने में कैसे लगे रहते हैं? अगर वन्यजीवों के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाए तो मानव जीवन कैसे सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा? जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी, वन्यजीवों और प्रकृति का निर्माण होता है। इनके बिना जीवन अधूरा है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। बात अगर इन मूलभूत तत्व या संसाधनों की उपलब्धता तक सीमित नहीं है। आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इनका अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये भी खतरे में पड़ गए हैं। आप ही बताइये कि कहां खो गया वह आदमी जो स्वयं को कटवाकर भी वृक्षों को कटने से रोकता था? गोचरभूमि का एक टुकड़ा भी किसी को हथियाने नहीं देता था। जिसके लिये जल की एक बूंद भी जीवन जितनी कीमती थी। कत्लखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचैन कर देती थी। जो वन्य पशु-पक्षियों को खदेड़कर अपनी बस्तियों बनाने का बौना स्वार्थ नहीं पालता था। अब वही मनुष्य अपने स्वार्थ एवं सुविधावाद के लिये सही तरीके से प्रकृति का संरक्षण न कर पा रहा है और उसके कारण बार-बार प्राकृतिक आपदाएं कहर बरपा रही है। रेगिस्तान में बाढ़ की बात अजीब है, लेकिन हमने राजस्थान में अनेक शहरों में बाढ़ की विकराल स्थिति को देखा हैं। जब मनुष्य प्रकृति एवं वन्यजीवों का संरक्षण नहीं कर पा रहा तो प्रकृति भी अपना गुस्सा कई प्राकृतिक आपदाओं के रूप में दिखा रही है। वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। आवश्यक है-मानव स्वभाव का प्रकृति एवं वन्यजीवों के साथ तादात्म्य स्थापित हो। सहज रिश्ता कायम हो। जीवन शैली में बदलाव आये। हर क्षेत्र में संयम की सीमा बने। हमारे दिमागों में भी जो स्वार्थ एवं सुविधावाद का शैतान बैठा हुआ है, उस पर अंकुश लगे। सुख एवं सुविधावाद के प्रदूषण के अणु कितने विनाशकारी होते हैं, सहज ही विनाश का रूप ले रही प्रकृति एवं वन्यजीवों की विनाशलीला को देखकर कहा जा सकता है। **–ललित गर्ग**

# निर्वासितों से दुर्व्यवहार को सामान्य न बनाएं

## लेखा रत्तनानी

19 फरवरी को यूनाइटेड स्टेट्स व्हाइट हाउस ने 41 सेकंड का एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें निर्वासितों को बेड़ियों में जकड़ा हुआ दिखाया गया है क्योंकि उन्हें अवैध अप्रवासियों को (जैसा कि उन्हें वहां श्अवैध एलियंसश के रूप में जाना जाता है) अमेरिकी क्षेत्र से निकालने के डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के प्रयासों के तहत निर्वासन कार्यों के लिए एक हवाई जहाज में ले जाया जा रहा है। वीडियो में निर्वासितों या अमेरिकी अधिकारियों के चेहरे नहीं दिखाए गए थे लेकिन बाद वाले ने जो जैकेट पहनी थी जिससे स्पष्ट रूप से पता चलता है कि वे एनफोर्समेंट एंड रिमूवल ऑपरेशंस (ईआरओ) से थे, जो अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) के प्रवर्तन और निष्कासन कार्यों का संक्षिप्त रूप है। वीडियो का उद्देश्य न केवल निर्वासितों, जिनमें से कई भारत से हैं, बल्कि उनके राष्ट्रों और उनके नागरिकों का समग्र रूप से उपहास उड़ाना और उन्हें शर्मिंदा व अपमानित करना था। वीडियो का चौंकाने वाला शीर्षक था-एएसएमआर अवैध विदेशी निर्वासन उड़ान और एलोन मस्क के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसे 100 मिलियन से अधिक बार देखा गया है। वीडियो में एएसएमआर (ऑटोनॉमस सेंसरी मेरिडियन रिस्पांस) का तात्पर्य स्टील की जंजीरों की झुनझुनी ध्वनि से है जब उन्हें टरमैक पर बिछाया जाता है क्योंकि कैदी आगे बढ़ते हैं और एक-एक करके उन्हें जंजीरों में जकड़ा जाता है। एएसएमआर रीढ़ की हड्डी में महसूस होने वाली संतुष्टि और सुखद झुनझुनी की भावना है, जो कुछ लोगों में कुछ ध्वनियों से ट्रिगर होती है, जैसे टिशू पेपर का कुचलना या बबल रैप का फटना। स्टील की बेड़ियों के बिछाए जाने की आवाज वह झुनझुनी है जिसे वे पसंद करते हैं। मस्क ने वीडियो को हाहा... वाह शब्दों के साथ रीट्वीट किया। निर्वासितों के साथ अमानवीय व्यवहार सिफ उनके साथ किए जाने वाले व्यवहार में ही नहीं है। अमेरिकियों के दिमाग में श्एलियंसश की गहरी पैठ है, जिसमें कई परतें काम कर रही हैं, जैसे कि श्वेत वर्चस्व, गरीबी का अपराधीकरण और या दुर्व्यवहार का सामान्यीकरण। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक अकाउंट से ऐसा वीडियो जारी करने और उनके सबसे भरोसेमंद लेफ्टिनेंट द्वारा इसे रीट्वीट करने पर हंसने के लिए दिमाग में कुछ गड़बड़ जरूर है। सभी देशों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे निर्वासितों को वापस लौटाएं और अमेरिका को यह बताएं कि निर्वासन ठीक है लेकिन इंसानों के साथ दुर्व्यवहार करना, जिनमें से ज्यादातर समाज के गरीब तबके के हैं और जो आजीविका की तलाश में हैं, ऐसी नौकरियां लेना जो इन इच्छुक श्रमिकों की उपलब्धता के बिना भी उपलब्ध हैं, एक फासीवादी शासन के करीब है जो अन्य मनुष्यों को मनुष्य से कमतर समझता है। निर्वासन के लिए लक्षित देशों में सबसे बड़ा, सबसे मजबूत और सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में भारत को यह विरोध अवश्य व्यक्त करना चाहिए। इसमें भारत स्पष्ट रूप से, बड़े पैमाने पर और बुरी तरह विफल रहा है। इसकी जगह हमारे पास ऐसा नेतृत्व है जो अमेरिका की कार्रवाइयों को उचित ठहराता है। क्या यह पूर्व विदेश सेवा के राजनयिक से राजनेता बने डॉ. एस जयशंकर नहीं थे जिन्होंने 6 फरवरी को एक बयान में कहा था- श्आईसीई द्वारा उपयोग किए जाने वाले विमान द्वारा निर्वासन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया, जो 2012 से प्रभावी है, मैं दोहराता हूं, जो 2012 से प्रभावी है, प्रतिबंधों के उपयोग का प्रावधान करती है। हालांकि, हमें आईसीई द्वारा सूचित किया गया है कि महिलाओं और बच्चों को नहीं रोका जाता है। इसके अलावा भोजन या अन्य आवश्यकताओं से संबंधित पारगमन के दौरान निर्वासित लोगों की जरूरतों का ध्यान रखा जाता है, जिनमें संभावित चिकित्सा व आपात स्थिति भी शामिल है। मैं दोहराता हूं कि 5 फरवरी को अमेरिका द्वारा की जाने वाली उड़ान के लिए पिछली प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है।जयशंकर यह कहने में अधिक उत्सुक हैं कि हमने अपने कार्यकाल के दौरान कुछ नहीं किया। भाजपा के केंद्र में सत्ता में आने के बाद उनके द्वारा किए गए बेतुके, पूरी तरह से बेतुके, बदसूरत, बेशर्म और खुद को चोट पहुंचाने वाले हैं। पहले और बाद के बीच कृत्रिम विभाजन को देखिए! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को डॉ. जयशंकर को फटकार लगानी चाहिए, अगर नहीं तो पदावनत करना चाहिए क्योंकि उन्होंने इस महत्वपूर्ण मामले में देश को नीचा दिखाया है।

## सेहत मंत्र

# सिर्फ प्यास लगने पर ही पीना चाहिए पानी, ज्यादा पानी पीना भी हो सकता है नुकसानदायक: वैज्ञानिक

पानी पीना हमारे शरीर के लिए कितना जरूरी है, ये बात आपसे छिपी नहीं है। पानी न सिर्फ शरीर को हाइड्रेट रखता है, बल्कि कई तरह के बॉडी फंक्शन्स के लिए बेहद जरूरी होता है। आपको जानकर हैरानी हो सकती है कि आपके शरीर के कुल वजन का 60% भार सिर्फ पानी का होता है। यानी पानी हमारे शरीर की मूलभूत जरूरतों में से एक है। एक्सपर्ट्स सलाह देते हैं कि हर व्यक्ति को एक दिन में कम से कम 2 लीटर यानी 8 ग्लास पानी जरूर पीना चाहिए। मगर क्या आप भी पानी की बताई गई मात्रा को पूरा करने के लिए जबरदस्ती पानी पीते हैं? अगर हां, तो रुकिए! वैज्ञानिकों ने हाल में ही पानी पीने से जुड़ा एक नया शोध किया है, जिसमें कुछ महत्वपूर्ण बातें सामने आई हैं। पानी हमारे शरीर के लिए इसलिए जरूरी है क्योंकि हम जो भी भोजन करते हैं, उससे मिलने वाले पोषक तत्वों को शरीर के अलग-अलग अंगों के सेल्स तक पहुंचाने का काम पानी करता है। पानी के द्वारा ही हमारे शरीर में मिनरल्स (खनिज तत्व), विटामिन्स, एमिनो एसिड्स और ग्लूकोज का अवशोषण होता है। अगर शरीर में पानी की कमी हो जाए, तो हेल्दी और पौष्टिक चीजें खाने के बावजूद आपके शरीर को पोषक तत्व नहीं मिल पाएंगे। इसके अलावा पानी की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका यह है कि ये शरीर में मौजूद गंदगी और जहरीले पदार्थों (टॉक्सिन्स) को मूत्र के रूप में बाहर निकालने के लिए बेहद जरूरी है। ऊपर बताए गए फायदों के कारण ही बहुत सारे लोग दिनभर जबरदस्ती पानी पीते रहते हैं। मगर वैज्ञानिकों ने नए अध्ययन के बाद ऐसा न करने की सलाह दी है। दरअसल वैज्ञानिकों ने खोज की है कि आपको तभी पानी पीना चाहिए, जब आपको प्यास लगे। बिना प्यास के पानी पीने से कई बार शरीर में पानी की अधिकता हो जाती है, जो कि अलग तरह की स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकती है। इस नई रिसर्च को नेशनल एकडमी ऑफ साइंस द्वारा किया गया है। रिसर्च के लिए वैज्ञानिकों की टीम ने अलग-अलग प्रतिभागियों के समूहों को 2 तरह से पानी पीने की हिदायत दी।

## धर्म मंत्र

# शनिवार के दिन करें यह 4 आसान टोटके शनि देव और हनुमानजी की बरसेगी कृपा

शनिवार का दिन भगवान शनि देव का रहता हैं। लेकिन अधिकंाश लोगो को यह कम ही पता होगा की शनिवार का दिन श्रीराम भक्त और अत्यंत बलशाली भगवान हनुमानजी का भी रहता हैं। जिस भी व्यक्ति पर इन दोनों की कृपा हो जाएं वह भवसागर पार हो जाता हैं। शनि देव की दृष्टि से मनुष्य धन-धान्य से पूर्ण हो जाता हैं तो महाबली हनुमान की दृष्टि से मनुष्य के दुश्मन अपने आप खत्म होते जाते हैं। शनिदेव और हनुमान जी की लाभकारी दृष्टि और उनका आशीर्वाद पाने हेतु शनिवार को यह 4 टोटके करें। जिससे आपके जीवन में बदलाव के साथ सारे दु:ख दर्द दूर हो जाएंगे एवं अटका हुआ धन तथा धन लाभ मिलने लगेगा। आज हम आपको यह 4 टोटके बता रहें हैं जिन्हें आप शनिवार के दिन अवश्य करें। भगवान शनि देव बड़े ही दयालु हैं। जो भी भक्त उनको सच्चे मन से याद करता है शनिदेव उनको अपना आशीर्वाद प्रदान करते हैं। अगर आपको शनि देव की साढ़ेसाती और ढैय्या या कोई अन्य दोष हो तो शनिवार को पीपल के पेड़ के नीचे दोनों हाथों से स्पर्श करके पीपल के पेड़ की सात परिक्रमा करें। यह आप हर शनिवार करेंगे तो ज्यादा अच्छा रहेगा। याद रहें कि पीपल की परिक्रमा के दौरान आप ''? शं शनैश्चराय नमः'' का जप अवश्य करें। शनिवार को शनि देव के साथ ही भगवान हनुमानजी की भी पूजा करें। शनिवार की शाम को मछलियों को दाना डालें तथा चीटियों को आटा खिलाए। इससे शनि देव व हनुमानजी की कृपा से आपके भाग्य खुल जाएंगे।

## पर्यटन



# बर्लिन: अतीत में लिपटा एक आधुनिक शहर

बर्लिन के टेगेल हवाई अड्डे पर विमान के उतरने भर की देर थी कि कुछ ही देर में एयरोब्रिज उसके सीने से आ जुड़ा और चंद मिनटों में ही हम भी बाहर थे। मगर बाहर तो एयरोब्रिज से निकले थे। अब हैरानगी इसे लेकर थी कि मुश्किल से तीस मीटर चलने के बाद ही हम हवाईअड्डे से भी बाहर पहुंच चुके थे! इससे पहले कि कुछ समझ में आता, हमारी टैक्सी भी सामने थी। मुस्तफा ने मेरे हाथ से लगेज लिया, डिक्की में लादा और हमारी मंजिल की तरफ लेकर चल पड़ा। करीब डेढ़ सौ किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ती मर्सिडीज की सवारी करते हुए हमारा दिमाग इसी सवाल से गुत्थमगुत्था था कि दुनिया के आधुनिकतम कहलाने वाले शहरों में शुमार बर्लिन का एयरपोर्ट इतना छुटका कैसे हो सकता है? मुस्तफा ने इस राज पर से पर्दा उठाते हुए बताया कि टेगेल की बनावट षट्कोणीय है, जिसकी वजह से कई बार विमान और सड़क की दूरी मामूली ही बचती है। सुविधा के मामले में इसका कोई तोड़ नहीं हो सकता। यह तो पहली ही शाम थी, अभी हमें ऐसे ही और भी कई आश्चर्यों से रूबरू होना था। बर्लिन के क्रिसमस बाजारों से मिलने इस तरफ चले आए थे। सुना था कि यूरोप में क्रिसमस की धड़कनें देखनी हों, तो जर्मनी एक बार जरूर आना चाहिए। पॉल-रॉबेसन स्ट्राबे पर हमारा एयरबीएनबी बुक था और यहां तक पहुंचने में करीब 20 मिनट लगे। हवाईअड्डे से चले थे, तो आसमान पर बादलों के साए जमा थे। जब यहां पहुंचे तो बूंदाबांदी शुरू हो चुकी थी। एक तो रात का वक्त, अनजाना शहर और उस पर बारिश के उन छींटों में भीगते हुए सामने इंडियन रेस्टोरेंट से अपने अड्डे की चाबी भी लेनी थी। इस बीच, मुस्तफा को हम विदा कर चुके थे। चौथी मंजिल पर हमारा अपार्टमेंट था, जिस तक पहुंचने की लिफ्ट का वजूद हमें कहीं नहीं दिखाई दिया। थकान खास नहीं थी और यूरोप में घुमक्कड़ी की आदतों के चलते लगेज भी ज्यादा नहीं था, तो भी सीढ़ियों पर सांस फुलाते हुए चढना अखरा था। बहरहाल, अपना घर देखकर मन झूम उठा। दो बेडरूम, एक बड़ा-सा लिविंग रूम, किचन, बॉलकनी और इन सबको आपस में जोडऩे वाला गलियारा मस्त था।

# रहस्यमय तरीके से लापता बुजुर्ग का नहर से मिला शव, हत्या की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।तीन दिन पूर्व घर से सुबह अस्पताल दवा लेने गये रास्ते में रहस्यमय तरीके से लापता हुए एक बुजुर्ग का शव आज दोपहर पड़ोसी जनपद रायबरेली के कोतवाली बछरावां अन्तर्गत शारदा सहायक नहर में पड़ा मिलने से हडकम्प मच गया। मृतक के सिर पर धारदार हथियार के चोट के गहरे निशान थे, जिससे यही लगता है कि वृद्ध की धारदार हथियार से सिर पर हमलावर बेरहमी से हत्या की गई है और शव को नहर में ले जाकर फेंक दिया गया है। मृतक के परिजन भी हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। बताते चलें कि कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के पेचरूआ गाँव निवासी



65 वर्षीय श्रीकांत दीक्षित जो बीते 27 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में दवा लेने के लिए अपनी बाइक से गए हुए थे, देर शाम तक वापस घर ना आने पर परिजनों ने उनकी काफी तलाश व खोजबीन की उनका कुछ अता-

## पुलिस ने शव को कब में लेकर शव को पीएम के लिए भेजा जांच जारी

पता न चलने पर परिजनों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करायी थी। आज दोपहर को जनपद रायबरेली के कोतवाली बछरावां अंतर्गत शारदा सहायक नहर में एक शव उतराता हुआ मिला। जिसकी सूचना मिलने पर परिजनों मौंके पर पहुंचे और शव का शिनाख्त श्रीकांत दीक्षित के रूप में की। इस दौरान सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौंके पर पहुंच गये। मृतक श्रीकांत दीक्षित के सिर पर चोंट के गहरे

### बर्बरता से हत्या की गवाही देता शव

तीन दिन पूर्व से लापता बुजुर्ग श्रीकांत की खोज में बदहवास हो कर इधर-उधर तलाश कर रहे परिजनों को जब नहर में एक शव बरामद होने की बात पता चला तो परिजन भी जा पहुंचे और शव देखते ही बिलख पड़े शव पर मौजूद चोट के निशान बुजुर्ग के साथ हुई बर्बरता की गवाही देते नजर आए सर का घाव हत्यारों की हैवानियत दर्शा रही थी घाव चोट के निशान देख परिजनों सहित मौजूद लोगों के रोंगटे खड़े हो गए और हर मुंह से बस एक ही बात निकली कि अरे राम इतनी हैवानियत।

निशाना थे जिसे देखकर साफ कहा जा सकता है किसी धारदार हथियार से उनकी बेरहमी से हत्या की गई हैं। पुलिस द्वारा जाँच पड़ताल के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। श्रीकांत दीक्षित की शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है उनकी हत्या क्यों किसलिए की गई है इस पर अभी रहस्य बरकरार है। पीड़ित परिजन हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की माँग की हैं। कोतवाली प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि पड़ोसी जनपद रायबरेली के बछरावां स्थित शारदा सहायक नहर से उनका शव बरामद हुआ है जो तीन पूर्व लापता हुए थे पुलिस द्वारा घटना की गहनता के साथ जांच पड़ताल की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधान की अध्यक्षता में स्वच्छता समिति की बैठक हुई आयोजित




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा। विकासखंड सरोजनीनगर की ग्राम पंचायत भटगांव में ग्राम प्रधान तारा की अध्यक्षता में स्वच्छता समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी ग्रामवासियों को स्वच्छता संबंधित विभिन्न जानकारियां देकर जागरुक किया गया इसके साथ ही ग्राम पंचायत के घर-घर से कूड़ा एकत्रित करने का कार्य विगत 1 वर्ष से चल रहा है। किसी से संबंधित समस्त ग्राम वासियों को यूजर चार्ज देने के संबंध में भी जानकारी दी गई। आयोजित बैठक में नोडल अधिकारी सुधा पांडे सचिव अजय चौधरी व विपिन कुमार उर्फ पीनू सहित लगभग 75 ग्राम वासियों ने सहभागिता की।

# एएसपी ने किया खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित लखनऊ जोन की अन्तर्जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया । रिजर्व पुलिस लाइन्स बाराबंकी में आयोजित तीन दिवसीय लखनऊ जोन की कुश्ती क्लस्टर (महिला/पुरुष) कुश्ती, बाक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग व आर्म रेसलिंग अन्तर्जनपदी प्रतियोगिता-2025 का अपर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह द्वारा शुभारम्भ किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी



लाइन्स श्री हर्षित चौहान, प्रतिसार निरीक्षक श्री राजेश कुमार एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अपहरण के बाद मांगी दो करोड़ की फिरौती, चार गिरफ्तार

एजेंसी

बागपत। उत्तर प्रदेश प्रदेश के बागपत जिले की पुलिस ने दो लोगों की हत्या होने से बचा ली। 28 फरवरी की शाम को दो लोगों का नोएडा सेक्टर 90 से अपहरण किया गया था। जिसमें दो करोड़ की फिरौती मांगी गई थी। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है तो वहीं अभी पांच आरोपित फरार हैं। बागपत पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने रविवार को प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि एक मार्च की सुबह 5 बजे पुलिस को बड़ौत के दो युवकों के नोएडा से अपहरण होने की सूचना मिली थी। अपर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने स्वाट टीम को काम पर लगा दिया। जिस मोबाइल से फिरौती मांगी गई थी उसको ट्रैक किया गया। पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर अपरहत दोनों युवक नूर मोहम्मद और उसके दोस्त सावेज को सकुशल बरामद कर लिया। चार आरोपी भी गिरफ्तार कर



लिए गए। शामली निवासी रजत अपहरण कांड का मुख्य आरोपी है जिसने कम्पनी मालिक नूर मोहम्मद का अपहरण कर फिरौती की साजिश रची थी। नूर मोहम्मद बड़ौत के छपरौली चुंगी के पास का रहने वाला है ओर नोएडा में शेयर मार्किट में पैसे लगाने वालों को गाइड करने की कम्पनी चलता है। रजत नूर मोहम्मद की कंपनी में नौकरी करता था। कम्पनी की बेलेंस सीट देखकर रजत ने अपहरण की योजना बनाई। नूर मोहम्मद ने बताया कि 28 फरवरी की शाम 6 बजे वो अपने साथी सावेज के साथ स्कार्पियो गाड़ी से निकले थे। थोड़ी दूर चलते ही एक गाड़ी ने उनको रोक लिया और खुद को एसटीएफ बताते हुए उनको अपनी गाड़ी में बैठा लिया, एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी में था जिसके तीन स्टार लगे थे बाकी सादी वर्दी में थे। नूर मोहम्मद का कहना है कि अपहरण के बाद उनकी आंखों पर पट्टी बांध दी। रात में उनको गाड़ी से जंगल में उतारा गया। करीब एक किलोमीटर जंगल में पैदल ले गए। एक नलकूप पर रखा गया और मारपीट की गई। फिर दो करोड़ की फिरौती मांगी गई।फिरौती की रकम जुटाने के लिये नूर मोहम्मद ने दस लोगों को फोन किया। 11 लाख रुपये एकत्र हो पाए थे। बागपत पुलिस ने अपहरणकर्ताओं तक पहुंचने का समय मिल गया। बड़ौत कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने छपरौली बावली मार्ग के पास सभी को घेर लिया, दोनों बंधक गाड़ी से बरामद किए गए। चार आरोपी रजत , शिवम, प्रद्युमन और विजय को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पांच आरोपियों अजय, अनुज, राहुल, अमन और बिजेंद्र का नाम सामने आया है जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों से तीन तमंचे, कारतूस अथोर एक गाड़ी बरामद की है। सभी आरोपी शामली और मुजफ्फरनगर नगर के रहने वाले है। सूचना मिलते ही पुलिस काम पर लग गयी थी। आरोपी अपहरण की रकम मिलते ही दोनों की हत्या करने वाले थे।

## बाइक की टक्कर से वृद्धा जखमी

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शौंच को जा रही एक वृद्धा मोटर साइकिल की टक्कर से जख्मी हुई।जिसे उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में भर्ती कराया गया है। बदोसराय थाना क्षेत्र के ग्राम हसनापुर निवासी शांति देवी शनिवार को खेतों में शौंच के लिए जा रही थी। रास्ते में उसी गांव के संदीप ने मोटरसाइकिल से टक्कर मार दी। घटना में घायल शांति देवी को तुरन्त परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया । पीड़िता के बेटे मुकेश कुमार ने बताया कि उनकी मां शौच के लिए जा रही थीं। इसी दौरान संदीप ने बाइक से जोरदार टक्कर मार दी। मुकेश कुमार ने थाना बदोसराय को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि शिकायत मिल गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## संदिग्धावस्था में लगी आग, घर गृहस्थी खाक

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रात में अचानक एक घर में आग लग गई।और गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की मदद से मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। क्षेत्र के शहरी गांव में शनिवार की रात अज्ञात कारणों से शिवा पुत्र नौमी के घर में आग लग गई। जिसमें घर में रखी हजारों की नगदी के साथ ही घरेलू सामान जल गया। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। घटना से गांव में दहशत का माहौल बन गया। आग की चपेट में आने से घर में रखा सामान जलकर राख हो गया। इसमें घरेलू सामान के साथ नगदी भी शामिल है। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। अभी तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# रेस्क्यू टीम ने 4 शिकारी कुत्तों को पकड़कर किया क्वारनटाइन

## अन्य शिकारी कुत्तों को पकड़ने का अभियान तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । विगत दिनों बाराबंकी ब्रांच नहर के किनारे स्थित मजरा हजरतपुर ग्राम पंचायत दरहरा थाना जहांगीराबाद बाराबंकी में सात वर्षीय लड़की महक को कुत्तों द्वारा जख्मी किए जाने के बाद हुई मौत के उपरांत जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी द्वारा मामले को संज्ञान लिया गया तथा त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए। प्रभागीय वनाधिकारी के कुशल नेतृत्व में वन रेंज बाराबंकी की संयुक्त टीम



बनाकर डाक्टरों को मौजूदगी में चार शिकारी कुत्तों की पहचान करके पकड़ लिया गया है। इन कुत्तों को क्वारनटाइन में रखा गया है तथा उचित देखभाल की जा रही है। रेस्क्यू टीम द्वारा शिकारी कुत्तों से बचाव के लिये लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

## डीएम की तत्परता से दिव्यांग को मिली आर्थिक सहायता

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी जनहित की समस्याओं का निदान प्राथमिकता से कर रहे हैं। तहसील हैदरगढ़ के ग्राम पूरे धनई मजरे व पोस्ट मंसारा के 40 वर्षीय विजय कुमार पुत्र उमानाथ जो कि बहुत गरीब परिवार से है दोनों आंखों से ठीक से दिखाई न पड़ने के कारण दिव्यांगता का शिकार है। उन्होंने 21 फरवरी को आंखों के ऑपरेशन के लिये मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता हेतु आवेदन करवाया था। प्रार्थना पत्र की संस्तुति हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत द्वारा की गई थी। उक्त मामले को जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने संज्ञान लेकर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के विशेष प्रयासों से 25 फरवरी को सहायता के लिये आवेदन पर अप्रूबल प्राप्त हो गया और 28 फरवरी 2025 को ही अस्पताल के खाते में आंखों के ऑपरेशन के लिये मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 01 लाख 16 हजार रुपये की धनराशि हस्तांतरित कर दी गई।

## लूट की झूठी कहानी गढ़ी अब माफ़ी नामा प्रस्तुत

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। फर्जी लूट की तहरीर देकर मसौली पुलिस की किरकिरी कराने वाले ने 24 घंटे में ही अपने बयान से मुकर गया और पुलिस को माफ़ी नामा प्रस्तुत किया है। बताते चले कि मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम पहलीपार निवासी उमेश वर्मा पुत्र रामचंद्र ने थाना मसौली मे तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार की देर रात्रि हम अपने चचेरे भाई राकेश वर्मा के साथ बाराबंकी से घर लौट रहे थे गाँव से थोड़ी दूर पहले सड़क पर बिछाये गये कंाटो के दौरान अज्ञात तीन नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर एडवांस मे लिये गये 50 हजार रुपये लेकर फरार हो गये।लूट की घटना की तहरीर मिलते ही प्रभारी निरीक्षक यसकान्त सिंह ने टीम के साथ जांच मे जुट गयी। उमेश वर्मा द्वारा बताया गया था कि 50 हजार रुपये एडवांस मे लिये गये है पुलिस ने डा. गिरीश चंद्र से बात की तो उन्होंने किसी भी तरह का एडवांस न दिये जाने की बात बताई। इसी बींच थाने पहुंचे उमेश वर्मा ने प्रभारी निरीक्षक को माफीनामा देते हुए बताया कि 50 हजार की लूट घटना किसी के बहकावे मे आकर दिया था तथा मेरे साथ किसी भी तरह की घटना नही हुई है।

## खनन माफिया! पुलिस, प्रशासन पर भारी .?

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तमाम सख्ती के बावजूद भी धरती का सीना चीर कर मिट्टी खनन का कार्य करने वाले खनन माफिया अपनी हरकतों से बाज नही आ रहे है। ताजा मामला शनिवार की रात्रि मे उस समय सामने आया जब शादी से वापस लौट रहे युवक ने देखा कि बिना परमीशन एवं खेत मालिक की जानकारी के खेत मे मिट्टी खनन किया जा रहा हैं। बताते चले कि सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर कटरा पुलिस चौकी के इर्द गिर्द वर्तमान समय मे मिट्टी खनन का कार्य जोरो से चल रहा है।कुम्भकरणी नींद मे सोई सफदरगंज पुलिस सब कुछ जान बूझ कर अनजान वनी हुई है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खनन माफिया प्रतिदिन पुलिस की सेवा मे हाजिर होकर रात्रि भर उपजाऊ भूमि का सीना चीर कर काली कमाई कर रहे है। मिट्टी खनन का ताजा मामला उस समय सुर्खियों मे आया जब शनिवार की रात्रि मे रामपुर कटरा निवासी रामगोपाल का पुत्र एक वैवाहिक कार्यक्रम से घर लौट रहे थे तो देखा की खेत मे पोकलैंड से मिट्टी खनन कर ट्रैक्टर ट्राली मे भरी जा रही है जो बगैर् परमीशन एव खेत मालिक की जानकारी मे खनन किया जा रहा था। किसान रामगोपाल ने थाना सफदरगंज मे मिट्टी खनन मे लगे अर्जुन यादव, मुकेश यादव पुत्र ननकऊ ,ललित यादव पुत्र सीताराम, सुरेंद्र शुक्ला पुत्र बलराम, मानू वर्मा पुत्र अज्ञात के विरुद्ध थाना सफदरगंज मे चोरी से मिट्टी खनन करने की शिकायत की है।

**डीएम के प्रयासों को जनता ने सराहा**

जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी द्वारा दिव्यांग की आंखों के ऑपरेशन के लिये विशेष प्रयास करके महज चंद दिनों में जिस तरह तात्कालिक सहायता प्रदान करवाई उनके इस प्रयास की दिव्यांग के परिजनों सहित जनपद के तमाम लोग उनकी कार्यशैली की भूरी-भूरि प्रशंसा कर रहे है।

## बिना नंबर ओवरलोड मौरंग ले जा रहे भारी वाहन सीज

हमीरपुर। रविवार को एआरटीओ ने ओवरलोड के खिलाफ अभियान चलाया। जिसमें 24 ओवरलोड भारी वाहनों पर कार्रवाई कर 12 लाख की धनराशि जमा कराई है। इनमें ओवरलोड बिना नंबर प्लेट के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मुस्करा क्षेत्र में छुपाकर खड़ी कराई गईं चार गाड़ियां पकड़ीं गईं। एआरटीओ प्रवर्तन अमिताभ राय ने रविवार को बताया कि ओवरलोडिंग के विरुद्ध सघन अभियान में सुमेरपुर रोड, ललपुरा, बजेहटा से ६ ओवरलोड वाहन पकड़े गए। इनसे उनसे तीन लाख जुर्माना जमा कराया। इसके अलावा छानी के समीप ओवरलोडिंग के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लोकेशन के सहारे जा रहे नौ वाहनों को पकड़ इन पर 6 लाख का जुर्माना आरोपित किया। एक ओवरलोड गाड़ी सुमेरपुर फैक्ट्री एरिया में सीज की गई। ओवरलोड बिना नंबर प्लेट के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मुस्करा क्षेत्र में छुपाकर खड़ी कराई गई चार ओवरलोड गाड़ियां पकड़ीं। जिन्हें मुस्करा थाने में खड़ी कर सीज किया गया।

# माहे रमजान में पहला रोजा मुकम्मल हुआ,रोजा इफ़्तार में मांगी अल्लाह पाक से दुआ

एजेंसी

वाराणसी। माहे रमजान में रविवार को पहला रोजा मुकम्मल हुआ । मुसलमानों ने पूरे दिन रोजा रख शाम को इफ़्तार किया। इसके बाद अल्लाह पाक से अपनी दुआओं में मगफिरत और बरकत की अपील की। एक महीने बाद खुशियों का त्योहार ईद परंपरा के अनुसार मनाया जाएगा। रमजान का पहला रोजा जहां सबसे छोटा रहा। वहीं,अंतिम रोजा सबसे बड़ा होगा। रमजान को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

वाराणसी के बेनिया बाग चौराहे के पास बाबा रहीम शाह बाबा के आस्ताने में भी रोजा इफ्तार करते हुए अकीदतमंदों को देखा गया।

बताते चले रमजान इस्लामिक कैलेंडर का नौवां महीना है, जो चांद दिखने के साथ शुरू होता है। रमजान का महीना शब-ए-बारात से 14 दिन बाद शुरू होता है, और यह महीना विशेष रूप से इबादत, दुआ, और तौबा का महीना होता है। पत्रकार शमशाद अहमद के अनुसार रोजे में दिनभर की तपती



गर्मी और भूख-प्यास की शिद्दत के बाद, जैसे ही मगरिब का वक्त आता है, मस्जिदों में रौनक लौट आती है और घरों में पकवान तैयार होते हैं। इफ्तार के समय गरीबों और जरूरतमंदों का भी खास ख्याल रखा जाता है। यह महीना मुसलमानों के लिए एक तरह से आत्मा की शुद्धि और अल्लाह के करीब जाने का मौका होता है। रमजान के महीने को तीन अशरों में बांटा गया है ऽ पहला अशरा जो बरकतों से भरा होता है, दूसरा अशरा रहमत का होता है, और तीसरा अशरा मगफिरत का, जिसमें अल्लाह अपनी रहमत से बंदों को माफ करता है। इफ्तार के बाद मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा की जाती है, जो रातभर अल्लाह की इबादत का मौका देती है। शमशाद बताते हैं कि रमजान सिर्फ भूख-प्यास का महीना नहीं है, बल्कि यह हर उस गलत काम से दूर होने का समय है, जो अल्लाह को पसंद नहीं है। इस महीने में मुसलमान फितरा और जकात देते हैं, ताकि गरीबों और यतीमों को भी अच्छे खाने-पीने का मौका मिल सके। रमजान का यह महीना मुसलमानों के लिए आध्यात्मिक शुद्धि और समाज के लिए एकता का प्रतीक बनकर आता है।

## खनन पट्टा क्षेत्रों में अनियमितता मिलने पर पट्टाधारकों के खिलाफ कार्यवाही

हमीरपुर। रविवार को सोशल मीडिया में मौरंग खंड 26/8 चंदवारी घुरौली शुरू होते ही ओवरलोडिंग का खेल शुरू होने के वायरल वीडियो मामले में राजस्व, खनिज व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने जांच की। जिसमें मौरंग संचालक द्वारा की जा रही अनियमितताएं नहीं मिलीं। वायरल वीडियो में ओवरलोडिंग, खनन क्षेत्र में धर्मकांटा पर लगे पीटी जैड शोपीस बनकर रह जाने व एनआर में ट्रक निकालकर लाखों रुपये के राजस्व को चूना लगाने जैसे आरोप थे। अधिकारियों की जांच में पाया कि ग्राम चंदवारी घुरौली के खंड संख्या 26/8 के अनुज्ञा पत्र धारक अपने स्वीकृत खनन क्षेत्र के अंदर खनन कार्य कर रहे हैं। नदी की जलधारा में खनन कार्य होना नहीं पाया गया। उधर जिलाधिकारी के निर्देश पर माह जनवरी से फरवरी तक 16 खनन पट्टा क्षेत्रों की जांच की गई। जिसमें से 10 खनन पट्टा क्षेत्रों में अनियमितता मिलने पर पट्टाधारकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। अवैध खनन/ परिवहन पर करीब 300 वाहनों से डेढ़ करोड़ का राजस्व वसूला गया है।

# पक्षपातपूर्ण और निहित स्वार्थ की राजनीतिक असहिष्णुता पर अंकुश जरूरी : धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रहित को दरकिनार करने वाली पक्षपातपूर्ण और निहित स्वार्थ वाली राजनीतिक असहिष्णुता पर अंकुश लगाये जाने की जरूरत पर बल दिया है।

श्री धनखड़ ने तिरुवनंतपुरम में 'लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, विकास और भारत का भविष्य' विषय पर चौथा पी. परमेश्वरन स्मारक व्याख्यान देते हुए कहा कि हम एक ऐसे खतरनाक दौर में जी रहे हैं जहां राष्ट्रीय हित को नजरंदाज कर राष्ट्र विरोधी कथानक बनाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा,ल्ल हम ऐसे हालातों का सामना कर रहे हैं, जहां राष्ट्रीय हित को दरकिनार कर दिया जाता है। राष्ट्र-विरोधी कथानक हवा में उछल रहे हैं। हम बहुत खतरनाक दौर में जी रहे हैं। राष्ट्रवाद की कीमत पर



पक्षपातपूर्ण और व्यक्तिगत हितों को बढ़ावा देने वाली राजनीतिक असहिष्णुता और लापरवाह रुख को नियंत्रित करने और सामाजिक परामर्श की आवश्यकता है।ङ्क

देश में राजनीतिक रूप से विभाजनकारी माहौल पर विचार रखते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, ''हम कुछ पहलुओं पर चिंताजनक परिदृश्यों से घिरे हुए हैं। राजनीति केन्?द्रीकृत हो गई है, उपरोक्?त रूप से विभाजनकारी है, तापमान हमेशा उच्च रहता है। मूल राष्ट्रीय मूल्य और सभ्यतागत मूल्य केंद्रीय विषय नहीं हैं। इस देश में जहां विविधता एकता में परिलक्षित होती है, यह देश जो समावेशिता के अपने सनातन मूल्यों पर गर्व करता है, हम इन मूल मूल्यों से दूर होने और ध्रुवीकृत, विभाजनकारी गतिविधियों में शामिल होने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं... जैसे-जैसे सार्थक संवाद धीमा पड़ता है, वैसे-वैसे सहयोग, सहभागिता और आम सहमति के स्तंभ भी धीमे होते जाते हैं।''

संवाद और विचार-विमर्श के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, ''मुझे आपके साथ अपनी पीड़ा, अपना दर्द साझा करना चाहिए। संसद को लोगों के लिए आदर्श होना चाहिए। यह लोगों की आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदलने का एक मंच है। इसे संवाद, बहस, चर्चा और विचार-विमर्श का अभेद्य गढ़ होना चाहिए और इन पहलुओं का उदाहरण संविधान सभा ने दिया था जिसने 18 सत्रों में लगभग तीन साल तक काम किया था। और आज हम क्या देख रहे हैं? संवाद, विचार-विमर्श और अन्य चीजें अशांति और व्यवधान की भेंट चढ़ गई हैं। क्या इससे भी अधिक भयंकर अपवित्रता हो सकती है जब लोकतंत्र के मंदिर व्यवधान और अशांति से तबाह हो जाएं? हमारे लोकतंत्र को जीवित रहना है और पहली परीक्षा संसदीय कार्यप्रणाली की है। उन्होंने कहा, ''अभी देश में चुनावी दृष्टिकोण से ऐसे क्षेत्र हैं, जहां चुनाव का कोई मतलब नहीं है। देश में पिछले कुछ वर्षों में ऐसे किले बने हैं, जहां चुनाव के नतीजे हमेशा जनसांख्यिकीय अव्यवस्थाओं के कारण प्रभावित होते हैं। इन चुनौतियों का समाधान करना, जो बहुत कठिन हैं, केवल नीतिगत हस्तक्षेप पर्याप्त नहीं हैं। हमें इन चुनौतियों को हमारे राष्ट्रवाद और हमारे लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए समझना और पहचानना होगा... कोई देश लाखों अवैध प्रवासियों को कैसे झेल सकता है? उनकी संख्या देखें। वे इस देश के लिए कितना खतरा लेकर आए हैं, इसे देखें।

# लालू के डीएनए में लूट, बलात्कार, डकैती : गिरिराज

एजेंसी

गया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर हमला बोला और कहा कि उनके डीएनए में लूट, बलात्कार और डकैती है।

श्री सिंह रविवार को गया पहुंचे, जहां उन्होंने सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर कई बिंदुओं पर चर्चा की।इस दौरान पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने राजद प्रमख और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि श्री लालू ने अपने बेटे को लांच किया है। छपरा में लालू यादव ने कहा था कि तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाओगे तो बिहार में जगमग होगा?। वो कहते है कि मैंने ये किया, वो किया। उन्होंने सवालिया लहजा में कहा,राजद के शासनकाल में शादी करके पति-पत्नी लौटते थे तो उनको उतारकर गाड़ी ले लिया जाता था. क्या विकास का मॉडल यही होगा। श्री सिंह ने तंज कसते हुये कहा कि श्री लालू अपने बेटे को अपने डीएनए पर लॉन्च करना चाहते हैं. क्योंकि बेटा का तो अपनी कमाई कुछ भी नहीं है। श्री लालू के डीएनए में लूट, बलात्कार, डकैती, आगजनी और फिरौती है। यह सारे आपके रोजगार के मॉडल है।उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की सरकार है, जिन्होंने पूरे उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार को जोड़ा है।पहले एक पुल था, अब 17 पुल है। बदलता हुआ बिहार है, सड़कों का जाल हो गया है. बिजली की उपलब्धता है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में टेक्सटाइल नया रूप लेगा, क्योंकि अब बड़ी-बड़ी मशीनें आएगी। इस ढंग से नया कायाकल्प होगा। उन्होंने कहा कि अब श्री लालू का मॉडल आज का नौजवान कोई स्वीकार नहीं करेगा। पहले लोग कहते थे बेटा सो जाओ गब्बर सिंह आज जाएगा। अब वैसे ही लोग कहेंगे कि बेटा भूल कर के भी लालू के मॉडल को नहीं देखना, नहीं तो बिहार में शाम से पहले घर वापस आना पड़ेगा। यही इनका असली मॉडल है।

# शाह 'डेयरी क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी पर कार्यशाला' का उद्घाटन करेंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल यहां 'डेयरी क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी पर कार्यशाला' का उद्घाटन करेंगे।

कार्यशाला में सहकारिता मंत्रालय और पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य पालन मंत्रालय की नीतियों और पहलों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य डेयरी फार्मिंग में तालमेल के साथ आर्थिक विकास सुनिश्चित करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। सर्कुलरिटी एक आर्थिक अवधारणा है जिससे संसाधनों, उत्पादों और सामग्रियों के पुनः उपयोग, पुनर्जनन, और पुनर्चक्रण पर ध्यान दिया जाता है जिससे की उपलब्ध संसाधनों का पर्यावरण अनुकूल सर्वोत्तम इस्तेमाल हो सके । कार्यशाला में कई राज्यों में बायोगैस संयंत्रों की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, डेयरी फार्मिंग में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार प्रथाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की बड़े पैमाने पर बायोगैस/सीबीजी परियोजनाओं और सस्टेन प्लस परियोजना के तहत नई वित्तपोषण पहल की जाएगी। कार्यशाला में टिकाऊ खाद प्रबंधन मॉडल पर तकनीकी सत्र होंगे जो डेयरी अपशिष्ट को बायोगैस, कंप्रेस्ड बायोगैस और जैविक उर्वरकों में परिवर्तित करते हैं। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड उद्योग और वैश्विक संगठनों के विशेषज्ञ सर्कुलरिटी प्रेरित डेयरी प्रथाओं का विस्तार करने, वित्तपोषण विकल्प तलाशने, कार्बन क्रेडिट अवसरों का फायदा उठाने , अपशिष्ट से ऊर्जा समाधान का पता लगाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे और डेयरी फार्मिंग को और अधिक कुशल बनाने में उन्नत प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डालेंगे।

# लॉजिस्टिक लागत में कटौती करना सरकार का लक्ष्य: प्रल्हाद जोशी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि ई-कॉमर्स के तेजी से विस्तार और बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार के ध्यान के कारण भंडारण और रसद क्षेत्र को आर्थिक विकास का प्रमुख चालक माना जा रहा है। उन्होंने डिजिटल पहलों के एकीकरण के माध्यम से परिचालन दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही में निगम के प्रयासों की सराहना की।

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी रविवार को यहां केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी) के 69वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जोशी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) और प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) जैसी सरकारी पहलों में सीडब्ल्यूसी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर



दिया, जिससे खाद्यान्न, दालें, कपास और मूंगफली सहित आवश्यक वस्तुओं के कुशल भंडारण, हैंडलिंग और परिवहन को सुनिश्चित किया जा सके। लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता जताते हुए केन्द्रीय मंत्री जोशी ने कहा कि राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) और पीएम गति शक्ति कार्यक्रम के शुभारंभ के साथ हमारा लक्ष्य लॉजिस्टिक्स लागत को मौजूदा 13-14 फीसद से घटाकर लगभग 8 फीसद के वैश्विक मानकों पर लाना है। एक अग्रणी वेयरहाउसिंग संगठन के रूप में सीडब्ल्यूसी आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास और दक्षता संवर्द्धन के माध्यम से इन उद्देश्यों का समर्थन करने के लिए तैयार है। इस अवसर पर मंत्री ने सीडब्ल्यूसी के पारंपरिक वेयरहाउसिंग इकाई से गतिशील लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता में परिवर्तन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सीडब्ल्यूसी 700 से अधिक गोदामों के व्यापक नेटवर्क और 148.29 लाख मीट्रिक टन की परिचालन भंडारण क्षमता के साथ दक्षता, नवाचार और विश्वसनीयता के प्रतीक के रूप में विकसित हुआ है। वेयरहाउसिंग में भारत की ऐतिहासिक विरासत पर विचार करते हुए जोशी ने कहा कि भारत में भंडारण समाधानों का एक समृद्ध इतिहास है, जो मौर्य और गुप्त साम्राज्यों में सिंधु घाटी सभ्यता और पाटलिपुत्र तक जाता है। आज आधुनिक तकनीक से प्रेरित वेयरहाउसिंग ने इस क्षेत्र में क्रांति ला दी है। भारत के वेयरहाउसिंग बाजार के उल्लेखनीय 15फीसदी सीएजीआर से बढ़ने की उम्मीद है, जो 2027 तक 35 बिलियन डालर तक पहुंच जाएगा। मंत्री ने बुनियादी ढांचे के विकास में सीडब्ल्यूसी के महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार किया और कहा कि सीडब्ल्यूसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में ?613 करोड़ के रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय के साथ अपनी भंडारण क्षमता को अतिरिक्त 21.65 लाख वर्ग फुट तक बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि 2021 से इसकी ई-कॉमर्स क्षमता बारह गुना बढ़कर 2025 में लगभग 80 लाख वर्ग फुट हो गई है। उन्होंने परिसंपत्ति मुद्रीकरण योजना के तहत 820 करोड़ रुपये का निवेश जुटाते हुए 18 स्थानों पर सीडब्ल्यूसी की परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण की प्रशंसा की। आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत, सीडब्ल्यूसी का लक्ष्य निजी क्षेत्र की भागीदारी, प्रौद्योगिकी उन्नति में निवेश और अनुकूल वातावरण बनाकर एक कुशल और पर्याप्त आपूर्ति श्रृंखला बनाकर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री बीएल वर्मा और निमुबेन जयंतीभाई बंभानिया भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। दोनों मंत्रियों ने अपने संबोधन के दौरान निर्बाध भंडारण आपूर्ति को सक्षम करके राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति सीडब्ल्यूसी की प्रतिबद्धता को दोहराया।

# यूपी-बिहार की गरीबी की वजह आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की पाबन्दी है : शाहनवाज़ आलम

## साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 184 वीं कड़ी में बोले कांग्रेस नेता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नयी दिल्ली। जाति जनगणना कराने और उसके आंकड़े के आधार पर आरक्षण बढ़ाने से देश की श्रम शक्ति में वृद्धि होगी। जिससे देश की प्रगति में ज़्यादा लोगों की भागीदारी बढ़ेगी। देश में सिर्फ़ राहुल गाँधी ही एक नेता हैं जो इस मुद्दे को लगातार उठा रहे हैं। ये बातें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और बिहार सह प्रभारी शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 184 वीं कड़ी में कहीं।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि तमिलनाडू की पर कैपिटा इनकम 3,15,220 रुपये है जबकि यूपी की पर कैपिटा इनकम 93,514.285 रुपये और बिहार की पर कैपिटा इनकम 66,828 रुपये है। तमिलनाडु में उद्योग और रोजगार ज़्यादा है जबकि यूपी और बिहार से रोजगार के लिए पलायन करना पड़ता है। इसीलिए तमिलनाडू में हर जगह बिहार और यूपी के लोग काम करते मिल जाते हैं लेकिन तमिलनाडू का आदमी यूपी-बिहार में काम करने नहीं आता। जिसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि तमिलनाडु में आरक्षण 69 प्रतिशत है जबकि यूपी और बिहार जैसे राज्यों में आरक्षण सिर्फ़ 50 है। उन्होंने कहा कि आंकड़े साबित करते हैं कि जहां ज़्यादा आरक्षण होता है वहां प्रगति और समृद्धि ज़्यादा होती है क्योंकि लोगों को काम करने का अवसर ज़्यादा मिलता है।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि अमरीका के विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की वजह वहां पर 1961 से ही एफरमेटिव एक्शन यानी आरक्षण का लागू होना है। जिसके कारण अमरीका अपनी श्रम शक्ति का ज़्यादा से ज़्यादा इस्तेमाल करता है। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि जो पार्टियां जातिगत जनगणना और आरक्षण बढ़ाने की विरोधी हैं वो देश की प्रगति और समृद्धि की विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में आरक्षण बढ़ाने की कोशिशों को न्यायपालिका के सहयोग से लटका दिया जाता है जिसका बिहार ताज़ा उदाहरण है। इसलिए सामाजिक न्याय के समर्थक लोगों को न्यायपालिका के रवैय्ये की भी निगरानी करनी होगी।

## गुलामी का प्रतीक था फायसागर का नाम : देवनानी

अजमेर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर के फायसागर का नाम गुलामी का प्रतीक बताते हुए कहा है कि इसका नाम बदलकर वरूण देव के नाम पर वरूण सागर करने पर लोगों में खुशी की लहर है। श्री देवनानी ने दिल्ली गेट स्थित झूलेलाल धाम में रविवार को यहां बात कही। उन्होंने कहा कि यह झील अजमेर के लोगों द्वारा बनाई गई और इसमें सिंधी सहित सभी समुदायों की धार्मिक एवं सामाजिक आस्था भी जुड़ी हुई है। इसीलिए इसका नाम बदलकर वरूण देव के नाम पर वरूण सागर किया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही झील के चहुंमुखी विकास की योजना तैयार कर कंाम किया जाएगा। फायसागर का नाम बदलकर वरूण सागर करने पर सिंधी समुदाय ने श्री देवनानी का अभिनन्दन किया। यहां झूलेलाल कैलेण्डर 2025 का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर श्री देवनानी ने कहा कि वरूण सागर झील अजमेर के लोगों ने खुद श्रमदान कर बनाई थी। गुलामी के दिन थे तो इसका नाम एक अंग्रेज के नाम पर फायसागर रख दिया गया।

# राजकमल के सहयात्रा उत्सव में हुआ 'भविष्य के स्वर' विचार-पर्व का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उर्दू और हिन्दी के साहित्यकार यदि एक दूसरे के काम को समझते और अपनाते तो हमारे समाज में साहित्यिक-सांस्कृतिक समझ और गहरी हो सकती थी। उर्दू-हिन्दी साहित्य का परस्पर लिप्यंतरण दोनों भाषाओं के संबंध को मजबूत कर सकता है। जैसे-जैसे समाज में बदलाव हो रहे हैं, वैसे-वैसे कहानी कहने के तरीके भी विकसित हो रहे हैं। हमें अपने समय और समाज को समझते हुए कथा कहने के नए शिल्प को अपनाना होगा। आप छोटी-छोटी चीज़ें करके दुनिया का ध्यान नए तरीकों से सोचने की ओर खींच सकते हैं। यह बातें राजकमल प्रकाशन के स्थापना दिवस पर आयोजित 'भविष्य के स्वर' में वक्ताओं ने कहीं।

राजकमल प्रकाशन दिवस के अवसर पर 28 फरवरी की शाम सहयात्रा उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर विचार-पर्व 'भविष्य के स्वर' का पाँचवाँ अध्याय प्रस्तुत किया गया। इस दौरान तीन अनूठी युवा प्रतिभाओं?रंगकर्मी और कहानीकार फहीम अहमद, ज़ाइन मेकिंग और फ़ाइबर आर्ट की आर्टिस्ट कोशी ब्रह्मात्मज और कथाकार तसनीफ़ हैदर ने व्याख्यान दिए। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लेखक, पाठक, संस्कृतिकर्मी, पुस्तकप्रेमी और पत्रकार मौजूद रहे। फहीम अहमद ने अपने व्याख्यान में समकालीन कथा कहन के तरीकों और उसके शिल्प में हो रहे बदलावों की ओर इशारा किया। उनका व्याख्यान 'बदलते माध्यम और कथा का बदलता चेहरा' विषय पर केन्द्रित था। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे समाज में बदलाव हो रहे हैं, वैसे-वैसे कहानी कहने के तरीके भी विकसित हो रहे हैं। डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यम से भी कथाएँ पाठकों तक पहुंच सकती हैं और उन्हें एक नई पहचान मिल सकती है। उन्होंने एक दिलचस्प सवाल उठाया कि क्या भविष्य में व्हाट्सऐप फॉरवर्ड को आधुनिक लोककथाओं का दर्ज़ा मिल सकता है। यह विचार पहली बार अजीब लग सकता है, लेकिन जब हम देखते हैं कि ये संदेश कई लोगों से होते हुए हम तक पहुंचते हैं और हमें लेखक का नाम भी नहीं पता होता, तो यह एक नए प्रकार की कहानी कहने की विधा बन सकती है।

कोशी ब्रह्मात्मज ने अपने व्याख्यान में कहा कि एम्ब्रॉयडरी सिर्फ एक डोमेस्टिक और पैसिव कला नहीं, बल्कि एक प्रभावशाली प्रतिरोध का माध्यम है जो औरतों द्वारा अनपेड और अंडरएप्रिशिएटेड लेबर की वैल्यू को रीक्लेम करता है। उनका व्याख्यान 'सोच के शब्द, समझ के धागे' विषय पर केन्द्रित था। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी चीज़ें मिलकर एक बड़ा बदलाव लाती हैं। मेरा काम यही दिखाता है कि कैसे आप छोटी-छोटी चीज़ों को करके दुनिया अचंभित कर सकते हैं, लोगों का ध्यान नए तरीके से सोचने की ओर खींच सकते हैं। वहीं, तसनीफ़ हैदर ने अपने व्याख्यान में उर्दू और हिन्दी साहित्य के बीच की दूरी, उनके साहित्यिक रिश्ते और समाज में उनके महत्व को रेखांकित किया। उनका व्याख्यान 'उर्दू-हिन्दी : नया दौर नये सवाल' विषय पर केन्द्रित था। उन्होंने कहा कि मेरे लिए उर्दू केवल एक भाषा तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह एक संस्कृति, एक इतिहास और एक पहचान से जुड़ी हुई थी। घरों में उर्दू अखबारों, किताबों और शायरी के साथ एक गहरी तारतम्यता थी। हम उर्दू साहित्य के बड़े लेखकों, शायरों और कहानीकारों से परिचित थे, लेकिन हिन्दी साहित्य के कई महत्त्वपूर्ण लेखकों से हम अपरिचित रहे। आज़ादी के बाद, समाज में हिन्दी और उर्दू के बीच एक मानसिक दीवार खड़ी कर दी गई थी। दोनों भाषाओं के साहित्य को एक दूसरे से अलग कर दिया गया था, हालांकि दोनों भाषाओं के बोलने वाले एक जैसे लोग थे और दोनों में समान संवेदनाएँ और विचार थे। उर्दू को कुछ ख़ास राजनीतिक ताकतों ने धर्म और कट्टरता से जोड़ दिया, जबकि उर्दू साहित्य ने अपनी पहचान हमेशा धर्म से ऊपर रखी है।

# पेज एक का शेष

## भारत ने चैंपियंस...

रहे श्रेयस अय्यर को 37वें ओवर में विलियम ओरूर्क ने आउट किया। श्रेयस अय्यर ने 98 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (79) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। 40वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने के एल राहुल (23) को अपना शिकार बनाया। 46वें ओवर में मैट हेनरी ने रवींद्र जाडेजा (16) को आउट न्यूजीलैंड को सातवीं सफलता दिलाई। मैट हेनरी ने 50वें ओवर में हार्दिक पंड्या को आउट किया। हार्दिक पंड्या ने 45 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (45) रनों की शानदार पारी खेली। मोहम्मद शमी (पांच) मैट हेनरी का पांचवां शिकार बने। न्यूजीलैंड के शानदार गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारत निर्धारित 50 ओवरों नौ विकेट पर 249 रन ही बना सका। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने पांच विकेट लिये। काइल जेमीसन, विलियम ओरूर्क, मिचेल सैंटनर और रचिन रविंद्र ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## मायावती ने भतीजे ...

तो यह बेहतर होता। हाल में केंद्र और राज्य सरकार के भी बजट के दौरान किए गये सरकारी दावें जमीनी हकीकत में ज्यादातर हवा-हवाई लगते हैं। इसी कारण करोड़ो गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गा एवं अन्य मेहनतकश लोगों के जीवन में अपेक्षित सुधार नहीं हैं बल्कि अपार महंगाई, बेरोजगारी व सरकार के अधिकतर धन्नासेठ समर्थक एवं जनविरोधी कार्यकलापों से लोगों की बदहाली बढ़ी है। उन्होंन कहा कि वास्तव में सरकार इतनी ज्यादा दूरदर्शी हो गयी है कि उसे देश के सवा सौ करोड़ लोगों द्वारा रोजी-रोटी, स्कूल, अस्पताल, सड़क व जीएसटी करके बोझ आदि से बदहाल स्थिति की वर्तमान ज्वलन्त समस्याएं नजर हीं नहीं आ रही है। सरकार की नीयत व नीति में सुधार जरूरी है। बैठक में खासकर उत्तर प्रदेश के जिलों में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था पर चर्चा हुई है। इस पर मायावती ने कहा कि यूपी में कानून का सही से राज नहीं होकर भाजपा का पक्षपाती राज होने से आम जनता को न्याय पाना मुश्किल हो गया है। अगर बसपा सरकार आएगी तो कानून की व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। बसपा की सरकार आएगी , अच्छे दिन लाएगी।

## वोटर कार्ड के एक जैसे ...

अनुसार, 'ईआरओएनईटी' ''एक जैसी प्रविष्टियों को हटाकर और एक जगह से दूसरी जगह स्थानांतरित होने वाले मतदाताओं को शामिल करके'' चुनावी प्रणाली को बनाए रखने में निर्वाचन अधिकारियों को मदद करता है। इसने कहा, ''किसी भी शंका को दूर करने के लिए, आयोग ने निर्णय लिया है कि पंजीकृत मतदाताओं को विशिष्ट ईपीआईसी नंबर आवंटित करना सुनिश्चित किया जाए। एक जैसे ईपीआईसी नंबर के किसी भी मामले को एक विशिष्ट ईपीआईसी नंबर आवंटित करके ठीक किया जाएगा।'' निर्वाचन आयोग ने कहा कि इस प्रक्रिया में सहायता और सहयोग के लिए 'ईआरओएनईटी' 2.0 मंच को अद्यतन किया जाएगा।

## मादक पदार्थ तस्करों...

मार्गदर्शन में एनसीबी 2047 तक नशा मुक्त भारत के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए अथक प्रयास कर रहा है।

## सेबी की पूर्व...

दर्ज करने का निर्देश दिया। भारत की पहली महिला सेबी प्रमुख बुच ने बीते शुक्रवार को अपने तीन साल का कार्यकाल पूरा किया है। कार्यकाल के दौरान उन पर कई तरह के आरोप लगे। अमेरिका के शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग ने अपने एक रिपोर्ट में अडानी समूह के साथ ही बुच को भी लपेटा था। उन्हें हितों के टकराव के आरोपों का सामना करना पड़ा था।

## उत्तराखंड में ...

और 46 श्रमिकों की जान बचा ली गई। उन्होंने बताया कि बचाए गए 44 श्रमिकों का जोशीमठ के सेना अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि दो श्रमिकों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे रेस्क्यू अभियान के दौरान सेना के जवानों ने पूरी तत्परता से कार्य किया और विषम भौगोलिक परिस्थितियों से लड़ते हुए 46 श्रम वीरों की जान बचाई। उन्होंने हिमस्खलन में आठ श्रमिकों की मौत होना दुखद है। उन्होंने बताया कि हादसा में लापता अंतिम श्रमिक का शव मिलने के साथ ही सेना का रेस्क्यू अभियान पूरा हो गया है।

## एक्सप्रेस-वे के दोनों ...

माध्यमिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों के पाठ्यक्रम में ट्रैफिक के नियमों को जोड़ा जाए। एक्सप्रेस-वे एवं हाइवे के किनारे शराब की दुकानें बिल्कुल न हो। उन्होंने कहा कि अक्सर यह देखा गया है कि शराब की दुकानों के साइनेज बहुत बड़े होते हैं, इन्हें छोटा किया जाए। बिना परमिट की बसें सड़कों पर न चलने पाएं। डग्गामार वाहनों एवं ओवरलोडेड ट्रकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करें। दूसरे प्रदेश से आने वाले बिना परमिट के वाहनों को बॉर्डर पर रोकें। ट्रासंपोर्ट एसोसिएशन एवं व्हीकल एसोसिएशन से संवाद स्थापित कर यह सुनिश्चित कराएं कि लंबी दूरी के वाहनों पर दो ड्राइवर हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेस-वे एवं हाइवे पर क्रेन, पेट्रोलिंग वाहन और एंबुलेंस की संख्या बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एनएचएआई की 93 सड़कें हैं, इनमें से सिर्फ चार सड़कों पर कैमरे लगे हैं, बाकी सड़कों पर भी कैमरे लगाएं। अक्सर यह देखा गया है कि सड़क पार करते समय भी बहुत सी दुर्घटनाएं हो जाती हैं, इसके दृष्टिगत एनएचएआई की बहुत सी सड़कों पर फुट ओवर ब्रिज की आवश्यकता है, स्थानों को चिन्हित कर उनका भी निर्माण कराएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी प्रमुख मार्गों पर सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित साइनेज अवश्य लगाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में यह देखने को मिलता है कि नाबालिग बच्चे ई रिक्शा चला रहे हैं। इस पर प्रभावी अंकुश लगाएं। साथ ही सभी ई रिक्शा ड्राइवर का वैरिफिकेशन अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि आरटीओ ऑफिस को बिचौलियों से पूर्णतः मुक्त रखें, इसके लिए समय-समय पर रैंडम चेकिंग अभियान चलाएं। सड़क जाम एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। ट्रैफिक के सुचारू संचालन के लिए प्रदेश में प्रयाप्त मैनपॉवर उपलब्ध है। आवश्यकता पड़ने पर सिविल पुलिस, पीआरडी और होमगार्ड के जवानों को ट्रेनिंग देकर ट्रैफिक प्रबंधन को बेहतर बनाएं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों, स्कूलों एवं मुख्य बाजारों के बाहर टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराएं।

# माणा हिमस्खलन : तीन शव और मिले, मृतकों की संख्या हुई सात, अब एक लापता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के सीमांत जनपद चमोली के माणा के पास हुए हिमस्खलन के तीसरे दिन रविवार को रेस्क्यू के दौरान तीन और श्रमिकों के शव बरामद हो गए। इस हादसे में मरने वालों की संख्या अब सात हो गई, जबकि अब एक श्रमिक अभी भी लापता है। इसे खोजने के लिए सेना और अन्य बचाव दल जुटे हैं।

पीआरओ रक्षा, लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को सेना के सर्च ऑपरेशन के दौरान बर्फ में दबे तीन और श्रमिकों के शव बरामद किए हैं। इन शवों को माना पोस्ट तक लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब केवल एक और श्रमिक लापता है। सेना की ओर से फंसे एक श्रमिक को खोजबीन के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इसी बीच माणा रेस्क्यू अभियान में गंभीर रूप

**■ लापता एक श्रमिक की तलाश में जुटी सेना और अन्य दलों के कर्मी**

से घायल पवन पुत्र महेंद्र सिंह (23) इशापुर, सम्भल, उत्तर प्रदेश को हेली एंबुलेंस से एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया गया है। जबकि एक अन्य व्यक्ति को शनिवार को ही रेफर कर दिया गया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से सभी के साथ समुचित समन्वय किया जा रहा है। लगातार राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के माध्यम से नियमित तौर पर पूरे घटनाक्रम पर नजर रखी जा रही है और सभी विभागों के आपसी समन्वय से युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है। पोस्टमार्टम और अन्य प्रक्रिया पूरी होने केबाद



श्रमिकों के शवों को उनके घर तक भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि फरवरी और मार्च में हिमस्खलन की संभावना बढ़ जाती है, ऐसे में आपदा प्रबन्धन विभाग के माध्यम से एडवाइजरी जारी कर दी गई है। जो भी श्रमिक उच्च हिमालयी क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। जिन क्षेत्रों में भारी बर्फबारी के कारण विद्युत व्यवस्था और संचार व्यवस्था बाधित है, उन्हें दुरुस्त करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस हादसे में प्रभावित होने वाले श्रमिकों की संख्या पहले 55 बताई गई थी। हादसे के बाद प्रभावितों के घरों पर संपर्क करने पर पता चला कि एक श्रमिक पहले ही बिना बताए अपने घर चला गया था। इस प्रकार हिमस्खलन हादसे कीजद में आए श्रमिकों की कुल वास्तवित संख्या 54 है। अभियान के बीच मध्य कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता और उत्तर भारत क्षेत्र के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा ने घटनास्थल का दौरा किया। दोनों सैन्य अधिकारियों ने खोज और बचाव कार्यों की निगरानी, ??समीक्षा और समन्वय के लिए माना में हिमस्खलन स्थल का दौरा किया। यहां जीवित बचे लोगों का पता लगाने के लिए विशेष रेको रडार, यूएवी, क्वाडकॉप्टर, हिमस्खलन बचाव कुत्ते आदि को अभियान में लगाया गया है। आवश्यक उपकरण, संसाधन और घायलों को निकालने के लिए हेलीकॉप्टर भी लगातार काम कर रहे हैं। सेना कमांडर ने आश्वासन दिया कि विभिन्न एजेंसियों के सहयोग से भारतीय सेना तेजी से बचाव प्रयासों को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक संसाधनों से पूरी तरह सुसज्जित है।

## रुड़की में 'विकसित भारत-विकसित उत्तराखंड' प्रदर्शनी 4 से 6 मार्च तक




कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सांसद डॉ. नरेश बंसल ने बताया कि 04 से 06 मार्च को रूड़की के नेहरू स्टेडियम ग्राउंड में विकसित भारत-विकसित उत्तराखण्ड विशाल प्रदर्शनी का आयोजन उनके सहयोग से तरमेह इवेंट्स द्वारा किया जा रहा है।

डॉ. बंसल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना लक्ष्य है, जो कि स्वतंत्रता की स्वर्ण जयंती का वर्ष होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए कार्य कर रही है। इस विजन के तहत आर्थिक वृद्धि, सामाजिक प्रगति और पर्यावरणीय स्थिरता जैसे विभिन्न पहलुओं पर जोर दिया जा रहा है।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड को इस सदी के तीसरे दशक का प्रदेश बताया था। इसी दिशा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का संकल्प उत्तराखंड को देश का अग्रणी और विकसित राज्य बनाने का है।डॉ. बंसल ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे।

# दो प्रतिष्ठानों में डकैती मामले में एसपी खुद कर रहे मॉनिटरिंग कोताही बरतने वाले अधिकारी नपेंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिया। फारबिसगंज में शुक्रवार शाम को मद्य प्रतिष्ठानों में हुए भीषण डकैती मामले की मॉनिटरिंग खुद एसपी अंजनी कुमार कर रहे हैं।कांड की समीक्षा और हरेक दिन की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा खुद एसपी अंजनी कुमार कर रहे हैं।

मामले को लेकर फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा के साथ फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह से कांड को लेकर प्रगति रिपोर्ट ली जा रही है।यह जानकारी एसपी अंजनी कुमार ने रविवार को फारबिसगंज थाना में खुद दी। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह,अपर थानाध्यक्ष आदित्य किरण,एसआई राजनंदिनी सिन्हा, अमरेन्द्र कुमार सिंह,राजा बाबू पासवान अमित राज और टाइगर मोबाइल के सशस्त्र बल सिपाही राजू कुमार सिंह और दीपू कुमार के साथ एक एसआईटी का गठन किया गया है।जिसके द्वारा मामले को लेकर सराहनीय सकारात्मक प्रयास जारी है। एसपी अंजनी कुमार ने कहा कि घटना के दिन की समीक्षा की जा रही है और ड्यूटी के दौरान गश्ती टीम और अन्य के द्वारा कोताही बरतने की बात भी सामने आ रही है।जिसके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला में योगदान दिए एक महीने से अधिक का समय हो गया है।लेकिन पुलिस अधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं ला रहे हैं।लापरवाही की बात भी सामने आ रही है और ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने वाले ऐसे पुलिस अधिकारियों की भी लिस्ट तैयार की जा रही है और जल्द ही उनलोगों के खिलाफ भी कड़ा एक्शन लिया जाएगा। एसपी ने बताया कि फारबिसगंज में दो प्रतिष्ठानों में डकैती मामले में भी कुछ पुलिस अधिकारी और जवानों की लापरवाही की बात सामने आई है,जिसके खिलाफ भी कड़ा एक्शन लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि जिले में विभिन्न थाना में तैनात पुलिस अधिकारियों और बलों सख्त हिदायत दी गई है कि वे अपने काम में किसी तरह को कोताही नहीं बरते,अन्यथा अब सीधे एक्शन होगा।एसपी अंजनी कुमार ने बताया कि एससी एसटी थाना के थानाध्यक्ष पवन पासवान और सिपाही अमृता कुमारी के खिलाफ एक्शन से सबों को सबक ले लेना चाहिए। उल्लेखनीय हो कि एससी एसटी थाना के तत्कालीन था पवन पासवान छुट्टी से बिना वापस लौटे ही थाना दैनिकी में सिपाही अमृता कुमारी से अपनी उपस्थिति फोन कर दर्ज करवा लिया था।रात में एसपी के द्वारा निरीक्षण के दौरान थानेदार की अनुपस्थिति पर जब उनका लोकेशन लिया गया तो उनका लोकेशन मधेपुरा आया था।जिसके बाद एसपी ने एससी एसटी थाना के थानाध्यक्ष पवन पासवान और सिपाही अमृता कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

## अत्याधुनिक हथियारों के साथ गैंगस्टर हरदीप गिरफ्तार

फिरोजपुर। पंजाब के फिरोजपुर में खुफिया जानकारी पर आधारित एक अभियान के दौरान काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने फिरोजपुर के घल्ल खुर्द गांव के तस्कर एवं गैंगस्टर हरदीप सिंह उर्फ दीपा को गिरफ्तार किया है और उसके पास से तीन अत्याधुनिक हथियार और नशीले पदार्थ बरामद किये हैं।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार गैंगस्टर हरदीप से तीन पिस्तौल (एक ग्लॉक पिस्तौल, एक बेरेटा .30 एमएम पिस्तौल, एक पंप एक्शन गन), 141 मिश्रित कारतूस (9एमएम, .30 कैलिबर, 12 बोर), 45 ग्राम हेरोइन और एक स्विफ्ट कार बरामद की है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि राज्य में आतंकवाद और आपराधिक गतिविधियों के लिए सीमा पार से हथियार मंगाए गए थे। उन्होंने कहा कि थाना पुलिस और राज्य विशेष अभियान सेल, फाजिल्का में प्राथमिकी दर्ज की गई है और पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

# योगगुरु बाबा रामदेव ने माणा के दिवंगत श्रमिकों को दी श्रद्धांजलि, सरकार के प्रयास को सराहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। चमोली जिले के माणा में एवलॉन्च घटना पर योगगुरु बाबा रामदेव ने दुख जताया है। बाबा रामदेव ने उत्तराखंड सरकार द्वारा चलाए गए रेस्क्यू अभियान की सराहना करते हुए कहा है कि लोगों को बचाने के लिए पुरुषार्थ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह लगातार मुख्यमंत्री के संपर्क में हैं। उन्होंने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भगवान उनके परिजनों को दुःख सहने की शक्ति दें। उन्होंने कहा कि जो लोग लापता है उनको खोजने के लिए अभियान चलाया जा रहा है और वह जल्द कुशल मिलेंगे। योगगुरु बाबा रामदेव ने कहा कि माणा में जो प्राकृतिक आपदा आई, आपदा में फंसे लोगों को रेस्क्यू करने के लिए सरकार ने पूरी ताकत लगाई हुई है। प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री



अमित शाह इस हादसे के बाद लगातार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से संवाद और अपडेट ले रहे हैं। बाबा रामदेव ने कहा कि कम से कम हानि के लिए पुरुषार्थ चल रहा है। सबको बचाने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। मैं आशा करता हूं कि इसमें कम से कम लोगों की जीवन की हानि हो और जो किसी भी तरीके से घायल हुए हैं, उनका उपचार भी पूरी संवेदनशीलता के साथ किया जा रहा है। योगगुरु बाबा रामदेव ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं को टाला तो नहीं जा सकता है, लेकिन संभाला जा सकता है। इसमें बहुत अच्छा पुरुषार्थ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया है। हादसे में जिन लोगों का निधन हुआ है, उनको हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में भगवान हिम्मत दें। क्योंकि अपनों के वियोग से परिवार को गहरा दुख आ पड़ा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही लापता श्रमिकों को भी खोज लिया जाएगा।

## हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान जहांगीर पुरी निवासी मलकीत सिंह (30) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक देशी कट्टा व दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। जांच में पता चला है कि आरोपित पहले से डकैती, हत्या के प्रयास सहित छह मामलों में शामिल रहा है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी सतीश कुमार ने रविवार को बताया कि क्राइम ब्रांच जघन्य अपराधों में शामिल फरार आरोपितों का पता लगाने के लिए लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में प्रशांत विहार की क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली कि मलकीत सिंह डकैती व हत्या के प्रयास के मामलों में वांछित है और वह किसी से मिलने के लिए रोहिणी इलाके में आने वाला हैं। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने रोहिणी सेक्टर-10 के पास जाल बिछाया और आरोपित के आते ही उसे दबोच लिया। डीसीपी के अनुसार पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक देशी कट्टा व दो जिंदा कारतूस बरामद किया।

# बजट पर नसीहत देने के बजाए 15 वर्षों के कार्यकाल का हिसाब दें तेजस्वी: उमेश सिंह कुशवाहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने तेजस्वी यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वर्ष 2005 में बिहार का बजट महज 23 हजार करोड़ रुपये का था किन्तु आज वही बजट का आकार करीब 3 लाख करोड़ रुपये का हो चुका है। प्रदेश अध्यक्ष ने आज यहां कहा कि बजट पर नसीहत देने के बजाए तेजस्वी यादव को अपने माता-पिता के 15 वर्षों के कार्यकाल का हिसाब जनता को देना चाहिए। उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि राजद ने सत्ता में रहते हुए केवल सरकारी खजाने पर डाका डालने का काम किया। बिहार को आर्थिक रूप से पीछे धकेलने और कमजोर करने में राजद की सबसे बड़ी भूमिका रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार बेटियों के जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए विभिन्न चरणों में 94 हजार रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि देती है। साथ ही उद्योग स्थापित करने के लिये महिलाओं को 10 लाख लोन मिलता है, जिसमें 5 लाख माफ और बाकी 5 लाख रुपये पर कोई ब्याज नहीं है लेकिन तेजस्वी यादव महज 2,500 रुपये का झूठा झांसा देकर महिलाओं को बरगलाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 तक बिहार में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या महज 17 लाख थी, जो आज बढ़कर 2 करोड़ 7 लाख से अधिक हो गई है। प्रति व्यक्ति बिजली की खपत भी 70 यूनिट से बढ़कर अब 360 यूनिट हो चुकी है। उन्होंने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं की संख्या में यह रिकॉर्ड वृद्धि हमारे नेता नीतीश कुमार की दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शी सोच का परिणाम है। 15 वर्षों के शासनकाल में राजद ने कभी गरीबों के घर तक बिजली पहुंचाने का कोई ठोस प्रयास नहीं किया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमारा बिहार विकास की नई और ऊंची उड़ान भर रहा है। सात निश्चय भाग 1 और 2 के माध्यम से नीतीश कुमार ने बिहार की सूरत बदली है। सड़क, शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुए हैं। 19 वर्षों के शासनकाल में हमारे नेता ने हर-घर तक पीने का शुद्ध पानी पहुंचाया, हरेक गांव में नली-गली और हरेक घर में शौचालय का निर्माण कराया है।

## वजीफा योजना:श्रमिक की दो साल की सेवा की शर्त समाप्त: सौंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के श्रम मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने रविवार को बताया कि पंजाब लेबर वेलफ़ेयर बोर्ड की वजीफा योजना के तहत श्रमिकों के बच्चों की पढ़ाई के लिए दो हजार रुपये से लेकर 70 हजार रुपये तक का लाभ उठाया जा सकता है। इसके साथ ही वजीफा योजना प्राप्त करने के लिए श्रमिक की दो साल की सेवा की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। श्री सौंद ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई के लिए वजीफा योजना का लाभ श्रमिक के अंशदान करने की तिथि से ही लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पंजाब के श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा में इस योजना का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ पहली कक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक उठाया जा सकता है। वजीफा योजना के तहत पहली से पांचवीं क्लास तक लड़कियों को 3,000 रुपये और लड़कों को 2,000 रुपये प्रति वर्ष दिए जाते हैं। इसी प्रकार 6वीं से 8वीं कक्षा तक लड़कियों को 5,000 रुपये और लड़कों को 7,000 रुपये प्रति वर्ष दिए जाते हैं। यही राशि 9वीं और 10वीं कक्षा में लड़कों को 13,000 रुपये और लड़कियों को 10,000 रुपये प्रति वर्ष दिए जाते हैं। दस जमा एक और दस जमा दो की लड़कियों को 20,000 रुपये और लड़कों को 25,000 रुपये प्रति वर्ष वजीफा राशि दी जाती है। कॉलेज विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, एएनएम, जीएनएम और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए लड़कियों को 25,000 रुपये (यदि होस्टल में रहती हैं तो 40,000 रुपये) और लड़कों को 30,000 रुपये (यदि होस्टल में रहते हैं तो 45,000 रुपये) प्रति वर्ष वजीफा राशि दी जाती है।

## जम्मू-कश्मीर के सब इंस्पेक्टर दीपक शर्मा की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार



जालंधर। पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए यूएसए आधारित सोनू खत्री गैंग के दो साथियों (सुखविंदर सुखा और हरप्रीत) को लंबी तलाशी और क्रॉस-फायरिंग के बाद गिरफ्तार किया और उनके पास से दो अत्याधुनिक हथियार बरामद किए। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी दो अप्रैल, 2024 को जम्मू-कश्मीर पुलिस के सब इंस्पेक्टर दीपक शर्मा की हत्या मामले में वांछित थे। आरोपियों की गिरफ्तारी से पुलिस तीन संभावित हत्याओं को टालने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस संगठित अपराध को खत्म करने और पूरे राज्य में शांति और सद्भाव सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है।

# राम-जानकी मंदिर के लिए दो डिसमिल जमीन दान में देने पर वीएचपी ने भुवनेश्वर मेहता को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्णिया। जिले के नगर प्रखंड के असरफ नगर निवासी भुवनेश्वर मेहता ने अपनी निजी सवा दो डिसमिल जमीन श्री राम-जानकी मंदिर असरफ नगर को दान में रजिस्ट्री करने की घोषणा रविवार को आयोजित सामूहिक बैठक में किया। भुवनेश्वर मेहता ने कहा कि हमने पहले भी मंदिर को जमीन दान में दिया है। मेरा सवा दो डिसमिल जमीन मंदिर के बगल और पीछे में था, जिसे ग्रामीणों एवं विश्व हिन्दू परिषद् पूर्णिया जिला अध्यक्ष पवन कुमार पोद्दार के विशेष आग्रह पर बगैर मुआवजा लिए दान देने का निर्णय लिया है। मंदिर समिति एवं ग्रामीण जब चाहे हमसे रजिस्ट्री केवाला मंदिर के नाम से करा लें। हमारी इच्छा है कि मंदिर का विकास हो और धार्मिक आयोजन के साथ साथ नित्य पूजा अर्चना राग भोग होता रहे। भुवनेश्वर मेहता के जमीन दान देने के




निर्णय के बाद बैठक में उपस्थित लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए भुवनेश्वर मेहता का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि आज भी हमारे समाज में भुवनेश्वर बाबू जैसे धार्मिक लोग हैं जो अपनी लाखों की सम्पत्ति मंदिर को दान में दिया है। विहिप जिला अध्यक्ष पवन कुमार पोद्दार ने कहा कि भुवनेश्वर मेहता धन्यवाद और आभार के पात्र हैं। उन्होंने एक मिशाल कायम किया है। बैठक में उपस्थित लोगों ने भुवनेश्वर मेहता को अंगवस्त्र एवं पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063